वाराणसी, सोमवार, 12 जून, 2023

आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष 9, वर्ष 12, अंक 122, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : इतिहास में सूरजमल की उपेक्षा



अन्दर : बजरंग और साक्षी बोले, 15 जून तक बृजभूषण की गिरफ्तारी नहीं हुई तो फिर करेंगे विरोध-प्रदर्शन

# मोदी की मानव केंद्रित सोच से बदल रहा देश

## उद्देश्य व विशेषताएं विषयक गोष्ठी में बोले विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर

**वाराणसी।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने रविवार को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के मलदहिया स्थित गांधी अध्ययन पीठ में भारतीय विदेश नीति : उद्देश्य व विशेषताएं विषयक गोष्ठी में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मानव केंद्रित सोच से देश में परिवर्तन हो रहा है। पीएम की राष्ट्रवादी विचारधारा ने देश को सशक्त बनाया है। पहले और वर्तमान सरकार की नीतियों में जमीन व आसमान का अंतर है। इसका ही परिणाम है कि पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ रहा है। वसुधैव कुटुंबकम की नीति से पीएम मोदी की ओर पूरे विश्व की उम्मीद भरी नजरे लगी हुई हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि विदेश मंत्री रहते हुए दूसरी बार काशी में आने का सौभाग्य मिला। बीते नौ वर्ष में यहां जितना विकास हुआ है वह पहले कभी नहीं हुआ था। विदेश मंत्री ने कहा कि वर्ष 2020 में जब देश कोरोना महामारी

**गोष्ठी**

### विदेश मंत्री बोले-पीएम की राष्ट्रवादी विचारधारा ने देश को सशक्त बनाया, वाराणसी पहुंचे जी-20 देशों के मंत्री भव्य स्वागत से हुए अभिभूत

### विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती निहारी आज जी-20 देशों के विकास मंत्री खीचेंगे विकास का खाका

की चपेट में आया तो पीएम ने वंदे भारत मिशन चलाकर दूसरे देश व प्रदेश में गए लोगों को सुरक्षित घर भेजा। वैक्सीन बनी तो मैत्री अभियान चलाकर उन देशों का भी सहयोग किया जो विकसित देशों के पड़ोस में थे और वैक्सीन के लिए तरस रहे थे। यही वजह है कि पूरी दुनिया में पीएम मोदी का भव्य स्वागत हो रहा है। कहा कि मुंबई में 26/11 की वारदात हुई लेकिन




भारत की ओर से कोई कठोर कदम नहीं उठाया गया। आज भारत सरकार की विदेश नीति की तुलना करें तो जमीन व आसमान का अंतर स्पष्ट रूप से दिखता है। वर्ष 2015 में यूएन में योग दिवस का प्रस्ताव रखा गया। आज पूरा विश्व 21 जून को योग प्रदर्शन कर रहा है। यह भारतीय संस्कृति की पहचान है। देश में विकास कार्य भी परिवर्तन को आधार दिया है। जनसेवाएं हाइटेक हुई हैं। पहले देश में 77 केंद्रों पर पासपोर्ट बनता था जिसे बनवाने में एक वर्ष भी लग जाते थे। अब पीपीपी मॉडल 540 उपकेंद्र खुल गए है। तीन से चार दिनों में पासपोर्ट बन रहा है। विदेश मंत्री का स्वागत करते हुए भाजपा विदेश संपर्क विभाग के राष्ट्रीय संयोजक विजय चौथाईवाला ने कहा कि आज का भारत इतना मजबूत हो चला है कि विदेश में रहने वाले भारतीयों पर सरकार की छत्रछाया बनी रहती है। यहां के युवाओं के लिए दुनियाभर में नए अवसर खुले हैं।

### काशीवासियों के प्रश्नों का विदेश मंत्री ने दिया उत्तर

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के गांधी अध्ययन पीठ सभागार में आयोजित भारतीय विदेश नीति: उद्देश्य एवं विशेषताएं विषयक आयोजित संगोष्ठी में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सभागार में उपस्थित काशीवासियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर दिया। प्रश्न पूछने वालों में राजीव अग्रवाल, मयंक नारायण सिंह, विशाल गुप्ता, प्रज्ञा राय, रचना दुबे, कुशाग्र कपूर, राहुल मेहता, अनिल अग्रवाल, अनुज डीडवानिया, सोनम चौधरी, राजेश अग्रवाल आदि प्रमुख रहे।

### पीएम मोदी का विशेष वीडियो संबोधन आज

भारत की अध्यक्षता में चल रहे जी-20 समूह के सम्मेलनों के क्रम में सोमवार को हस्तकला संकुल में विकास मंत्रियों की बैठक शुरू होगी। इसकी अध्यक्षता विदेशमंत्री डा. एस जयशंकर करेंगे। बैठक से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष वीडियो संबोधन होगा। इसके बाद मंत्री समूह कूटनीतिक संबंधों को मजबूत बनाने पर चर्चा करेगा। साथ ही तकनीक और सांस्कृतिक विरासत के आदान प्रदान जोर देंगे।

विदेश में रहने वाले भारतीय भी देश के विकास में सहभागी बन रहे हैं। सशक्त भारत के प्रति विश्व में विश्वसनीयता बढ़ी है। आमजन की सुविधाओं में इजाफा हुआ है। ढांचागत विकास ने गति पकड़ी है। संचालन कर रहे सुभाष यदुवंश ने विदेश मंत्री के अब तक के राजनीतिक सफर के साथ ही उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस सफल आयोजन में डॉ. मनोज शाह, (प्रदेश-सह संयोजक, विदेश संपर्क विभाग, भाजपा), अमित अग्रवाल (सहयोगी, विदेश विभाग, भाजपा), रास बिहारी लाल (सहयोगी, विदेश विभाग, भाजपा) व मधुकर चित्रांश, उपाध्यक्ष (वाराणसी महानगर, भाजपा) का संगठन की ओर से आभार जताया गया।

# यूपी के पुलिस कर्मियों को झटका

**लखनऊ।** सेवा में आने के बाद अपना गृह जनपद बदलवाने वाले पुलिसकर्मियों को तबादले में इसका लाभ नहीं। मिलेगा। उनकी चरित्र पंजिका में पुराने गृह जनपद का जिक्र हमेशा बना रहेगा। डीजीपी विजय कुमार ने इस संबंध में सभी विभागाध्यक्षों और कार्यालयाध्यक्षों को परिपत्र भेजा है। इसमें प्रदेश के सभी अराजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के भर्ती के समय अंकित गृह जनपद का पता परिवर्तित किए जाने पर वर्तमान पते के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

परिपत्र में कहा गया है कि किसी भी अफसर या कर्मचारी के भर्ती के समय घोषित गृह जनपद के परिवर्तन के लिए शासन से अनुमति प्राप्त होने के बाद गृह जनपद का पता चरित्र पंजिका के प्रथम पृष्ठ पर अंकित मूल निवास के पते के बाईं तरफ राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित करते हुए नाम, पदनाम एवं दिनांक सहित स्पष्ट हस्ताक्षर किया जाएगा।

संबंधित लिपिक द्वारा भी नाम, पदनाम अंकित करते हुए सुस्पष्ट हस्ताक्षर दिनांक समेत किया जाएगा।

**निराशा**

### तबादले में नहीं मिलेगा इस चीज का लाभ

नाम और पदनाम की मुहर लगाई जाएगी। किसी भी अफसर या कर्मचारी के भर्ती के समय घोषित मूल गृह जनपद का पता रिकॉर्ड से हटाया नहीं। जाएगा, बल्कि भर्ती के समय घोषित मूल गृह जनपद का पता और संशोधित गृह जनपद का पता चरित्र पंजिका में साफ-साफ अंकित रहेगा।

परिपत्र में स्पष्ट किया गया है कि किसी कर्मचारी द्वारा अर्जित संपत्ति या अन्य कारणों से नए स्थान के घोषित पते का लाभ एलटीसी या अन्य शासकीय कार्य से यात्राश् के कारण यात्रा भत्ते के भुगतान में तो मिलेगा, लेकिन स्थायी पता परिवर्तित होने का लाभ कर्मचारी को स्थानान्तरण आदि में नहीं मिलेगा। आरक्षण का लाभ लेकर भर्ती हुए पुलिसकर्मी सेवा में आने के बाद अन्य प्रदेश का स्थाई पता नहीं दर्ज करा सकते, क्योंकि वे भर्ती के समय यूपी के मूल गृह जनपद के आधार पर आरक्षण का लाभ लेकर भर्ती हुए।




# हज हाउस के सामने दर्दनाक हादसा

**दुखद**

### लखनऊ हज हाउस के सामने खड़ी कार में डंपर ने मारी टक्कर, आजमगढ़ के दो युवकों की मौत

**लखनऊ।** लखनऊ हज हाउस के सामने रविवार सुबह खड़ी कार में डंपर की टक्कर से आजमगढ़ निवासी दो युवकों की मौत हो गई। दोनो मुबारकपुर के पुरारानी मुहल्ले से हज पर जा रहे लोगों को छोड़ने के लिए लखनऊ गए थे।

घटना की सूचना घर पहुचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मुबारकपुर के मोहल्ला पुरारानी निवासी हाजी जहीरूल हसन पुत्र स्वर्गीय मुफ्ती अब्दुल मन्नान आजमी अपने पुत्र मोहम्मद



आसिफ (28) और अपनी मां को हज यात्रा पर रवाना करने के लिए लिए फिरोज अनवर (45) पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद अमीन कार से लखनऊ गए थे। आसिफ व फिरोज अपने परिजनों को हज हाउस में छोड़ कर बाहर खड़ी कार में बैठे थे। अलसुबह तीन बजे के लगभग तेज रफ्तार डंपर ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में आसिफऔर फिरोज की मौत हो गई। घटना की सूचना घर पहुचते ही खुशी का माहौल मातम मे बदल गया। परिवार के अन्य लोग लखनऊ रवाना हो गए हैं। मामले की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कनाडा में भारतीय छात्रों के चेहरे पर आई खुशी

**नई दिल्ली।** कनाडा में फर्जी दाखिला पत्रों का उपयोग करके वीजा प्राप्त करने के आरोप में निर्वासित किए जाने के डर से जूझ रहे कुछ भारतीय छात्रों को कनाडा के अधिकारियों से स्थगन आदेश मिला है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। भारत कनाडा के अधिकारियों से निष्पक्षता बरतने और मानवीय दृष्टिकोण अपनाने का कई बार आग्रह कर चुका है क्योंकि छात्र कथित रूप से कुछ एजेंट की धोखाधड़ी का शिकार हुए थे। सूत्रों ने यह भी कहा कि जिन भारतीय छात्रों को कनाडा से निर्वासित किए जाने की आशंका है, उनकी वास्तविक संख्या 700 से कम है। एक सूत्र ने कहा इनमें से ज्यादातर छात्र 2017-2019 के दौरान कनाडा गए थे। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद, उनमें से कुछ ने कार्य अनुमति प्राप्त की, जबकि अन्य ने कनाडा में पढ़ाई जारी रखी। भारत कनाडा और नयी दिल्ली में कनाडा के अधिकारियों के समक्ष इस मामले को उठाता रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी कनाडा के अपने समकक्ष से इस मामले पर बात की थी।



वाराणसी में रविवार को शुरू जी-20 बैठक के बाद गंगा आरती में शामिल हुए विदेशी मेहमान।




### पश्चिम बंगालः राज्य चुनाव आयोग 13 जून को करेगा कानून व्यवस्था पर चर्चा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्य चुनाव आयोग ने 13 जून को सर्वदलीय बैठक बुलाई है, जहां राज्य की वर्तमान कानून व्यवस्था पर चर्चा की जाएगी तथा पंचायत चुनाव के सिलसिले में शिकायतों को सुना जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि राज्य चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा की अध्यक्षता में यह बैठक होगी। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को मंगलवार को इस बैठक के लिए निमंत्रित किया गया है। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा होगी। हम राजनीतिक दलों की शिकायतों एवं मांगों को भी सुनना चाहेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 15 जून होने के कारण यह बैठक बेमतलब होगी। उन्होंने कहा कि चुनाव की तारीखों की घोषणा करने से पहले उसे यह बैठक बुलाना चाहिए था। 15 जून नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख है, ऐसे में मुझे बैठक में विपक्ष जो सुझाव देगा, उन्हें लागू करने का मुझे कोई तरीका नजर नहीं आता।

# शासन-प्रशासन की मिलीभगत से अतीक और जीवा की हत्या

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में रविवार को सपा की तरफ से मेधावियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सपा सांसद डिंपल यादव पहुंची। उन्होंने घर घर जाकर मेधावियों को लैपटॉप देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने यूपी की भाजपा सरकार को घेरा। लखनऊ हाईकोर्ट में संजीव की हत्या को लेकर कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। संसदीय क्षेत्र पहुंची डिंपल यादव ने आईसीएसई, सीबीएसई और यूपी बोर्ड 12वीं के मेधावियों उनके घर जाकर लैपटॉप देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी उनके साथ मौजूद रहे। उन्होंने मेधावियों के माता-पिता से बात करके उन्हें उनके बच्चे की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सांसद अतीक अहमद और संजीव जीवा की हत्याएं शासन और प्रशासन की मिलीभगत से की गई हैं। कहा प्रदेश में शिक्षा स्वास्थ्य और बिजली व्यवस्था में लगातार गिरावट आ रही है। सरकार जनता की समस्याओं को सुनने को तैयार नहीं है। 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा को हराकर जवाब देगी। उन्होंने दिल्ली में आंदोलन पर बैठे पहलवानों की मांगों का समर्थन किया। कहा कि पहलवानों के साथ अभद्रता करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। सांसद ने सपा कार्यालय पर पहुंचकर जनता की समस्याओं को सुना।

**मैनपुरी पहुंची सांसद डिंपल यादव का आरोप**

# संविधान बचाने के लिये सभी आगे आयें

## रामलीला मैदान में सरकार के खिलाफ गरजे अरविन्द केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार के अध्यादेश लाने के निर्णय खिलाफ रविवार को रामलीला मैदान में महारैली करके शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान आप नेताओं ने दिल्ली के संबंध में भाजपा की केंद्र सरकार के रुख को लेकर कड़ी नाराजगी जताई। आप संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल केंद्र सरकार पर जमकर हमलावर रहे।

उन्होंने कहा कि 12 साल पहले हम इसी रामलीला मैदान में भ्रष्टाचार के खिलाफ इकट्ठा हुए थे और आज यहां एक अहंकारी तानाशाह को इस देश से हटाने और तानाशाही को खत्म करने के लिए इकट्ठे हुए है। उस समय भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारा आंदोलन सफल हुआ था। अब वैसे ही देश से तानाशाही को खत्म करने और संविधान को बचाने के लिए शुरू हुए इस आंदोलन को भी जल्द सफलता मिलेगी। उन्होंने एक बार फिर एक राजा की कहानी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अनुभवहीन व हर मोर्चे पर नाकाम करार दिया।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि केंद्र सुप्रीम कोर्ट के आदेश को खारिज करने के लिए जो अध्यादेश लाया है, वह सही है या गलत? इसको समझाने के लिए उन्होंने नेता ही नहीं, बल्कि वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल को बुलाया और उन्होंने इसे बारीकी से समझाते हुए इसे केंद्र सरकार का गलत निर्णय करार दिया है। लिहाजा आज रामलीला मैदान से संविधान को बचाने का आंदोलन शुरू हो रहा है और इस मामले में हमें बहुत जल्दी सफलता मिलेगी। केजरीवाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 11 मई को दिल्ली के लोगों के हक में फैसला दिया, मगर 19 मई को केंद्र सरकार ने अध्यादेश लाकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया। इस तरह देश के अंदर जनतंत्र खत्म हो रहा है, जबकि सप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि जनता सुप्रीम है और केंद्र सरकार का अध्यादेश कहता है कि दिल्ली की जनता नहीं है, बल्कि उपराज्यपाल सुप्रीम है।

**हम होंगे कामयाब**

### कपिल सिब्बल ने अध्यादेश के बारे में बारीकी से समझाते हुए इसे केंद्र सरकार का गलत निर्णय कहा



इस तरह केंद्र सरकार ने दिल्ली की जनता का अपमान किया, जिसे वह बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस अध्यादेश को हम खारिज और सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लागू करवाकर रहेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री व राज्यसभा में निर्दलीय सदस्य कपिल सिब्बल ने दिल्ली सरकार से अधिकार छीनने के केंद्र सरकार के निर्णय को गलत ठहराया था। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के अनुसार नौकरशाह दिल्ली सरकार के प्रति जवाबदेह है, मगर केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वीकार नहीं किया और वह अध्यादेश ले आई। इतना ही नहीं, सेवाओं के मामलों के लिए समिति का गठन किया और समिति में नौकरशाही सीएम से अधिक शक्ति का प्रयोग करेगी। इसके अलावा उपराज्यपाल को अधिकार दिए गए। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि देश और लोकतंत्र खतरे में आ चुका है। इस कारण यह रैली की है। लिहाजा अब जनता को जागना होगा और देश को बचाने के लिए 140 करोड़ जनता को सामने आना पड़ेगा। क्योंकि वर्ष 2024 में मोदी चुनाव जीत गए तो उसके बाद फिर चुनाव नहीं होगा।

# नई मुसीबत में घिरे सांसद बृजभूषण सिंह

**नई दिल्ली।** जब नाबालिग कुश्ती खिलाड़ी ने बृज भूषण शरण सिंह के ऊपर से यौन दुराचार के आरोप वापस ले लिया था, तब ऐसा लगा था कि कुश्ती के इस धुरंधर को अब इस मामले में राहत मिल सकती है। इससे उनके उन दावों को मजबूती भी मिली थी जिसमें उन्होंने कहा था कि इस पूरे विवाद के पीछे राजनीतिक साजिश काम कर रही है, लेकिन जैसे ही कुश्ती कोच जगबीर सिंह ने अपने सामने महिला खिलाड़ियों के साथ यौन दुर्व्यवहार होने की बात की, बृजभूषण की परेशानी एक बार फिर बढ़ गई है।

कानून के जानकार मानते हैं कि यदि कोर्ट ने कुश्ती कोच के इस बयान को संज्ञान में लिया तो बृजभूषण गहरी परेशानी में फंस सकते हैं। इसी बीच हरियाणा की एक किसान पंचायत में किसानों और खापों ने उनकी गिरफ्तारी न होने पर 14 जून को हरियाणा बंद करने का आह्वान कर दिया है। इससे पूर्वांचल के इस कद्दावर नेता के साथ-साथ भाजपा की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। वहीं, बृजभूषण शरण सिंह के मामले में किसानों ने नई रणनीति के साथ मैदान में उतरने का एलान कर दिया है। किसानों ने कहा है कि केंद्र ने 15 जून तक बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ चार्जशीट दायर करने की बात कही है। यदि उनकी गिरफ्तारी नहीं होती है तो वे 14 जून को हरियाणा बंद करेंगे। किसानों की इस अपील को कई खापों और किसान संगठनों का समर्थन प्राप्त है। हरियाणा के बहादुरगढ़ में रविवार को आयोजित एक किसान पंचायत में जनता संसद का आयोजन किया गया। इसके लिए दलाल खाप और भारत भूमि बचाओ संघर्ष समिति ने संयुक्त रूप से निमंत्रण दिया था। जनता संसद की अध्यक्षता दलाल खाप 84 के प्रधान भूप सिंह दलाल ने की। जनता संसद के आयोजक और भारत भूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष रमेश दलाल ने कहा कि किसानों ने यह तय किया है कि वे बेटियों के साथ खड़े रहेंगे। यदि मामले का हल नहीं निकलता है तो वे बंद का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होंगे।

**बैठक**

### गिरफ्तारी न होने पर 14 जून को हरियाणा बंद का आह्वान

### पहलवानों को समर्थन एमएसपी सहित 25 मांगों को लेकर हुई बैठक



### भाजपा सांसद ने किया शक्ति प्रदर्शन

**गोंडा।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बृजभूषण शरण सिंह लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने रविवार को घोषणा करते हुए कहा कि वह 2024 का लोकसभा चुनाव एक बार फिर अपने कैसरगंज निर्वाचन क्षेत्र से लड़ेंगे। भारत की शीर्ष महिला पहलवानों द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना भी कर रहे हैं। बृजभूषण शरण सिंह नरेंद्र मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के अवसर पर उत्तर प्रदेश के गोंडा में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। रैली का आयोजन भाजपा के महासंपर्क अभियान के तहत किया गया था। यह रैली सिंह का शक्ति प्रदर्शन थी, जिसे पहले 5 जून को अयोध्या में की जानी थी। हालांकि सिंह ने अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों का कोई सीधा उल्लेख नहीं किया लेकिन उन्होंने अपनी बात को समझाने के लिए उर्दू में एक दोहे का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा, कभी अश्क, कभी गम, तो कभी जहर पिया जाता है। तब जा कर जमाने में जिया जाता है। ये मिला मुझे मोहब्बत का सिला, बेवफा कह कर मुझे याद किया जाता है। उन्होंने मोदी सरकार के काम की सराहना की और पिछले नौ वर्षों की उपलब्धियों के बारे में बताया। इससे पहले, बृजभूषण ने अपने घर से रैली स्थल तक सैकड़ों कारों के काफिले के साथ रोड शो किया। रैली में सिंह के प्रभाव क्षेत्र के सभी छह लोकसभा क्षेत्रों के लोगों की उपस्थिति थी।

# अखिलेश के ट्वीट पर बीजेपी सांसद की चुनौती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी निवासी राज्यसभा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के ट्वीट पर पलटवार किया है। उन्होंने अखिलेश यादव को खुली चुनौती दे डाली। उन्होंने ट्वीट किया कि अगर अखिलेश वाराणसी सीट जीतकर दिखा दें तो वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे। दरअसल अखिलेश ने यूपी में सपा के 80 सीटें जीतने का बात कही थी। सीतापुर में रविवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा था कि सपा लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत हासिल करेगी। इस पर मैनपुरी जिले के गांव गोपालपुर निवासी राज्यसभा सांसद हरनाथ सिंह ने उन्हें करारा जवाब दिया है। सांसद ने ट्वीट कर लिखा कि उत्तर प्रदेश की 80 सीट पर जीत के दावे तो छोड़ ही दीजिए। आप केवल एक लोकसभा सीट वाराणसी ही जीतकर दिखा दीजिए। लिखा कि ऐसा कर दिया तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा और राज्यसभा की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दूंगा। वह यहीं नहीं रुके उन्होंने कहा कि आपके (अखिलेश यादव) द्वारा पाले पोसे गए माफिया को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ठिकाने लगा दिया है। चुनाव के बाद आपकी पार्टी भी ठिकाने लग जाएगी। सांसद के ट्वीट के बाद मैनपुरी की राजनीति गरमा गई है।



# चंद्रावती में 200 मीटर लंबे पक्के घाट का निर्माण आरंभ



चौबेपुर के निकट चंद्रावती में गंगातट पर पक्का घाट निर्माण व आसपास विकास कार्यों की परियोजना का यह है खाका

जनसंदेश न्यूज

**कवायद**

**शहर से 26 किमी दूर चौबेपुर के निकट जैन समाज के आठवें तीर्थंकर चंद्रप्रभु को समर्पित है 17 करोड़ से अधिक की यह परियोजना**

**चौबेपुर।** जनपद में जैन धर्म ने आठवें तीर्थंकर चंद्रप्रभु स्वामी की जन्मस्थली चंद्रावती स्थित घाट का कायाकल्प आरंभ कर दिया गया है। पर्यटन विभाग की 17.07 करोड़ रुपये की लागत यह परियोजना आगामी वर्ष दिसंबर माह तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। उम्मीद जतायी जा रही है कि गंगातट पर स्थित चंद्रावती के इस प्रोजेक्ट में घाट निर्माण समेत अन्य संबंधित कार्यों के मूर्त रूप लेने के बाद यह स्थल टूरिस्ट प्लेस के तौर पर लोकप्रिय होगा।

वाराणसी-गाजीपुर मार्ग पर चौबेपुर के निकट गंगा किनारे चंद्रावती में जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर चंद्रप्रभु स्वामी ने जन्म लिया था। यहां उनका भव्य मंदिर जैन समाज के लोगों के लिए आस्था का केंद्र है। यहां दिगंबर जैन मंदिर भी है लेकिन गंगा में कटान के चलते यह तीर्थ बदहाल था। शहर से लगभग 26 किमी दूर स्थित चंद्रावती में अब घाट के पुनर्विकास के तहत 200 मीटर लंबा पक्का घाट बनाने का काम इसी माह आरंभ किया गया है। यहां मंदिर का जीर्णोद्धार समेत क्षेत्र को विकसित करने का प्रयास है।

खास यह कि चंद्रावती और घाट को बाढ़ के कटान से बचाने के लिए पत्थरों की दीवार खड़ी की जा रही है। ताकि बाढ़ के दौरान घाट को कोई क्षति न पहुंचे। प्रोजेक्ट को इको फ्रेंडली बनाया जाएगा। यहां टॉयलेट ब्लॉक, पोर्टेबल चेंजिंग रूम, साइनेजेस, पार्किंग, हेरिटेज लाइट, बैठने के लिए पत्थर के बेंच होंगे और पत्थरों की जालीदार रेलिंग लगाने की योजना है। जानकारी के मुताबिक यहां बागवानी भी होगी।

## हॉस्पिटल का भी प्रस्ताव : धनपत



चंद्रावती में घाट के पुनर्विकास का कार्य पिछले दिनों शुरु किया गया

जैन श्वेतांबर तीर्थ सोसायटी के अध्यक्ष धनपत राज भंसाली एवं सचिव सुशील कुमार बुरड़ के मुताबिक जैन सर्किट के प्रमुख केंद्र वाराणसी के चंद्रावती में विकास की दिशा में की गयी यह पहल उत्साहजनक है। जैन मंदिर क्षेत्र में लगभग एक लाख धनफुट सफेद मार्बल के साथ अन्य पत्थर लगाए जाएंगे। साथ ही करीब 45 से 50 एकड़ क्षेत्र में मिनी सिटी भी बसाने का प्रयास है। उनमें शहर जैसी सुविधा उपलब्ध कराएंगे। यहां एक बड़ी धर्मशाला और हॉस्पिटल का भी प्रस्तावित है। धार्मिक दृष्टि से यहां पर देश-विदेश से तमाम श्रद्धालु सालभर आते रहते हैं।

# छोटे उद्योगों के उत्थान के लिए पंजीकरण पर जोर

जनसंदेश न्यूज

**पहल**

**जिला उद्योग केंद्र के उद्यम पोर्टल पर 15 जून तक ऑनलाइन पंजीयन**

**वाराणसी।** प्रदेश सरकार का पूरा जोर सूक्ष्म, लघु और मझोले श्रेणी के उद्योगों के उत्थान पर है। इसके लिए प्रदेश सरकार ऐसे उद्योगों का पंजीकरण करा रही है। पंजीयन कराने के लिए 15 जून तक का समय दिया है। जिला उद्योग केंद्र के उद्यम पोर्टल पर कोई भी उद्यमी ऑनलाइन फॉर्म भरकर पंजीयन ले सकता है। पंजीयन के बाद इन उद्योगों को पहचान मिलेगी। साथ ही उद्यमियों को भी दुर्घटना बीमा और अन्य सभी प्रकार की सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

जिला उद्योग केंद्र की ओर से उद्यम पोर्टल पर पंजीयन बढ़ाने के लिए जिले के औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों से लगातार संपर्क किया जा रहा है। उन्हें योजनाओं में पंजीकृत उद्यमियों को मिलने वाली दुर्घटना बीमा, जीएसटी और अन्य सुविधाओं की जानकारी दी जा रही है। केंद्र के मुताबिक, जनपद में सिर्फ पांच हजार कल-कारखाने ही एमएसएमई श्रेणी में पंजीकृत हैं, जबकि ऐसे उद्योगों की संख्या काफी अधिक है। इन उद्योगों की तरफ से कई प्रकार के टैक्स दिए जाते हैं। बैंकों से ऋण भी लिया जाता है, लेकिन एमएसएमई श्रेणी में पंजीयन नहीं होने के कारण उन्हें कई प्रकार के योजनाओं पर छूट नहीं मिल पाती है। विभाग की मानें तो निर्धारित तिथि तक पांच हजार से अधिक नये सूक्ष्म, लघु और मझोले श्रेणी के उद्योगों के पंजीयन का लक्ष्य रखा गया है।

## संक्षेप

### रोटरी शिवगंगा की विशेष सभा आयोजित



**वाराणसी।** रोटरी क्लब वाराणसी शिवगंगा में मण्डलाध्यक्ष अनिल अग्रवाल के आधिकारिक आगमन पर रविवार, को सायं लहुराबीर स्थित आईएमए. बिल्डिंग में विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्लब की ओर से 5 जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन प्रदान किया गया। मौके पर मण्डलाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि रोटरी शिवगंगा रोटरी फाउण्डेशन में सहयोग के साथ ही समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रही है। इस मौके पर मण्डलाध्यक्ष ने रोटरी फाउण्डेशन में अंशदान देने के लिए सदस्यों को सम्मानित करने के साथ ही 4 नये लोगों को क्लब की सदस्यता प्रदान की। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष आलोक अरोड़ा ने इस वर्ष हुए कार्यों की जानकारी दी। प्रारम्भ में स्वागत संस्थापक अध्यक्ष रविशंकर सिंह ने, अंत में धन्यवाद आनन्द बर्मन ने, मण्डलाध्यक्ष का परिचय अजय पाण्डेय ने, संचालन अम्बरीष निगम ने तथा संयोजन अजय कुमार व गिरीश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर विशाल रस्तोगी, दिलीप गुप्ता, रविनन्दन तिवारी, अश्वनी शाह, योगेश श्रीवास्तव, ज्ञानेश सेठ, विष्णु जैन, गिरीश चन्द्र, रवि सर्राफ, डा. डी.एम. गुप्ता, गोपालजी सेठ, श्यामजी गुप्ता, आलोक जोशी, डा. किशन, संजय कुमार वर्मा, प्रशांत वर्मा आदि उपस्थित थे।

### बाबा का इस साल भी यादव बंधु करेंगे जलाभिषेक

**वाराणसी।** हड़हा स्थित हाटकेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में चंद्रवंशी गोप सेवा समिति के सदस्यों ने प्राचीन ऐतिहासिक यादव बंधुओं की कलश यात्रा व जलाभिषेक के विषय एक बैठक का आयोजन किया गया। चंद्रवंशी गोप सेवा समिति के अध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि सन 1932 से अनवरत जारी इस ऐतिहासिक परंपरा का इस वर्ष भी निर्वहन किया जाएगा। विश्व कल्याण तथा भीषण गर्मी से राहत के निदान तथा हमारा समाज सशक्त हो, भारत देश शक्तिशाली बने के लिए बाबा काशी विश्वनाथ से प्रार्थना की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता दुर्गा सरदार तथा संचालन मनोज यादव व धन्यवाद ज्ञापन विनय यादव ने किया। बैठक में लालजी यादव, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शालिनी यादव, बल्ली सरदार, रामजी यादव, दुर्गा यादव, प्रभाकर, रवि यादव कल्लू', आयुष्मान चंद्रवंशी, श्याम जी यादव, दीपक यादव आदि समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### परीक्षा संबंधी गोपनीय सामग्री का वितरण आज : प्रो. मिश्र

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. सुधाकर मिश्र ने रविवार को बताया कि विश्वविद्यालय परिसर एवं संबद्ध महाविद्यालयों की परीक्षा 16 से 29 जून तक आयोजित होने वाली है। परीक्षाएं निर्धारित किये गये 583 संस्कृत महाविद्यालयों के 357 परीक्षा केंद्रों पर एक साथ आयोजित होने जा रही है। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि 16 जून को होने वाली परीक्षाएं उप्र सहित अन्य प्रदेशों में एक साथ होंगी। उक्त परीक्षाओं के लिये 12 जून से गोपनीय सामग्री का वितरण किया जायेगा। जिला व प्रदेशवार गोपनीय सामग्री प्राप्त की तिथि 12, 13 एवं 14 जून से निर्धारित किये गये समस्त परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्षों को निर्धारित तिथियों में गोपनीय थैला, सादी उत्तरपुस्तिका एवं अन्य सामाग्रियों को प्राप्त करने के लिए विवि परिसर स्थित परीक्षा विस्तार भवन में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

### प्रबंधन समिति में जिपं अध्यक्ष पूनम मौर्या शामिल

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क निधि प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी में जनपद की जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या को शामिल किया गया है। सूबे के मार्गों की योजनाबद्ध ढंग से विकास करने के उद्देश्य से मार्ग विकास नीति के तहत 1998 में गठित मार्ग विकास नीति के अधीन राज्य की सड़कों के रख-रखाव, मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण आदि कार्यों के लिए बनी सड़क निधि का संचालन उत्तर प्रदेश राज्य सड़क निधि प्रबंधन समिति करती है। इसकी कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में वाराणसी से जनप्रतिनिधि के तौर पर पूनम मौर्या को शामिल किया गया है।

### मोबाइल ऐप से किसान अपडेट करें ई-केवाईसी

**चौबेपुर।** जनपद में चल रहे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि संतृप्तीकरण अभियान के तहत रविवार को ढाका में ग्राम पंचायत स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन हुआ। इस मौके पर कई कृषक ई-केवाईसी कराने पहुंचे। कैंप के स्टाफ ने दोहराया कि इस स्कीम में अपने अभिलेख आदि दुरुस्त कराने के लिए कोई भी कृषक स्मार्ट फोन के जरिये ऑनलाइन भी अपना विवरण अपडेट कर सकता है। इसके लिए विभागीय पोर्टल 'पीएमकिसान. जीओआई ऐप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड समस्या का निराकरण करना संभव है। शिविर में स्वामी शरण कुशवाहा, ग्रामप्रधान सुमन देवी, विनोद कुमार निषाद, सत्यनारायण दुबे, लक्ष्मीशंकर, संजय आदि रहे। उधर, हड़ियाडीह में सुभाष झा, धौरहरा में संतोष प्रजापति, बर्थरा खुर्द में नितीश कुमार आदि शिविरों में यजना से जुड़े किसानों की समस्याओं का समाधान किया।

# राम कथा का मुख्यमंत्री को दिया निमंत्रण



श्रीरामकथा आयोजन समिति के सदस्य

**वाराणसी।** हर तीन वर्ष पर लगने वाले अधिकमास (पुरषोत्तम मास) में नाटी इमली पर आयोजित होने वाली श्री पुरषोत्तम मास राम कथा इस बार 18 जुलाई से शुरू हो रही है। वर्ष1988 से शुरू हुई यह कथा अनवरत जारी है। रविवार को श्री पुरषोत्तम मास राम कथा आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर इस बार राम कथा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। समिति के सदस्यों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सहजता के साथ राम कथा में आने का निमंत्रण स्वीकार किया है। मुख्यमंत्री से मिलने वाले लोगों में अशोक सिंह, राजू यादव, उमेश मौर्य, अरुण मिश्र व अभिषेक सिंह शामिल थे।

# इनकम टैक्स रिटर्न भरने पर आसानी से मिलता है लोन

जितेंद्र श्रीवास्तव

**फायदा**

**लोन देने के लिए बैंकर्स मांगते हैं तीन से पांच साल का रिटर्न प्रपत्र**

**सालाना इनकम ढाई लाख से कम है तब भी फाइल करें आईटीआर**

**विदेश यात्रा के लिए वीजा बनवाते समय भी मांगा जाता है यह दस्तावेज**

**वाराणसी।** वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 31 जुलाई तक इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) फाइल करना है। कई लोगों का मानना है कि अगर उनकी सालाना इनकम ढाई लाख से कम है और वो टैक्स के दायरे में नहीं आते हैं तो उन्हें आईटीआर भरने की जरूरत नहीं है, लेकिन ऐसा नहीं है। अगर आप इनकम टैक्स के दायरे में नहीं भी आते हैं, तब भी आपको रिटर्न फाइल करना चाहिए, क्योंकि अगर आप आईटीआर फाइल करते हैं, तो इससे आपको कई फायदे होते हैं। आईटीआर फाइल करने से लोन मिलने में आसानी होती है। इसके अलावा तमाम अन्य सुविधाएं भी मिलती है।

टैक्स विशेषज्ञों की मानें तो आईटीआर आपकी इनकम का प्रूफ होता है। इसे सभी बैंक और एनबीएफसी इनकम प्रूफ के तौर पर स्वीकार करते हैं। अगर आप बैंक लोन के लिए आवेदन करते हैं तो बैंक कई बार आईटीआर मांगते हैं। अगर आप नियमित तौर पर आईटीआर फाइल करते हैं तो आपको बैंक से आसानी से लोन मिल जाता है। इसके अलावा आप किसी भी फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन से लोन के अलावा दूसरी सेवाएं भी आसानी से हासिल कर सकते हैं।

टैक्स विशेषज्ञों की मानें तो अगर आप किसी दूसरे देश में जा रहे हैं तो वीजा के लिए जब आप आवेदन करते हैं तो आपसे इनकम टैक्स रिटर्न मांगा जा सकता है। कई देशों की वीजा अथॉरिटीज वीजा के लिए तीन से पांच साल का आईटीआर मांगते हैं। आईटीआर के जरिए वे चेक करते हैं कि जो आदमी उनके देश में आना चाहता है कि उसका फाइनेंशियल स्टेटस क्या है।

टैक्स विशेषज्ञों की मानें तो अगर आपकी आमदनी से टैक्स काटकर सरकार के पास जमा करा दिया गया है तो आप आईटीआर फाइल किए बिना उसे वापस नहीं पा सकते, भले ही आपकी आमदनी इनकम टैक्स में बेसिक एग्जंप्शन लिमिट के अंदर ही हो।

आपको अगर टैक्स रिफंड क्लेम करना है तो इसके लिए आईटीआर दाखिल करना जरूरी है। आप जब आईटीआर दाखिल करते हैं तो इनकम टैक्स डिपार्टमेंट उसका असेस्मेंट करता है। आपका अगर रिफंड बनता है तो वह सीधे बैंक अकाउंट में क्रेडिट कर दिया जाता है। इतना ही नहीं, आईटीआर रसीद आपके पंजीकृत पते पर भेजी जाती है, जो एड्रेस प्रूफ के रूप में काम कर सकती है। इसके अलावा यह आपके लिए इनकम प्रूफ का भी काम करती है।

**घाटे को कैरी फॉरवर्ड करना रहता है आसान**

टैक्स विशेषज्ञों की मानें तो अगर आप शेयर या म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं और आपको घाटा होता है तो घाटे को अगले साल कैरी फारवर्ड कराने के लिए निर्धारित समय सीमा में इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करना जरूरी है, क्योंकि अगले साल आपको अगर कैपिटल गेन होता है तो यह घाटा इस फायदे से एडजस्ट होगा और आपको लाभ पर टैक्स छूट का फायदा मिल सकता है।

# निष्ठावान, जुझारू कार्यकर्ताओं को मिलेगी नई जिम्मेदारी

**निर्णय**

**समाजवादी पार्टी ने बूथ, सेक्टर एवं जोन प्रभारियों के गठन की खातिर की बैठक**

जनसंदेश न्यूज




**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी की खातिर पूरे प्रदेश में बूथ, सेक्टर व जोन प्रभारियों का नए सिरे से गठन किया जा रहा है। अब बूथ, सेक्टर व जोन प्रभारी पद पर निष्ठावान, जुझारू और संघर्षशील कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। रविवार को अजगरा व शिवपुर विधानसभा के बूथ, सेक्टर व जोन प्रभारियों के गठन के लिए बुलाई गई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

अजगरा विधानसभा की बैठक अटेसुआ स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय और शिवपुर विधानसभा की बैठक सारनाथ रिंग रोड के पास हुई। दोनों ही बैठक में इस बात पर बल दिया गया कि लोकसभा चुनाव में पार्टी को अधिक से अधिक सीट दिलाने के लिए नये संघर्षशील कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जाए। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़ ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पूरे प्रदेश में नए सिरे से बूथ एवं सेक्टर प्रभारियों का गठन किया जा रहा है। पार्टी के प्रति निष्ठावान, जुझारू एवं संघर्षशील कार्यकर्ताओं को यह जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। बैठक में पूर्व सांसद रामकिशुन यादव, विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव, चंदौली जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर, डॉ. उमाशंकर सिंह यादव, आनन्द मौर्या, उमेश प्रधान, भीष्म नारायण यादव, डॉ. रमेश राजभर, मोदी यादव, बाबू लाल यादव, लल्लू प्रजापति, लवकुश पगड़ी, बेचन मौर्य, महेश यादव, दिनेश चौधरी, आनंद यादव, अवधेश कुमार, रमापति राजभर, अभिलाष कुमार, जितेंद्र पटेल, इस्तियाक बल्ली, सुशील यादव, प्रदीप प्रजापति आदि विचार व्यक्त किए।

# मेरी अंखियन की पलकन से...

**गीत संगीत**

**अस्सी घाट पर पूजा बसाक ने गायन से किया भावविभोर**



**वाराणसी।** अस्सी घाट स्थित सुबह-ए-बनारस के मंच पर रविवार को तरुणी कलाकार सुश्री पूजा बसाक का गायन हुआ। उनके साथ वर्षा बसाक (हारमोनियम) करण मिश्र (तबला) पर संगत की। पूजा ने गायन का आरंभ राग गूर्जरी तोड़ी मे विलंबित एकताल में निबद्ध से किया। बंदिश के बोल थे- मेरी अंखियन की पलकन से। इसके उपरांत मध्य तीनताल में निबद्ध बंदिश सुनायी।

बोल थे- माने ना मेरा जिया। साथ मे द्रुत एकताल में निबद्ध लोकप्रिय बंदिश सुनाकर रससिक्त किया बोल थे भोर भई तोरी बाट तकत पिया इसी क्रम में द्रुत तीनताल में निबद्ध तराना भी सुनाया। जिसके बोल थे तनन दीम। गायन का कबीर भजन की भावपूर्ण समापन किया।

बोल थे चदरिया झीनी रे। कलाकार को प्रमाणपत्र कनाडा से आये प्रतिनिधि एंड्रेव्यु स्मिथ ने प्रदान किया। अतिथि को अंगवस्त्रम प्रदान कर डॉ रत्नेश वर्मा एवं डॉ वीरेंद्र प्रताप सिंह ने सम्मानित किया। संचालन डॉ प्रीतेश आचार्य ने किया।

# इंटरनेट व सोशल मीडिया के दौर में भी पुस्तकालयों की अहम् भूमिका



**शुभारंभ**

**ऋषिव वैदिक अनुसंधान वाराणसी में मां सरस्वती पुस्तकालय का उद्घाटन**

**वाराणसी।** पुस्तकालय सिर्फ किताबों और पत्र-पत्रिकाओं के संग्रहण व अध्ययन का जरिया मात्र नहीं हैं, बल्कि इनके माध्यम से देश की सभ्यता, संस्कृति, विरासत, संस्कार आगामी पीढ़ियों तक पहुँचते हैं। पुस्तकालय सभ्य समाज की पहचान होते हैं। इंटरनेट व सोशल मीडिया के इस दौर में विविध प्रकार के ज्ञान, सूचनाओं, स्त्रोतों, आदि के प्रमाणीकरण में भी पुस्तकालयों की अहम भूमिका है। उक्त विचार वरिष्ठ साहित्यकार एवं वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने नव भारत निर्माण समिति के तत्वावधान में आयोजित ऋषिव वैदिक अनुसंधान, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र, शुद्धिपुर, वाराणसी में मां सरस्वती पुस्तकालय का उद्घाटन करते हुए बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये। इस अवसर पर पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बीएचयू वाराणसी में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अपर्णा सिंह की पुस्तक दि पैन मॉडल ऑफ एस्योर्ड कैरियर प्रेडिक्शन्स का विमोचन भी किया। वहीं कवि सम्मेलन में भागीदार युवा कवियों आयुष कश्यप, आशीष, रमाकान्त, अंश गाफिल, सुधांशु रघुवंशी, नीरज नीर को सम्मानित भी किया। नव भारत निर्माण समिति के संयोजक बृजेश ने कहा कि पुस्तकालय हमारे सामाजिक और शैक्षिक जीवन का एक अहम स्थान हैं।

# न्याय पंचायतवार 'मिशन सशक्त काशी' अभियान आज से

जनसंदेश न्यूज

**अच्छी पहल**

**आगामी 30 जून तक चलेगी शासन की योजनाओं से वंचित ग्रामीण क्षेत्र के पात्र दिव्यांगजनों के लिए मुख्य विकास अधिकारी की यह मुहिम**

**वाराणसी।** जनपद में दिव्यांगजनों के लिए 'मिशन सशक्त काशी' अभियान सोमवार से आरंभ होकर आगामी 30 जून तक चलेगा। इसके तहत न्याय पंचायतवार शिविर लगाकर दिव्यांगजनों के पहचान-पत्र, दिव्यांगता सर्टिफिकेट बनाएंगे। साथ ही उन्हें आवश्यकतानुसार कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण देने आदि के लिए कैंप में रजिस्ट्रेशन भी किया जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल की पहल पर यह मुहिम शुरु की जा रही है। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी रामप्रकाश सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए न्याय पंचायतवार लगने वाले शिविरों में विशिष्ट दिव्यांगता पहचान प्रमाण-पत्र से वंचित लोगों का यूडीआईडी कार्ड बनवाया जाएगा। इसके अतिरिक्त दिव्यांगता प्रमाण-पत्र से वंचित लोगों का संबंधित सर्टिफिकेट बनाएंगे।

उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों के जीवन को सुगम बनाने के लिए सहायक उपकरण तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लिए पंजीकरण होगा। रजिस्ट्रेशन के लिए प्रत्येक विकास खंड में न्याय पंचायतवार लगने वाले इन शिविरों में दिव्यांगजनों को चिह्नित करेंगे। उन कैंपों में मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, एडीओ समाज कल्याण एवं पंचायत आदि का भी सहयोग रहेगा।

# धर्म रक्षा प्रदर्शनी का आयोजन 17 जुलाई को



प्रस्तावित धर्म रक्षा प्रदर्शनी की जानकारी देते उद्यमी आरके चौधरी

**बैठक**

**प्रदर्शनी में प्रदर्शित किये जायेंगे ज्ञानवापी के चिह्न**

**वाराणसी।** श्री आदि महादेव काशी धर्मालय मुक्ति न्यास की तरफ से 17 जुलाई को धर्म रक्षा प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। सिगरा स्थित उद्यमी आरके चौधरी के आवास पर रविवार को हुई बैठक में यह जानकारी दी गयी।

बैठक में उपस्थित सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि प्रदर्शनी में 100 चित्रों में ज्ञानवापी में मिले चिह्नों को प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय चुनौतियां एवं समाधान विषय पर संगोष्ठी भी होगी। आयोजक मंडल के सदस्य आरके चौधरी ने कहा कि जनजागरण के उद्देश्य से इसका आयोजन किया रहा है। ज्ञानवापी को लेकर सभी में जो जिज्ञासाएं हैं। उन्हीं जिज्ञासाओं के संबंध में संगोष्ठी में विद्वतजन, विधि विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे। इस कार्यक्रम में श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट अयोध्या के सचिव चंपत राय, साध्वी ऋतंभरा, केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, मथुरा से संत देवकी ठाकुर, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर जैन, हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत राजूदास महाराज, विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल समेत अन्य विशिष्टजन हिस्सा ले रहे हैं। बैठक में ट्रस्ट के महासचिव अनुराग त्रिवेदी, संयोजक डॉ. रामप्रसाद सिंह, संजीव चंद्र त्रिपाठी, प्रशांत अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, अनुपम देवा आदि मौजूद रहे।

# हिस्ट्रीशीटर को हमलावरों ने मारी गोली, घायल

### पुलिस एक नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा कायम कर छानबीन में जुटी

**नंदगंज।** थाना क्षेत्र के सहेड़ी शिवशक्ति ढाबा और पुलिया के बीच हिस्ट्रीशीटर अरविंद यादव को हमलावरों ने गोली मार दी। गोली अरविंद के कान को छूते हुए निकल गई। लेकिन गोली का छर्रा उसके कान में लग गया। जिससे वह घायल हो गया। हमलावार घटना को अंजाम देकर सैदपुर की तरफ फरार हो गए। इधर,गोली की आवाज सुनते ही मौके पर भीड़ जुट गई। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

जहां हालत गंभीर बनी हुई है। थाना क्षेत्र के डिहिया गांव निवासी हिस्ट्रिशीटर अरविंद यादव अपने गांव के ही साथी आशीष के साथ किसी काम से गाजीपुर गया था। वह अपने साथी के साथ बाइक से रात लगभग 8 बजे अपने घर वापस आ रहा था। तभी



हाइवे पर सहेड़ी शिवशक्ति ढाबा और पुलिया के बीच पीछे से एक ही बाइक से तीन लोग आये और समान्तर आकर तमंचा से गोली चला दी। जो बाइक के पीछे बैठे अरविन्द यादव के कान को छूते हुए गोली निकल गई। गोली का छर्रा उनके कान में लगा है। जबकि आशीष को कोई छर्रा नहीं लगा है। पुलिस सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और घायल को इलाज के लिए गाजीपुर मेडिकल कालेज भेजवाया। थानाध्यक्ष कमलेश पाल ने बताया कि घायल के छोटे भाई सत्येन्द्र यादव से मिली तहरीर के अनुसार एक नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

#### घायल अरविंद पर दर्ज है आधा दर्जन मुकदमा

थानाध्यक्ष के अनुसार घायल अरविन्द यादव थाना का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ थाना में 302 के मुकदमा सहित कुल छह मुकदमें पंजीकृत है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अरविन्द यादव अपना बयान भी बार बार बदल रहा है। अरविन्द तथा उसके साथ बाइक चला रहा साथी आशीष द्वारा दिये गये बयान में भी काफी विरोधाभास है। उन लोगों की बातों को सुनकर मामला संदिग्ध लग रहा है। फिर भी मुकदमा लिखकर सच्चाई का पता लगाया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री ने प्रियांजलि यादव को भेजा प्रशस्ति पत्र

**बाराचवर।** आरएस कान्वेंट स्कूल की कक्षा10वीं की छात्रा प्रियांजलि को पीएम नरेंद्र मोदी ने प्रशस्ति पत्र भेजा है। जिसके बाद छात्रा और परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ है। गांव और स्कूल कर्मचारियों की तरफ से बधाईयां मिल रही है। दरअसल, चकबड़ी गांव निवासी प्रियांजलि यादव पुत्री धर्मप्रकाश यादव आर एस कान्वेंट स्कूल की कक्षा 10 की छात्रा है। इसके पिता पेशे से रोजगार सेवक है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा विषयक गोष्ठी में देश विदेश के विभिन्न राज्यों के विभिन्न क्षेत्रो के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा विषयक पर अपना विचार साझा करने का आवाहन किया था। इस कड़ी मे प्रियांजलि यादव ने अपना विचार व्यक किया था, जिससे प्रधानमंत्री काफी प्रभावित हुए। उन्होने प्रियांजलि को अपना हस्ताक्षर युक्त प्रशस्तिपत्र डाक द्वारा भेजकर उसके उज्जव भविष्य की कामना की है। प्रियांजलि की इस बेबाक पटुता अभिव्यक्ति से विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष भीष्मदेव सिंह, प्रबंधक यशवन्त सिंह,प्रधानाचार्य अर्जुन राम पाल, कोआर्डिनेटर अरून शर्मा, समस्त स्टाप सहित शुभचिंतकों ने प्रियांजलि यादव को शुभकामना दी है।

# अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर से टकराकर हाइवे पर पलटी

**लगी आग**

#### हादसे के बाद फोरलेन पर लगा वाहनों का रेला

**गाजीपुर।** वाराणसी फोरलेन हाईवे पर डिवाइडर से टकराकर अनियंत्रित डीसीएम ट्रक पलट गया और उसमें आग लग गई। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया।

मालूम हो कि, शनिवार की देर रात रामपुर माझा थाना क्षेत्र के देवकली बाजार में में वाराणसी - गोरखपुर फोरलेन पर दूध ले जाने वाली खाली डीसीएम डिवाडर से टकरा कर बीच सड़क पर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक में आग लग गई। डीसीएम ट्रक का टायर जल कर धमाका करता रहा। तेज आवाज सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। हालांकि, चालक ने वाहन से कूद कर अपनी जान बचा ली। इधर सूचना मिलते ही रामपुर माझां थानाध्यक्ष संतोष राय फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान फोरलेन के दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। पुलिस आग पर काबू पाने के बाद आवागमन को बहाल कराया। डीसीएम ट्रक दुर्घटना के कारण करीब 45 मिनट तक हाइवे पर दोनो तरफ जाम लगा रहा।



देवकली बाजार स्थित फोरलेन पर दुर्घटनाग्रस्त ट्रक

## संक्षेप

### मानसून का करना होगा इंतजार, गर्मी से राहत के आसार नहीं



**गाजीपुर।** मानसून ने हफ्तेभर की देर से आठ जून को केरल में दस्तक दी है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि जिले में मानसून पहुंचने में अभी 20 दिन और समय लगेगा। फिलहाल गर्मी से राहत के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। अभी तापमान और बढ़ने की आशंका व्यक्त की जा रही है। शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गर्मी का असर आमजन जीवन पर पड़ रहा है। मानसून आने में सात दिन की देर का असर सभी पर पड़ रहा है। गर्मी के कारण एक ओर लोग परेशान हैं तो दूसरी ओर किसानों को धान की नर्सरी खराब होने का डर सता रहा है। गर्मी अधिक होने के कारण बाजार दिनभर सूने रह रहे हैं।

### भगवान श्रीकृष्ण से सीखें मित्रता निभाना

**कथावाचक पंडित कृष्ण गोपाल दास ने श्रीकृष्ण के लीलाओं का किया वर्णन**

**भांवरकोल।** विकास खंड क्षेत्र के कनुवान गांव में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन कथावाचक पंडित कृष्ण गोपाल दास महाराज ने श्रीकृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया। मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मा देवकी को वापस देना सुभद्रा हरण का व्याख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथावाचक नें बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं । उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह श्रीकृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे। सामने सुदामा सखा को देखकर अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया। दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए। श्रीकृष्ण सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। जब जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है। प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं। कथावाचक ने कहा कि जो भी जीव भागवत कथा का श्रवण करता है उसको मोक्ष का रास्ता प्रशस्त हो जाता है। इस अवसर पर मुख्य यजमान रविंद्र नाथ पांडेय , श्रीभगवान पांडेय , श्रीराम पांडेय, नीरज पांडेय, बरमेश्वर पांडेय, हरीश चंद्र पांडेय ,पशु राम लाला सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### 23 गोवंश और तीन वाहन बरामद, तस्कर फरार

**गाजीपुर।** करीमुद्दीनपुर पुलिस ने तीन वाहनों के साथ 23 गोवंश बरामद किया है। वहीं, मौके से तीन गौतस्कर फरार हो गए है। जिनकी तलाश कर रही है।थानाध्यक्ष देवेन्द्र यादव व उ.नि.सुरेश कुमार मौर्य क्षेत्र में अपराध के रोकथाम को लेकर रविवार को चेकिंग अभियान के तहत दुबिहा मोढ़ पर मौजूद थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक बुलेरो गाड़ी से सोनू पुत्र कबड्डु दुल्लहपुर गाड़ी को चला कर आगे आगे लोकेशन दे रहा है और उसके पीछे टाटा योद्धा पिकअप में गोवंश लादकर पप्पू उर्फ अली अहमद पुत्र इकबाल अहमद रसूलपुर व्यवहरा थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़ चला रहा है। उसके पीछे दुसरी पिकअप में गोवंश लादकर बिस्मिल्लाह उर्फ बबलू पुत्र कबड्डु दुल्लहपुर जो मुहम्मदाबाद से बलिया की ओर गोवंश लदी हुई गाड़ियो को बिहार वध के लिए ले जा रहा है। यदि जल्दी किया जाय तो पकड़े जा सकते हैं। गोशाला के आगे करीमुद्दीनपुर तालाब के पास पुलिया पर घेरा बन्दी कर वाहनों को रुकने का इशारा किया तो चालक व अन्य साथी पुलिस को देखकर वाहन रोककर मौके से फरार हो गये। पकड़े गये तीनो वाहनों में कुल 23 राशि गोवंश लदे हुए थे। तीनों वाहन को कब्जा पुलिस में लेकर गोवंश को थाना पर लाकर अन्य विधिक कार्रवाई की गई।

### बाईपास मार्ग बंद होने से यात्रियों की बढ़ीं दुश्वारियां

**गाजीपुर।** वाहनों के लिए बंद किया गया बाईपास मार्ग वाराणसी, गोरखपुर, बलिया जाने वाले यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। सीवरेज लाइन डालने से करीब एक किलोमीटर तक बाईपास मार्ग पर बैरियर लगाकर यातायात को बाधित कर दिया गया है। जिससे यात्रियों को लंका प्राइवेट बस स्टैंड, रोडवेज डिपो और सिटी रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्रियों को अधिक किराया भी देना पड़ रहा है। बीते सप्ताह से वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया है। ऐसे में निजी या सरकारी वाहन की सेवाएं भी प्रभावित हो गई हैं। आस-पास के गांवों से जिला मुख्यालय आने जाने वाले यात्रियों को चार से छह किलोमीटर का चक्कर काट कर आना पड़ रहा है। जिससे आर्थिक चपत भी लग रहा है। राहगीरों की मांग है कि जल्द से जल्द आवागमन बहाल किया जाएं।

### छह वारटियों को पुलिस ने दबोचा

**सेवराई।** गहमर थाना निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस ने कुल 6 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी विभिन्न मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे थे। कोतवाल पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि थाना क्षेत्र में विशेष अभियान चलाते हुए फरार वारंटियों के धरपकड़ की कारवाई की गई । बताया कि गिरफ्तार वारंटियों में अवधेश खरवार पुत्र वशिष्ठ खरवार निवासी दयालपुर लहना थाना गहमर, बालकिशुन यादव पुत्र ईश्वरदेव यादव निवासी बारा थाना गहमर, हरिनारायण कुशवाहा पुत्र जगनरायण कुशवाहा ,देवनारायण कुशवाहा पुत्र रामजी कुशवाहा नि. करहिया, मीठू राम पुत्र बब्बन राम ,पिन्टू पुत्र बब्बन राम निवासीगण गहमर पट्टी पूरब टोला शामिल है।

### अगलगी में झोपड़ियां समेत दो भैसें झुलसीं, एक की मौत

**मरदह।** स्थानीय थाना क्षेत्र के फेफरा गांव में रविवार की शाम अज्ञात कारणों से लगी आग से रमापति राजभर की झोपड़ी जल गयी। झोपड़ी में बाधी गई तीन भैस झुलस गयी और सारा गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया। बगल में स्थित सुभाष राजभर की झोपड़ी आग के चपेट में आने से जल गयी। झुलसी हुई एक भैस की मौत हो गयी। आग बुझाने के दौरान चिंता देवी उम्र 30 वर्ष पत्नी रामधनी राजभर आशिंक रूप से जल गयी। आगलगी की सूचना पर ग्रामीणों ने मौके पर पहुँच कर जब तक आग बुझाई तब तक सारा सामान जलकर नष्ट हो गया।

# झाड़-फूंक के बहाने ओझा ने किया दुराचार

**शर्मनाक**

#### पुलिस मुकदमा कायम कर आरोपी की कर रही तलाश

**जखनियां।** कोतवाली भुड़कुड़ा क्षेत्र के एक गांव की युवती के साथ झाड़ फूंक के बहाने दुराचार का मामला सामने आया है। युवती ने गांव निवासी एक ओझा के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। वहीं युवती को मेडिकल के लिए भेज दिया है।

कोतवाली भुड़कुड़ा क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने गांव के ही एक ओझा पर आरोप लगाया कि वह झाड़-फूंक के बहाने मेरे साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने कोतवाली में रविवार को ओझा के खिलाफ दिए गए तहरीर में बताया कि झाड़-फूंक के लिए अपने पति के साथ गांव के ही एक ओझा के घर गई थी।

जहां उसने मेरे पति को घर से बाहर बैठाया। इसके बाद मुझे अपने एक कमरे में झाड़-फूंक के बहाने ले जाकर दुराचार किया। लाख मना करने के बावजूद वह नहीं माना। दुराचार के बाद पीड़िता ने अपने पति



को सारी जानकारी दी। जिसके बाद पति के साथ थाने पहुंचकर मुकदमा पंजीकृत कराया। प्रभारी निरीक्षक तारावती यादव ने बताया कि पीड़िता के तहरीर के आधार पर ओझा के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। वहीं युवती को मेडिकल के लिए भेज दिया गया है। अभियुक्त की तलाश की जा रही है।

# भाजपा सरकार में गुंडे मवाली जेल के अंदरः चंचल

### मोदी सरकार ने पिछले नौ वर्षों में बेहतर कार्य कर लोगों के जीवन में लाया बड़ा परिवर्तन

**सैदपुर।** भाजपा एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने कहा कि भाजपा सरकार में गुंडे मवाली सभी जेल के अंदर हैं। भाजपा सबका साथ सबका विकास का नारा देकर आम जनमानस में एक भरोसा कायम करने का कार्य कर रही है। जिसके अंतर्गत व्यापारी समाज से लेकर आम जनमानस तक वर्तमान सरकार की गुणगान कर रहा है। रविवार को एमएलसी मुख्य अतिथि के तौर पर सैदपुर भाजपा कार्यालय पर आयोजित सेवा सुशासन और गरीब कल्याण कार्य के नव वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में उक्त बातें कहे।

उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार ने पिछले नौ वर्षों में बेहतर कार्य कर लोगों के जीवन में परिवर्तन ला दिया है। किसान, मजदूर, वंचित तबकों के साथ ही महिलाओं के लिए अनेकों योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जबकि पिछली सरकारें लोगों के जीवन में बदलाव लाने में पूरी तरह असफल रही हैं। चंचल ने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश मंत्री राम तेज पांडे, बृजनंदन सिंह, सुशीला सोनकर, सोमनाथ यादव, शीला सोनकर, दयाशंकर पांडे, ओम प्रकाश राय, प्रवीण सिंह, राजन सिंह, प्रदीप पाठक,अमित सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह व संचालन पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनोज बिंद ने किया।



एमएलसी विशाल सिंह चंचल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान करते भाजपा कार्यकर्ता

#### भाजपा सरकार में एयरपोर्ट का हुआ विस्तार

एमएलसी ने बताया कि सरकार ने आयुष्मान कार्ड, उज्जवला योजना, पेयजल, किसान सम्मान निधि, अटल टनल, वंदे भारत ट्रेन, एयरपोर्ट के विस्तार का कार्य किया। 2014 से पहले 74 एयरपोर्ट थे जो अब 150 से ज्यादा हो चुके है। कहा कि कोविड काल में भारत ने अपने 130 करोड़ लोगों को डबल डोज वैक्सीन लगवाई। साथ ही 100 देशों को वैक्सीन की सप्लाई भी किया। देश में 9300 जन औषधि केंद्र, 23 नए एम्स स्थापित किए गए। शिक्षा के क्षेत्र में नई शिक्षा नीति लागू की गई। सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया, दिव्यंजन को 7 से 21 कैटेगरी में आरक्षण दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष हमेशा ही देश और सरकार के प्रति नकारात्मक सोच रख रहा है, जबकि भाजपा सकारात्मक सोच के साथ विगत नौ वर्षों से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश के विकास में लगी है।

# मिटे पति-पत्नी के मतभेद, बारह परिवारों में लौटीं खुशियां



**गाजीपुर।** परिवार परामर्श केंद्र में बारह दंपतियों के जीवन में फिर खुशियां लौट आई। पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र पर पति-पत्नी में समझौता हो गया और दोनों राजी खुशी से घर गए। दिव्यांशी पत्नी दिनेश राजभर निवासी मधुबन, मलिकपुर थाना बिरनो की शिकायत थी कि उसके पति उसके साथ बिना कारण ही मारपीट करते रहते हैं। अंकिता गोंड पत्नी अरविंद गोंड निवासी दुखुर्शी थाना मरदह की शिकायत थी कि उसके देवर उसके साथ हमेशा छेड़खानी करते रहते हैं। पति से शिकायत करने पर भी वह नहीं सुनते है। रीता देवी पत्नी मनोज बिंद निवासी पहाड़पुर थाना नंदगंज की शिकायत थी कि उसके ससुराल के लोग उसके बच्चे को पीने के लिए दूध ही नहीं देते हैं। आरजू पत्नी नसीम खान निवासी रूई मंडी चौकी रजागंज की शिकायत थी कि उसके पति उसके चरित्र पर हमेशा शंका करते रहते हैं । इमराना बानो पत्नी इफ्तिखार अहमद निवासी पहाड़पुर अतरौली थाना रामापुर मांझा की शिकायत थी कि उसके पति का अवैध संबंध उनकी भाभी से है। आरती पत्नी संदीप निवासी जलालाबाद थाना दुल्लहपुर की शिकायत थी कि जसके पति दहेज के लिए उसके साथ मारपीट करते रहते है। सभी लोगों के मामले में पति और पत्नी को समझाकर विदाई करवाई गई। मौके पर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत कुमार चौधरी, क्षेत्राधिकारी सदर गौरव कुमार, सरदार दर्शन सिंह, विक्रमादित्य मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।

#### पति का पड़ोसन से है अवैध रिश्ता

परिवार परामर्श केंद्र में जमीला खातून पत्नी सद्दाम अंसारी निवासी जंगीपुर की शिकायत थी कि उसके पति का अवैध संबंध पड़ोसन से है। उर्मीला देवी पत्नी मोतीलाल निवासी रोहिली थाना नोनहरा की शिकायत थी कि इसके तवियत खराब होने पर भी पति द्वारा इलाज नहीं करवाया जाता है। पूनम देवी पत्नी दिनेश कुमार निवासी सेवराई थाना गहमर की शिकायत थीं कि उसके पति उसके साथ हमेशा मारपीट करते रहते हैं। केंद्र पर सभी लोगों को समझाकर विदाई करवाई गई। इसी क्रम में ममता विश्वकर्मा, काजल यादव की भी विदाई कराई गई।

## सीएम जन आरोग्य मेले में पहुंचे 109 मरीज

**मरदह।** ब्लॉक के चार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य केन्द्रों पर कुल 109 मरीजों ने परीक्षण परामर्श के साथ निःशुल्क पंजीकरण सहित दवा प्राप्त किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरदह पर डां इमरान मलिक ने 42 मरीजों को देखा। प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र मटेहूँ में डॉ.राजीव गोंड ने 33,प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र पाडेयपुर राधे में डॉ.आसिफ लारी ने 17 तथा प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र अविसहन में डॉ.इमरान उस्मानी ने 17 मरीजों का इलाज किया।

इस प्रकार मेला में कुल 109 मरीजों की जाँच व निःशुल्क दवा वितरण किया गया। जिसमें लीवर के 2, सांस के - 9, उदर के 13, मधुमेह-9, ए.एन.सी.के दो, चर्मरोग 19, हाईपर टेंशन 5, टी.वी. के 3, एनिमिया के एक, अन्य रोगी 48 मरीजों को देखा गया।

# चार दिन से जला पंप कैनाल का मोटर, बेपरवाह अफसर

**बारा।** क्षेत्र के किसानों की समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इस समय किसानों को धान की नर्सरी डालना जरूरी है। वहीं, गहमर पूर्वी पंप कैनाल का मोटर जलने से किसान धान की नर्सरी डालने के लिए परेशान हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि उन्हें गहमर पूर्वी पंप कैनाल से समय पर पानी नहीं मिलता है। पंप कैनाल की उपयोगिता समय पर काम नहीं आती है। चेताया कि यदि जल्द ही पंप कैनाल से पानी नहीं छोड़ा गया तो वे आंदोलन करेंगे। किसान एजाज खां, ओमकार सिंह यादव, जियाउद्दीन खां, शाहनवाज खां, मतलूब खां, सरफराज खां ने कहा कि यह समस्या हर वर्ष आती है, लेकिन इसको लेकर अधिकारी गंभीर नहीं रहते हैं। धान की नर्सरी डालने के समय किसानों को समस्या से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गहमर पूर्वी लिफ्ट कैनाल को बिजली पहले करहिया उपकेंद्र से मिलती थी। सरकार सिंचाई की दुश्वारियों को समझी तो बारा में नए उपकेंद्र का निर्माण हुआ। गहमर पूर्वी पंप कैनाल के लिए स्वतंत्र उपकेंद्र बना दिया गया। बावजूद इसके किसानों को राहत नहीं मिल पा रही है। गहमर पूर्वी पंप कैनाल के दो मोटर में से एक मोटर चार दिन से जला है। इससे गहमर माइनर, बारा माइनर, मिश्रवलिया, प्रतापपुर, पटकवलिया माइनरों से जुड़े खेतों में धान की नर्सरी डालने का काम ठप हो गया है।



**अवर अभियंता सर्वजीत कुमार ने कहा** कि जल्द ही मोटर की मरम्मत कराकर पंप कैनाल से पानी छोड़ा जाएगा।

# बिजली के तारों का मकड़जाल, उपभोक्ताओं का बुरा हाल

**लापरवाही**

#### विद्युत बाधित, लो-वोल्टेज और केबिल जलने का सिलसिला जारी

**नंदगंज।** नंदगंज बाजार के पारस गली में लगे एक ही विद्युत खम्भे से सैकड़ों उपभोक्ताओं को विद्युत कनेक्शन दिया गया है। इसमें कितने वैध तथा कितने अवैध है। यह तो बिजली विभाग के कर्मचारी ही बता सकते है। लेकिन इन कनेक्शनों के मकड़जाल से आये दिन तार का टूटना तथा केबिल जलने का सिलसिला जारी रहता है। जिससे विद्युत बाधित होने के साथ ही लोगों के यहां लो-वोल्टेज की समस्या बनी रहती है।

पारस गली के निवासियों के अनुसार इस गली में तथा अगल बगल नये मकान बनते जा रहे है। इन सभी को ढ़ाई तीन सौ मीटर की लम्बी केबिल से कनेक्शन दिया गया है। विद्युत तार की लोड क्षमता से अधिक कनेक्शन का लोड देने से अक्सर तार गलकर गिरते रहते है। इस गली में किराना तथा रेडीमेड कपड़े की बड़ी बड़ी दुकाने होने के साथ ही बरहपुर गांव के नागरिकों का देर रात तक आवागमन बना रहता है। फलस्वरूप तार टूटकर गिरने से कई बार लोग बिजली की चपेट में आकर बाल बाल बचे है।



एक ही विद्युत खंभे में सैकड़ो घरों में बिजली कनेक्शन के लिए जोड़े गए तार

#### एक ही पोल पर वैध अवैध कनेक्शनधारियों के जुड़े तार

लोगों का कहना है कि विद्युत विभाग एक खम्भा बढ़ाने की जगह अभी भी इसी पोल से कनेक्शन जोड़ता जा रहा है। इस एक खम्भा से विद्युत कनेक्शन की सीमा से अधिक कनेक्शन देने तथा बढ़ते लोड के कारण शाम होते ही खम्भे के पास स्पार्किंग भी होती रहती है। दूसरी तरफ उपभोक्ता भी लो- वोल्टेज की समस्या से जूझते रहते है। कभी कभी तो बल्व की रोशनी डिबरी जैसी हो जाती है। वो तो एलईडी बल्व का जमाना है कि कुछ रोशनी मिल जाती है। बिजली का पंखा सहित अन्य उपकरण तो कुछ घंटो के लिये शो पीस बन जाते है। यदि विभाग द्वारा एक पोल और लगा दिया जाय तो अधिकांश समस्या का समाधान हो सकता है।लेकिन विभाग इस समस्या को जानकर और देखकर भी अनजान बना हुआ है। जबकि इस गली के लोगों विभागीय अधिकारी को कई बार इस समस्या से अवगत करा चुके है।

## चार दिन रहेगी बिजली आपूर्ति ठप

**दिलदारनगर।** दिलदारनगर और चित्रकोनी उपकेंद्र से जुड़े सैकड़ों गांव में चार दिन तक बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। यह जानकारी देते हुए अवर अभियंता तपस कुमार ने बताया कि दिलदारनगर और चित्रकोनी विद्युत उपकेंद्र से जुड़े सैकड़ों गांवों की आपूर्ति चार दिन तक सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि 33 केवी दिलदारनगर लाइन जो 132 केवीए जमानियां से 33/11 केवी दिलदारनगर को सप्लाई आती है जो 12 किमी लंबी लाइन का मेंटेनेंस का कार्य चार दिन तक चलेगा। जिसमें दोनों पोल के बीच में नया पोल लगाया जाएगा। जर्जर तार बदलने का कार्य किया जाएगा। जिसके कारण जमानियां से आने वाली दिलदारनगर और चित्रकोनी उप केंद्र की सप्लाई बाधित रहेगी।

#### बिजली कटौती ने खत्म की नींद, लोग बेहाल

**गाजीपुर।** मौसम के तेवर तल्ख होते ही बिजली कटौती का खेल भी शुरू हो गया है। रात में बत्ती गुल होने से लोग चैन की नींद सो नहीं पा रहे हैं। बिजली विभाग की ओर से की जा रही अघोषित बिजली कटौती से नागरिक परेशान हैं। बिजली जाते ही पंखा और कूलर बंद होने से गर्मी से बेचैन होकर लोग जग जा रहे हैं। उलझन के बीच लोग बिजली का इंतजार करते रहे। रात की कटौती से सबसे दिक्कत गृहिणियों को हो रही है। बातचीत में उन्होंने विभाग के प्रति रोष व्यक्त करते हुए बिजली विभाग पर जनप्रतिनिधियों का भी कोई वश नहीं रह गया है। शहर से लेकर ग्रामीणांचल तक में रात व दोपहर में अघोषित विद्युत कटौती का दौर चल रहा है। शहर को ही लें तो रात साढ़े सात बजे के करीब शहर से लेकर बाजार तक की बिजली गुम रही। ऐसे में लोग मकान की छत व घर के बाहर बिजली आने का इंतजार करते रहे। इतना ही नहीं मध्यरात्रि में भी बार-बार कटौती होने से लोगों को गर्मी व उमस के चलते रतजगा करना पड़ रहा है। दिन में भी कटौती का यही हाल है। बाहर चिलचिलाती धूप और भीतर उमस व गर्मी के चलते सभी परेशान रहे। सबसे अधिक मुश्किल छोटे बच्चों व बुजुर्गों को हो रही है। अघोषित कटौती से उनकी नींद पूरी नहीं हो रही है। इससे बच्चे व बुजुर्ग बीमार होने लगे हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर एसडीओ टाउन ने बताया कि तय रोस्टर में कटौती नहीं की जा रही है। लोकल फाल्ट होने की दशा में विद्युत कर्मी उसे दुरुस्त करने के लिए संबंधित उपकेंद्र से शटडाउन लेते हैं। यह भी बताया कि गर्मी के चलते बिजली की मांग बढ़ी है। इससे कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मर से लो वोल्टेज की समस्या कहीं-कहीं आ रही है।

# रेल यात्री ध्यान दें ...एक बार फिर भदौरा से चलेगी पैसेंजर ट्रेन

**खुशी**

#### रेलयात्री कल्याण समिति के प्रयास से पटना से वाराणसी पैसेंजर ट्रेन का संचालन

जनसंदेश न्यूज

**सेवराई।** रेलयात्री कल्याण समिति के काफी प्रयास के बाद एक बार फिर पटना से वाराणसी जाने वाली पैसेंजर ट्रेन का संचालन शुरू हो गया। इसकी जानकारी होते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।

रविवार को पटना पंडित दीनदयाल मेमू पैसेंजर जैसे ही भदौरा रेलवे स्टेशन पर पहुंची लोगों ने चालक और गार्ड का जोरदार स्वागत किया। गौरतलब है कि, विगत कई माह से पटना से वाराणसी जाने वाली 03298 अप व 03289 डाउन मेमो पैसेंजर ट्रेन का परिचालन बंद कर दिया गया था। जिसको लेकर रेल यात्री कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर सिंह के नेतृत्व में भदौरा, जमानियां शाखा सहित अन्य रेलवे स्टेशन के संगठन पदाधिकारियों द्वारा मंडल रेल प्रबंधक दानापुर डिवीजन को बीते 30 मई 2023 को पत्रक सौंप कर 03298 अप व 03289 डाउन पटना वाराणसी मेमू पैसेंजर ट्रेन को पुनः चलाने का मांग किया गया था।

जिसके क्रम में मंडल रेल प्रबंधक दानापुर द्वारा आश्वासन दिया गया था कि आपके संगठन की मांग को एक सप्ताह के अंदर निराकरण कराने का प्रयास किया जाएगा । 11 जून से पटना से वाराणसी जाने वाली मेमो पैसेंजर ट्रेन अब पटना से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन तक ही चलेगी । रविवार को जैसे ही पैसेंजर ट्रेन अपने निर्धारित समय पर 9:35 बजे भदौरा पहुंची लोगों ने ट्रेन के चालक व गार्ड को मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार किया ।

इस मौके पर ओमप्रकाश सिंह उर्फ टेटा, संजीव सिंह , पंकज गुप्ता, टुनटुन सिंह, जियाउद्दीन खां, नितेश सिंह, उपेन्द्र यादव, सुभाष यादव,रजनीकांत सिंह,अमरेन्द्र सिंह, सूर्यकांत सिंह आदि लोग मौजूद रहे ।



गार्ड को मिठाई खिलाते रेल यात्री कल्याण समिति के सदस्यगण

स्मरण

# इतिहास में सूरजमल की उपेक्षा

**मुनीष त्रिपाठी**



इतिहास का महान योद्धा सूरजमल को इतिहास में उचित स्थान नहीं दिया गया। भरतपुर रियासत के महाराजा सूरजमल कभी कोई युद्ध नहीं हारे। उन्होंने 12 जून 1761 को मुगलों को परास्त कर आगरा और लालकिला पर कब्जा कर लिया था । यह कब्जा दस सालों से ज्यादा समय तक सूरजमल के पुत्र जवाहर सिंह की मृत्यु तक बना रहा । महाराजा के पिता बदन सिंह ने अपने जीवित रहते ही होनहार सूरजमल को शासन की बागडोर दे दी थी। बदन सिंह बेहद धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। उन्होंने अपना अंतिम समय अपने द्वारा बनवाये गए डीग किले में भगवान कृष्ण की भक्ति में गुजारा था। सूरजमल लंबी काठी के थे। युद्ध तो उनके लिये जैसे खेल ही हो । बदन सिंह के कुछ प्रारंभिक युद्धों को छोड़कर सभी युद्ध उन्होंने ही लड़े। ज्यादातर मुगलों के खिलाफ ही लड़े गए । उन्होंने अपने राज्य का विस्तार राजस्थान के भरतपुर, अलवर, मेवात सहित काफी बड़े इलाके में किया था। पश्चिम में राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के कुछ इलाके छोड़ दें तो लगभग पूरा हरियाणा, आगरा, अलीगढ़, खुर्जा, बुलंदशहर , मेरठ तक सूरजमल ने अपनी विजय पताका फहराई थी । पूर्व में फरुर्खाबाद, मैनपुरी, फिरोजाबाद, एटा , इटावा तक सूरजमल का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष नियंत्रण था। सूरजमल के विजय अभियान में उनके लड़ाके साले बलराम सिंह ने कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया था। उन्हीं के नाम पर बल्लभगढ़ बसाया गया है। सही माने में महाराजा ने मुगल सल्तनत को दिल्ली शहर औ? उसके आसपास के थोड़े से इलाके में ही समेट दिया था। मशहूर इतिहासकार यदुनाथ सरकार ने 'डिक्लाइन ऑफ मुगल एम्पायर' और प्रोफेसर कानूनगो ने अपनी किताब 'द हिस्ट्री आफ जाट' में विस्तार से इसका वर्णन किया है। कांग्रेस के दिग्गज और पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह ने भी 'महाराजा सूरजमल' किताब में महाराजा द्वारा मुगलों की आन बान शान के प्रतीक आगरा और किले पर कब्जे करने का वर्णन विस्तार से किया है। जब मराठा सरदार मल्हार होल्कर ने धन के लालच में भरतपुर राज्य के कुम्हेर किले की घेराबंदी की तो किले पर तैनात जाट सैनिकों ने भी गोलियां बरसाई। इसी गोलीबारी में मल्हार होल्कर का पुत्र और अहिल्याबाई के पति खांडेराव होल्कर मारे गये। इस घटना से सूरजमल दुखी हुए और उन्होंने गोलीबारी करने वाले जाट सैनिकों को खरी खोटी सुनाई तथा खांडेराव की मौत पर अफसोस जताते हुए महाराजा सूरजमल ने मल्हार होल्कर को शोकवस्त्र और पत्र भेजा। बड़े अचरज की बात है कि इतिहासकारों ने की इतनी बड़ी घटनाओं को ठीक से दर्ज नहीं किया।

महाराजा सूरजमल के शौर्य और पराक्रम की बात ही निराली थी। 1939 में नादिरशाह ने दिल्ली पर आक्रमण कर भारी लूटमार और तबाही मचायी थी। भरतपुर के राजा बदन सिंह ने एक छोटी सैनिक टुकड़ी लेकर अपने पुत्र राजकुमार सूरजमल को दिल्ली के नागरिकों की रक्षा और राहत कार्य के लिए भेजा । भूख से परेशान दिल्ली के नागरिकों को सूरजमल ने शिविर लगाकर अन्न और दवा मुहैया करायी । जनवरी 1757 में अब्दाली ने दिल्ली पर आक्रमण किया, तब भी दिल्ली के नागरिकों की रक्षा के लिये सूरजमल के बेटे जवाहर सिंह ने अब्दाली की टुकड़ी पर घात लगाकर हमला किया और उसके सैकड़ो सैनिकों को दिल्ली और हरियाणा की सीमा पर मौत के घाट उतार दिया। अब्दाली की विपुल हथियारों से लैस सेना के आगे हमला करने वाले जाट सैनिक बहुत कम संख्या में थे, फिर भी जवाहर सिंह ने यह जोखिम इसलिए उठाया और अब्दाली को दिल्ली से आगे बढ़ने से रोकने की कोशिश की । फिर भी अब्दाली दिल्ली को रौंदते हुए मथुरा की ओर बढ़ा। सूरजमल डीग के अभेद्य किले में रहकर अब्दाली के आक्रमण की आशंका से युद्ध की तैयारी करने में जुट गए। साथ ही जाट राजकुमार जवाहर सिंह को दस हजार की सैनिक टुकड़ी के साथ मथुरा भेज दिया। मथुरा में जवाहर ने जान पर खेलकर अब्दाली के सैनिकों को रोकना चाहा । इस संघर्ष में अब्दाली के लगभग 7,000 सैनिक मारे गए जबकि 5,000 की संख्या में जाट सैनिक मारे गए। अब्दाली जब मथुरा को तबाह करने के बाद भरतपुर राज्य पर आक्रमण करने की तैयारी कर रहा था, उसके सैनिकों ने युद्ध लंबा खिंचने की आशंका के चलते जाट राजा से युद्ध करने से इंकार कर दिया। चौंकाने वाली बात यह थी कि राजस्थान का कोई भी राजा कृष्ण की नगरी मथुरा को बचाने नहीं पहुंचा। पानीपत का युद्ध जनवरी 1761 में मराठों से हुआ था। इस युद्ध में 75 हजार मराठे मारे गए थे और हजारों घायल हुए थे। तब महाराजा सूरजमल ने ही जोखिम लेकर अब्दाली की मौजूदगी की परवाह न करते हुए घायल मराठों तथा उनके साथ आई महिलाओं की न केवल सुरक्षा की बल्कि सूरजमल की रानी किशोरी ने प्रत्येक मराठा को 5 किलो अनाज और दो चांदी के रुपये भी दिए। अब्दाली के खौफ के चलते राजस्थान के किसी दूसरे राजा ने मदद की हिम्मत नही जुटाई। मराठों की पराजय के बाद अब्दाली लंबे समय तक दिल्ली में धन इकट्ठा करने के लिये रुका रहा। सूरजमल ने अब्दाली की मौजूदगी में ही मई में 1761 में आगरा पर आक्रमण कर दिया। लगभग एक माह के कड़े संघर्ष में सूरजमल ने आगरा और किले पर 12 जून 1761 में कब्जा कर लिया। अब्दाली को आगरा पर आक्रमण की सूचना दिल्ली में रहते ही मिली लेकिन वह आगरा आने की हिम्मत नहीं कर सका। उसने अपने लश्कर के साथ अपने वतन अफगानिस्तान जाना ही मुनासिब समझा। जाटों का सफल संघर्ष मुगलों के अत्याचारों के खिलाफ लगभग 100 सालों तक अनवरत चलता रहा। औरंगजेब के समय मथुरा के गोकुल सिंह ने जो चिंगारी जगाई थी, वह मशाल के रूप में सूरजमल औ? जवाहर के समय प्रगट हुई, जिसने मजबूत मुगल साम्राज्य को जर्जर ही नहीं किया बल्कि मुगलों की राजधानी दिल्ली पर भी आक्रमण करने का साहस किया। दिल्ली पर जवाहर की लंबी घेरेबंदी के कारण भूख से तड़प रहे दिल्ली के नागरिकों ने घर से निकल कर जवाहर के आगे आत्मसमर्पण कर दिया । जवाहर ने सबको अभय प्रदान किया।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क - 9412615163)**

# बदलती पीढ़ी में बाल अधिकार और सुरक्षा के प्रश्न

विशेष

**चित्रा माली**



भारतीय समाज में बच्चों के स्वतंत्र अस्तित्व,सम्मान व उसकी स्वतंत्रता पर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है । माता - पिता या परिवार से अलग एक व्यक्ति के रूप में उसकी एक अलग पहचान और अधिकार हो सकते हैं इसकी परवाह कम ही की जाती है । बच्चे के स्वतंत्र और निर्बाध विकास की बात तो दूर की है । बच्चे किसी भी देश का भविष्य होते हैं और अगर भावी भविष्य को उज्ज्वल देखना चाहते हैं तो बच्चों को गरिमामय,सम्मानपूर्ण और स्वतंत्रतापूर्वक विकास के अवसर प्रदान किए जाने आवश्यक है । दो विश्व युद्धों की विभीषिका के बाद मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा 1948 की गई लेकिन इसके भी पूर्व 1924 में राष्ट्र संघ ने बाल अधिकारों की घोषणा जारी की जिससे देश के भविष्य को संरक्षित संवर्धित किया जा सके । संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जारी मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा के अंतर्गत भी संयुक्त राष्ट्र संघ ने विशेष हिदायत दी है कि ह्लबचपन पर विशेष ध्यान और सहायता की आवश्यकता है । बच्चों के विकास और खुशहाली के लिए उसे आवश्यक संरक्षण और सहायता मिलनी चाहिए जिससे वह समाज में अपनी जिम्मेदारी पूर्ण रूप से निभा सकेंह्व। बच्चों को समाज में अपने विशिष्ट व्यक्तित्व के साथ जीने के लिए तैयार किया जाना चाहिए और उनका पालन - पोषण संयुक्त राष्ट्र संघ के घोषणा - पत्र के आदर्शों की भावना शांति,सहिष्णुता, स्वतंत्रता, समानता और परस्पर एकता की भावना के अनुरूप होना चाहिए । मानवाधिकारों के घोषणा - पत्र के अनुच्छेद 24 में प्रत्येक बच्चे को ₹नस्ल,रंग,लिंग,भाषा,धर्म,राष्ट्रीय या सामाजिक मूल,संपत्ति या जन्म पर आधारित किसी भी तरह के भेदभाव के बिना अपने परिवार,समाज और राज्य से संरक्षण के ऐसे साधन प्राप्त करने के अधिकार को मान्यता दी गई है जो उसकी नाबालिग हैसियत के अनुसार आवश्यक है । बच्चे के नाम,पंजीकरण और राष्ट्रीयता प्राप्त करने के अधिकार को भी इस अनुच्छेद में मान्यता दी गई है । बच्चे की देखरेख और शिक्षा संबंधी अधिकार उसके अभिभावकों को दिए गए हैं । 1959 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी बाल अधिकारों की घोषणा की । तदुपरांत 1989 में बाल अधिकारों का अंतरराष्ट्रीय अभिसमय (कन्वेंशन) हुआ तथा उसकी सिफारिशों को 1990 में लागू कर दिया गया । 26 जनवरी 1990 में सत्र के पहले ही दिन 61 राष्ट्रों ने इस बाल अधिकार के अंतरराष्ट्रीय समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए थे । भारत ने 1992 में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए । वर्तमान में इस अंतरराष्ट्रीय समझौते पर विश्व के 193 राष्ट्रों की सरकारों ने हस्ताक्षर कर दिए हैं । बाल अधिकारों के अंतरराष्ट्रीय अभिसमय में 54 अनुच्छेद है जिनमें विविध प्रकार के प्रावधानों को शामिल किया गया हैं । बाल अधिकारों के अंतरराष्ट्रीय अभिसमय में सर्वप्रथम बच्चा किसे माना जाए उसकी उम्र क्या हो इस पर काफी विचार विमर्श के बाद तथा विभिन्न देशों में आंशिक विधिक योग्यता के बाबजूद मानवाधिकारों की दृष्टि से 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को बच्चा/ बालक माना जाएगा । इसी के साथ यह भी तय हुआ कि बाल - अधिकार में प्रत्येक अधिकार की समान हैसियत होगी और किसी एक अधिकार के नाम पर दूसरे किसी अधिकार का अतिक्रमण नहीं किया जा सकेगा । अभिसमय में यह भी माना गया कि बच्चा अधिकारों का सक्रिय भोक्ता है उसे परिवार की संपत्ति की तरह नहीं माना जा सकता है । प्रत्येक बच्चे को प्राकृतिक अधिकार के साथ जीवन के अधिकार,नागरिक,सामाजिक,राजनीतिक और सांस्कृतिक अधिकारों की भी स्वीकृति प्रदान की गई है । प्रत्येक बच्चे का एक नाम और राष्ट्रीयता हो पारिवार संबंधी जानकारी हो इसका भी ध्यान रखा गया है । अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ सूचना प्राप्ति का अधिकार और हानिकारक सूचनाओं से बचाव के अधिकार को भी शामिल किया गया है । सबसे महत्वपूर्ण बात इस अभिसमय की यह है कि इसमें बच्चों के निजता - प्राइवेसी के अधिकार पर भी ध्यान दिया गया है तथा उल्लेख किया गया है कि बच्चे के आत्मसम्मान और प्रतिष्ठा को क्षति नहीं पहुंचाई जा सकती है । बच्चे के विकास के अधिकार में शिक्षा,मनोरंजन, खेलों में भाग लेने व कलात्मक गतिविधियों में सहभागिता करने का और इनके साधन प्राप्त करने का तथा अपने से संबंधित न्यायिक और प्रशासनिक मामलों में भी अभिव्यक्ति का अधिकार का है । इस अधिकार के अंतर्गत ही माता-पिता के तलाक संबंधी मामलों में भी बच्चे की राय ली जाती है । इन सभी अधिकारों में प्राथमिकता बच्चे के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य और संरक्षण को दी गई है और बीमार हो जाने पर स्वास्थ्य सुविधा पाने का भी अधिकार है । बच्चों की खरीद फरोख्त, अपहरण,व्यापर तथा स्वतंत्रता से वंचित न किए जाने सामाजिक सुरक्षा,सामाजिक बीमा और आर्थिक शोषण से मुक्ति के प्रावधान को भी शामिल किया गया हैं । किसी भी बच्चे को उसके माता पिता से जबरन अलग नहीं किया जा सकता है, अवैध रूप से कहीं भी नहीं भेजा जा सकता है तथा वापस आने पर प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता है । शरणार्थी, विकलांग, अल्पसंख्यक व आदिवासी बच्चों के लिए विशेष प्रावधान को स्वीकार किया गया है । किसी भी बच्चे को उसके अधिकारों से वंचित न किया जाए और उनके साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न हो इसकी जिम्मेदारी माता पिता,अभिभाव,राज्य के साथ साथ संपूर्ण मानव समाज व मानव जाति की भी है इसका अभिप्राय यह है कि अगर कोई भी बच्चा अपने अधिकारों से वंचित किया जाता है तो यह पूरे समाज की गैरजिम्मेदारी को प्रदर्शित करता है । इसलिए बच्चों के अधिकारों और उनके हनन के प्रति और सजग होने की आवश्यकता है । बच्चों के अधिकारों और उनकी सुरक्षा और देखभाल को लेकर अभी हाल ही में मदर्स डे पर नेटफ्लिक्स ने एक फिल्म ₹मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे₹ जारी की है । सिनेमाघरों में यह फिल्म मार्च में आ चुकी थी । असीमा छिब्बर निर्देशित यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है जिसमें एक बंगाली माँ देविका (रानी मुखर्जी,असल कहानी की सागरिका चक्रवर्ती) नॉर्वे में बच्चों के पालने के नियमों में फिट नही बैठती क्योंकि नार्वे में चाइल्ड इज फर्स्ट की अवधारणा है जो बच्चों के स्वस्थ और संपूर्ण विकास को अपने मे समाहित किए हुए हैं । नॉर्वे में बच्चों के पालन पोषण के सख्त नियम हैं जिसमें आप बच्चों को हाथ से खाना नही खिला सकते क्योंकि यह हाइजीनिक नहीं है ,बच्चों के पालन पोषण में पति पत्नी दोनों का बराबर योगदान होना चाहिए जबकि भारतीय परिवारों में इस प्रकार की कोई ट्रेनिंग ही नहीं दी जाती है भारत में एक वर्क डिवीजन पूर्व से ही निर्धारित है जिसमे बच्चों के लालन पालन और घर की जिम्मेदारी सिर्फ और सिर्फ महिलाओं की ही है अगर कोई महिला वर्किंग वीमेन है तो वह यह दोहरी जिम्मेदारी संभाल ले या नौकरी से अवकाश ले ले या सामंजस्य न बिठा पाने की स्थिति में नौकरी ही छोड़ दे, इसके अतिरिक्त घर का माहौल सुखद होना चाहिए,घरेलू हिंसा नही होना चाहिए आदि आदि । जबकि भारतीय समाज में घरेलू हिंसा को लेकर कोई गम्भीरता नहीं है पत्नी के साथ मारपीट को सामान्य माना जाता है । बहरहाल यह भारतीय कपल नार्वे में भारतीय खासकर बंगाली तरीके से अपने बच्चों को पालते हैं जो नार्वे के नियमों के अनुरूप फिट नही बैठते नतीजतन देविका के दोनों बच्चों को नार्वे एजेंसी उठा ले जाती है और अपने देश के नियमों के अनुसार पालने के लिए अपने नार्वेयन चाइल्ड वेलफेयर सर्विस संस्था के लोगों के बीच रख लेती है ताकि बच्चों का ठीक से विकास हो सके,लेकिन बंगाली मां के एक दुधमुँहे बच्चे और एक छह साल के बच्चों को वापस पाने के संघर्ष की यह कहानी फिल्म को भारतीय संस्कृति और नार्वे की संस्कृति में भेद को बखूबी बयान करती है और भारतीय संस्कृति के उन पक्षों को बारीकी से सामने लाती है जिन पर हमने कभी ध्यान ही नही दिया या कहें कि हमारे संस्कृति बोध ने कभी इसे समझने के लिए गौण बना दिया है । कहानी में देबिका अपने बच्चों को वापस पाने के लिए दिन रात एक कर देती है और मामले को भारतीय दूतावास में हो रहे नार्वे और भारतीय संस्कृति के बीच होने वाले करार के समय वसुधा कामत (नीना गुप्ता जो भारत की तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के चरित्र में हैं) के सामने लाती है । वसुधा कामत के सहयोग से यह मसला भारत और नार्वे के देशों के बीच संधि के तौर पर सामने आता है और एक संधि के तहत बच्चों की कस्टडी माँ की जगह बच्चों के चाचा को मिलती है और इसका पूरा खर्च नार्वे सरकार उठाती है लेकिन मसला यहीं नही रुकता,पितृसत्तात्मक परिवार से देबिका का विद्रोह फिर से दोनों देशों के मसले को न्यायालय में ले आता है जहां न्याय की लड़ाई में बच्चों की कस्टडी वापस देबिका को मिल जाती है,लेकिन यह कहानी कई प्रश्नों को छोड़ जाती है और कई विमर्शों को शुरू भी करती है । मसलन पिता,सरकार और परिवार के बच्चों के प्रति दायित्वों के प्रश्न हों या घरेलू हिंसा के प्रश्न हों या दो देशों के बीच संस्कृति के प्रश्न हों इन सभी के समाधान माँ के बच्चों के प्रति प्रश्न के सामने छोटे हो जाते हैं लेकिन दर्शकों के सामने अपने अपने दृष्टिकोण से उपस्थित करने में फिल्म की कहानी सफल होती है । असल कहानी में वृंदा करात के प्रयास भी शामिल थे जिन्हें फिल्म में नही दिखाया गया है लेकिन आखिर में जरूर उनका जिक्र एक स्लाइड में किया गया है । देबिका की भूमिका में एक बंगाली महिला के चरित्र में रानी मुखर्जी का इसमें शानदार अभिनय है और हिंदी,अंग्रेजी और बंगाली का मिश्रण उनकी भाषा में बखूबी झलकता है जो उनके अभिनय को और भी सशक्त बनाता है । बहरहाल बात बच्चों के अधिकारों की है जिनकी कोई खास समझ भारतीय परिवारों में तथा समाज में नहीं है जबकि भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों, राज्य के नीतिनिर्देशक तत्वों और मौलिक कर्तव्यों में भी बच्चों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं । नॉर्वे और भारत की कोई तुलना नहीं हो सकती जिसके हजारों तर्क दिए जा सकते हैं लेकिन बच्चों के अधिकारों के प्रति क्या वाकई हम गम्भीर और संवेदनशील है तथा उनकी परवरिश से लेकर शिक्षा तक के प्रश्नों के प्रति क्या गहन चिंतन किया गया है । या फिर हम आज भी माल्थस के जनसंख्यावादी सिद्धांत को मानते हुए लगातार संख्यात्मक वृद्धि किए जा रहे हैं,गुणात्मकता को नजरअंदाज करते हुए । इन प्रश्नों को गम्भीरता से लेने की आवश्यकता है जिससे आने वाले भविष्य को बेहतर बनाया जा सके और भविष्य को लेकर एक उत्साह भी बना रहे ।

**(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार और शोध अध्येता हैं)**

# सावरकर पर फिल्म का टीजर: झूठ का पुलिंदा

सामयिकी

**राम पुनियानी**



देश में दक्षिणपंथी विचाधारा का बोलबाला बढ़ने के साथ ही ऐसी फिल्में बनाई जाने लगी हैं जो लोगों को बाँटतीं हैं, सांप्रदायिक राष्ट्रवाद के नायकों को महिमामंडित करती हैं और कुछ समुदायों को खलनायक के रूप में प्रस्तुत करती है. इनमें पद्मावत, सम्राट पृथ्वीराज, गाँधी विरुद्ध गोडसे, कश्मीर फाइल्स और केरला स्टोरीज शामिल हैं. इनमें से कई विशुद्ध प्रोपेगेंडा फिल्में हैं, जिन्हें कलात्मक स्वतंत्रता की नाम पर जनता को परोसा जा रहा है और कई बहुत अश्लील भी हैं. निमार्ता ऐसी फिल्में बनाने को आतुर हैं क्योंकि उनमें से कुछ स्वयं दक्षिणपंथी विचारधारा में यकीन रखते हैं और कुछ को यह पता है कि वर्तमान सत्ताधारी अपने राजनैतिक लक्ष्यों को हासिल करने के लिए उनकी फिल्मों का प्रचार करेंगे और वे अच्छी कमाई कर सकेंगे.

ऐसी फिल्मों की श्रृंखला की ताजा कड़ी 'स्वातंत्र्यवीर सावरकर' का टीजर गत 28 मई (2023) को जारी किया गया. उस दिन सावरकर का 140वां जन्मदिन था और उसी दिन को नए संसद भवन के उद्घाटन के लिए चुना गया था. यह टीजर केवल 73 सेकंड का है. परन्तु इतने कम समय में भी यह ढेर सारी झूठी और मनगढ़ंत बातें कहता है, जिनका उद्देश्य हिन्दू राष्ट्रवाद के नायक सावरकार का महिमामंडन है. सावरकर आरएसएस में नहीं थे परन्तु उनकी पुस्तक ह्लहिंदुत्व ऑर हू इज ए हिन्दूह्व, संघ का वैचारिक आधार है. चूँकि आरएसएस ने स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा नहीं लिया था इसलिए वह लगातार स्वाधीनता की लड़ाई के ऐसे नकली नायक गढ़ने में लगा रहता है जो उसके राजनैतिक एजेंडा के अनुरूप हों. इस सिलसिले में सावरकर उसे बहुत प्रिय हैं. ऐसा इसलिए क्योंकि अपने जीवन के शुरूआती आधे हिस्से में वे ब्रिटिश-विरोधी क्रन्तिकारी थे. उनके जीवन के इसी हिस्से को उद्धृत करते हुए हिन्दू राष्ट्रवादी उनकी तारीफों के पुल बांधते रहते हैं.

अटलबिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के कार्यकाल के दौरान सन 1998 में संसद भवन में सावरकर के तैलचित्र का अनावरण किया गया था. इस मुद्दे पर जो बहस छिड़ी उसमें उनके जीवन के दूसरे हिस्से पर भी चर्चा हुई, जब वे हिन्दू राष्ट्रवाद के चिन्तक के रूप में उभरे, उन्होंने द्विराष्ट्र सिद्धांत का प्रतिपादन किया और अंग्रेज सरकार का साथ दिया.

अपने शासनकाल में वाजपेयी, सावरकर को भारत रत्न से नवाजना चाहते थे परन्तु इस प्रस्ताव को तत्कालीन राष्ट्रपति के.आर. नारायणन ने खारिज कर दिया. इसके बाद भी अंडमान जेल में सावरकर की नामपट्टिका तो लगा ही दी गई. पिछले नौ सालों से नरेन्द्र मोदी देश पर राज कर रहे हैं और इस दौरान हर साल सावरकर की जयंती खूब जोरशोर से मनाई गई और इस साल, उनकी जयंती पर संसद के नए भवन का उद्घाटन किया गया.

टीजर कहता है कि केवल कुछ ही लोगों ने वास्तविक रूप से ब्रिटिश सरकार के खिलाफ संघर्ष किया और स्वाधीनता संग्राम में शामिल अधिकांश लोग केवल सत्ता के लोभी थे. यह उन सब भारतीय क्रांतिकारियों का अपमान है जो सावरकर की तरह माफी मांग कर सेलुलर जेल से बाहर नहीं आये बल्कि वहीं अपनी जान गंवा दी. यह उन लाखों लोगों का भी अपमान है जिन्होंने 1920 के असहयोग आन्दोलन, 1930 के नागरिक अवज्ञा आन्दोलन, दांडी यात्रा और 1942 के भारत छोड़ो आन्दोलन में भाग लिया. यह भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और उनके जैसे अनेकानेक क्रांतिकारियों का भी अपमान है जिन्होंने अपनी जान हथेली पर रखकर ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई लड़ी. यह नेताजी और उनकी आजाद हिंद फौज का भी अपमान है.

टीजर हमें यह जानकारी भी देता है कि अगर गाँधीजी ने अहिंसा पर जोर नहीं दिया होता तो भारत को 35 साल पहले अर्थात 1912 में ही आजादी मिल गई होती! ऐसा लगता है कि फिल्म की पटकथा का लेखक शायद कल्पनालोक का स्थाई निवासी है. सन 1912 में सावरकर अंडमान जेल में थे, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बालगंगाधर तिलक मांडले जेल में और गाँधी दक्षिण अफ्रीका में थे. यह स्पष्ट है कि अहिंसा ने देश को स्वतंत्र करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों ने भी आगे चलकर कहा कि अहिंसक जनांदोलन ही देश को स्वाधीनता की राह पर ले जा सकता है.

टीजर में यह भी दावा किया गया है कि सावरकर ही खुदीराम बोस, भगत सिंह और नेताजी सुभाषचंद्र बोस के प्रेरणास्त्रोत थी. झूठ की भी कोई हद होनी चाहिए! खुदीराम बोस सन 1908 में 18 साल की उम्र में शहीद हो गए थे. सन 1857 के स्वाधीनता संग्राम पर सावरकर की किताब इसके कई सालों बाद आई. सावरकर स्वयं 1906 से लेकर 1911 तक लन्दन में थे. जहाँ तक भगत सिंह का सवाल हैं, उन्होंने कई अन्य पुस्तकों के साथ-साथ, सन 1857 पर सावरकार की किताब और उनकी एक अन्य किताब 'हिन्दू पद पादशाही' का उल्लेख जरूर किया है परन्तु प्रेरणा स्त्रोत नहीं बल्कि उद्धरण के स्त्रोत के रूप में. भगत सिंह के प्रेरणा स्त्रोत थे गदर पार्टी के नेता करतार सिंह सराभा, जिनकी फोटो वे हमेशा अपने साथ रखते थे और लेनिन, जिनका साहित्य उन्होंने आदि से अंत तक पढ़ा था.

भगत सिंह और सावरकर में कोई तुलना ही नहीं है. सावरकर ने अंग्रेजों से क्षमायाचना की थी और यह भी कहा था कि जिस तरह से ब्रिटिश सरकार चाहे, वे उस तरह से उसकी सेवा करने को तैयार हैं. उन्होंने द्वितीय विश्वयुद्ध में ब्रिटिश सेना को मजबूत बनाने में अपना पूरा योगदान दिया और उन्हें सरकार की तरफ से 60 रुपये प्रति माह की पेंशन भी मिलती थी. जब भगत सिंह को फांसी दी गयी तब सावरकर ने एक शब्द भी नहीं कहा.

कई माध्यमों का इस्तेमाल कर यह अफवाह उड़ाई जाती है कि सुभाषचंद्र बोस ने सावरकर की सलाह पर आजाद हिंद फौज का गठन किया था. इसमें तनिक भी सच्चाई नहीं है. सच तो यह है कि जिस समय आजाद हिन्दू फौज अंग्रेजों से लड़ रही थी उस समय सावरकर ब्रिटिश सेना की मदद कर रहे थे. बोस समग्र राष्ट्रवाद के हामी थे जबकि सावरकर धर्म-आधारित राष्ट्रवाद और द्विराष्ट्र सिद्धांत के पैरोकार थे. बोस सावरकर और जिन्ना दोनों के आलोचक थे. उन्होंने दोनों से अनुरोध किया था कि वे एक साथ मिलकर आजादी की लड़ाई में शामिल हों परन्तु ये दोनों राष्ट्रीय आन्दोलन को कुचलने में अंग्रेजों की मदद करते रहे.

अपने अखबार 'फॉरवर्ड ब्लाक' में एक लेख में बोस ने लिखा था, ह्लसांप्रदायिक विभाजनों पर जोर देकर और सभी मुसलमानों को एक सा बतलाकर हिन्दू महासभा, भारतीय राष्ट्रीयता को अकल्पनीय क्षति पहुंचा रही है...हम श्री सावरकर की खातिर भारत की भलाई में राष्ट्रवादी मुसलमानों के योगदान को नजरअंदाज नहीं कर सकते.

अपनी किताब 'द इंडियन स्ट्रगल' के दूसरे भाग में बोस ने लिखा कि, उस समय जहाँ जिन्ना केवल यह सोच रहे थे कि वे अंग्रेजों की मदद से पाकिस्तान के निर्माण की अपनी योजना को कैसे साकार करें वहीं सावरकर, अंतर्राष्ट्रीय हालात से पूरी तरफ नावाकिफ थे और केवल यह सोच रहे थे हिन्दू किस तरह सैन्य प्रशिक्षण हासिल कर भारत में ब्रिटिश सेना में प्रवेश कर सकते हैं.

फिल्म के टीजर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नेताजी की पुत्री अनीता बोस ने 'द टाइम्स ऑफ इंडियाह्व से कहा, ह्लमहात्मा गाँधी की तरह, नेताजी भी धार्मिक भिन्नताओं के आधार पर लोगों को बांटने के खिलाफ थे. सावरकर के अनुयायी भारत के बारे में नेताजी के दृष्टिकोण का समर्थन करें, न कि उनका उपयोग ऐसे विचारों के प्रचार के लिए करें जो कि निश्चित रूप से उनके नहीं थे.

बहरहाल, इन दिनों भारत की फिल्मी दुनिया दक्षिणपंथी हिन्दू ताकतों के सेवा में जुटी है और विशुद्ध झूठ पर आधारित सावरकर पर फिल्म इसका एक और उदहारण है.

**(लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं)**

## मित्र मुझे माफ करना



मेरे सारे मित्र कुरुक्षेत्र से विदा होते जा रहे हैं/ और मैं निहायत अकेला खड़ा हूँ
दिल्ली मुझे अपने कदमो से रौदती जा रही हैं/और मैं अपने जख्म पर मातम भी नहीं मना पा रहा हूँ
क्या इसी दिन के लिए मैंने खुद को तैयार करके रखा था /कि वो आयेंगें और मेरे घर को/मेरे आसमान को लाल रंग से रंग देंगे
मैं लाख कायर हूँ मित्र ! / मैं तुम्हारे मरने पर/कुछ दिन तक मातम भी नहीं मना पाया
जब तुम अंतिम नींद सो रहे थे /उस दिन मैं जाग रहा था /और देख रहा था
कैसे इतिहास को वो लोग अपने हाथ से धो रहे हैं /मैं कुछ भी नहीं कर पा रहा हूँ /सिर्फ.देखने के सिवाय
जब तुम सो रहे थे /मैं भाग रहा था सड़क पर/ ताकु जल्दी पहुँचू अपनी खबर के पास
मित्र माफ करना मुझे /जब तुम सो रहे थे उस/वक्त मैं सपना देख रहा था
लेकिन एक बात कहूँ मित्र / मुझे गंगा की लहरों पर /तुम्हारे लिए एक कपास का फूल उगाना हैं
इसलिए दिल्ली से आज लड़ रहा हूँ

**- नीतीश मिश्र**

## कर्तव्य पथ पर खड़ा प्रश्न

व्यंग्य

**तीरथ सिंह खरबंदा**



कर्तव्य पथ पर प्रश्न मुँह लटकाए अकेला खड़ा था । मैंने दूर से ही उसे पहचान लिया था । फिर भी निकट जाकर मैं समझना चाहता था कि आखिर माजरा क्या है ? आज इस कर्तव्य पथ पर प्रश्न अकेला क्यों खड़ा है? उसके पास पहुँचकर मैंने पूछा- क्या बात है भाई ? आज ऐसे अकेले इस कर्तव्य पथ पर भला क्यों आ खड़े हुए हो ? क्या इसकी कोई खास वजह है ? प्रश्न दुखी होकर भारी मन से बोला - क्या बताऊँ भाई, मुझे आजकल कोई भी पूछता नहीं है ।

मैंने कहा - भला ऐसा कौन है जो तुम्हें नहीं पूछता ! तुम्हें पूछना तो हमारा हक है और फर्ज भी, यह तो हम सबके हित में है । प्रश्न अत्यंत गंभीर होकर बोला झ्र जिन्हें मुझे पूछना चाहिए वे आजकल हमेशा मुझ से बचने की कोशिश में रहते हैं । जैसे प्रश्न को पूछना कोई गुनाह हो । प्रश्न बहुत निराश दिखाई दे रहा था । उसे देख ऐसा लगा कि जैसे वह अंदर से बुरी तरह टूट चुका था । मैंने कहा - परीक्षा की हर घड़ी में तुम्हारी अच्छी खासी पूछ-परख होती तो है । उसने खिन्न होकर कहा- अभी तो मेरी स्वयं की परीक्षा की घड़ी चल रही है । आजकल मेरे सामने पड़ते ही लोग बगलें झाँकने लगते हैं । मुझ से बचने की हर संभव कोशिश में लगे रहते हैं । मेरी निजता का अधिकार तक मुझ से छीन लिया गया है !

प्रश्न बहुत गंभीर था । उसने कहा - यदि लोग मुझे नहीं पूछेंगे तो फिर भला उन्हें उनके उत्तर कैसे मिलेंगे । इसीलिए आप देख ही रहे हैं, इन दिनों अधिकांश प्रश्नों के उत्तर निरुत्तर हैं । मुझे प्रश्न कुछ कठिन स्वभाव का लगा । मैंने कहा भाई तुम थोड़े सरल क्यों नहीं हो जाते हो ? प्रश्न मुस्कुरा कर बोला फिर तो मेरा अस्तित्व ही संकट में पड़ जाएगा । मैं सिद्धांतों से कोई समझौता नहीं करता । इसीलिए समझदार लोग सोच समझकर ही मेरी बातों के जवाब देते हैं, और जिनके पास कोई जवाब नहीं होता अक्सर वे हमेशा मुझ से बचने की कोशिश में रहते हैं ।

मामला गंभीर था अतः अब मैं स्वयं भी येन-केन प्रकारेण प्रश्न से बचने पर विचार करने लगा । दरअसल प्रश्न की बातों का उत्तर देने में, मैं अपने आप को बहुत असहज महसूस कर रहा था । हालांकि प्रश्न सारे जायज थे । किन्तु जायज प्रश्नों के उत्तर देना अधिक कठिन था । मैं प्रश्नों में से विकल्प की तलाश करने लगा, किन्तु वह प्रश्न तो अनिवार्य था ।

उधर प्रश्न अभी भी कर्तव्य पथ पर ऐसे अडिग खड़ा था जैसे प्रश्न न होकर अंगद का पैर हो । वह अपनी जगह से टस से मस होने को तैयार न था । मैं प्रश्न से बचने की निरंतर कोशिश कर रहा था किन्तु सारे यत्न बेकार हो रहे थे । मैं जितना उससे बचने की कोशिश करता, उतना ही उसमें उलझता चला गया । मैंने मन ही मन निश्चय किया कि अब भविष्य में, मैं भूलकर भी किसी प्रश्न के फेर में नहीं पड़ूँगा और यदि दूर से कहीं कोई प्रश्न खड़ा नजर आ भी गया तो पतली गली से खिसक जाऊंगा ।

दरअसल प्रश्न ने अपने शब्द जाल में मुझे बुरी तरह उलझा लिया था । मैं कर्तव्य पथ पर खड़े असल प्रश्न के सामने असहाय था । उसका कोई भी संतोषजनक उत्तर मेरे पास नहीं था । मुझे मूक देख कर्तव्य पथ पर खड़ा प्रश्न निर्जीव हो वहीं गिर पड़ा । शायद उसके प्राण पखेरू उड़ गए थे ।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं)**

## खुला खत, सांसदों के नाम

**प्रभाशंकर उपाध्याय**



विगत अनेक वर्षों से आपके आग उगलते, उबलते, नफरत फैलाते वक्तव्यों को अनवरत देख-सुन रहा हूं। संसद के नव-भवन के निर्माण से उसके उद्घाटन के अवसर के सारे घटना-क्रम का मूक साक्षी रहा हूं। आपके एक दल ने जब, उस भवन को ताबूत का दर्जा दिया तो मैं, नाजीच मतदाता, ये चिट्ठी लिखने से स्वयं को रोक नहीं सका।

हे जनसेवकों!

आप सब मेरे पसीने की कमाई से भुगतान किए गए विविध करों के बल पर अपना वेतन, पेंशन व भत्ते पा रहे हैं। मैंने अपना सुख-चैन गंवा कर जो आय अर्जित की है, अत्याधुनिक सुविधा संपन्न संसद-भवन भी उसी की बदौलत है। मुर्गी अपनी जान निकाल कर दे रही है और खाने वालों को वो मुर्दा संदूक लग रहा है। प्रश्न यह कि आप उससे कितने दिन बहिष्कृत रह सकेंगे? सत्र संचालन के दौरान क्या आप उसी ताबूत में जाने का बाध्य नहीं होंगे? सोचिए कि उस समय आपको वहां विराजे देख कर हम लोगों के मन में कैसे भाव उमग रहे होंगे? बहिष्कार करने वालो ये भी सोचिए कि संसद भवन लोक को अर्पित किया गया है और आप लोक के प्रतिनिधि हैं। आप लोकार्पण और उससे जुड़े, अनेक विवादों लेकर, शीर्ष अदालत पहुंच गए और शीघ्र सुनवाई का प्रयास किया जबकि वहां पूर्व में दसियों साल से संजीदा जन-मुकदमे लंबित हैं।

हे सभासदों।

मुझ नाचीज ने ही आप लोगों को उस सभा हेतु अपना प्रतिनिधि चुनकर भेजा है, मगर जब आपको मेरे हितों की बातें बिसरा कर सिर्फ अपने सुखों की बढोतरी की चिंता करते देखता हूं तो मेरी चिंताएं बढ जाती हैं। आप महंगाई और बेरोजगारी का मुद्दा सड़क पर तो उठाते हैं किंतु संसद में मौन साध जाते हैं तो आपके दायित्व बोध के प्रति आशंकित हो उठता हूं। आप संविधान और लोक तंत्र की हत्या का शगूफा उड़ाकर हंगामा तो बरपा देते हैं लेकिन सभा भवन में उसकी मयार्दा भी तार तार कर देते हैं। आपको भवन के निर्माण में व्यय राशि जनता के पैसे का अपव्यय तो लगती है किंतु संसद के बेश्कीमती सत्रों के व्यवधान के प्रति आपकी वह फिक्र धुएं में उड़ जाती है। मुझे प्रतीत होता है कि सिर्फ हंगामा खड़ा करना आपका मकसद है, सूरते हाल बदलना नहीं।

हे भद्रजनों!

कभी तनिक विराम लेकर ये भी सोचो कि आपकी इन विद्रूपताओं को देखकर मतदाताओं के मन कितना विद्रूप होता होगा? आप गरिमा के प्रतीक राजदंड थामने को लेकर देश के दो प्रधानों की छवि को बढा-घटा कर आवाम के सम्मुख प्रस्तुत करते हैं। बेहतर है कि ये तुलना आप हम पर छोड़ दें। हम वक्त पर अपना निर्णय दे देंगे। अब, जिसने ये महती राजदंड ग्रहण किया है, यह अकिंचन मतदाता उनसे अपील करता है कि वे अपना राजधर्म निभाएं। इसे राजे-महाराजे तो ग्रहण करते ही रहे और आठवीं सदी के श्रीविरूपाक्ष मंदिर में आशुतोष शिव के साथ नंदी को राजदण्ड के साथ विराजित दशार्या गया है। अतएव, सदा न्यायशील बने रहने और प्रजा के लिए समर्पित भाव को कार्यान्वित करके दिखाएं। वरेण्य सांसदों भी अपील है कि सभा में स्थापित उस राजदंड की गरिमा का ध्यान करते हुए गरिमापूर्ण आचरण एवं संसदीय कार्य के संचालन को प्राथमिकता प्रदान करें। क्या, मैं कल्पना कर लूं कि इस राजदंड के प्रभाव से आगामी संसद अपराधी छवि के सांसदों से मुक्त होगी। आमीन!

**(लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9414045857)**

# पुलिस मुठभेड़ में गोली लगी इनामी गो-तस्कर गिरफ्तार

**कार्रवाई**

### राजगढ़ के जंगल में रविवार की भोर में बिहार का इनामिया बदमाश गिरफ्तार

### स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया भर्ती

जनसंदेश न्यूज



मुठभेड़ के बाद मौके पर टीम

**मीरजापुर।** राजगढ़ थाना पुलिस ने भभुआ बिहार निवासी 25 हजार के इनामिया गौ-तस्कर को गोली मारकर उसके घायल होने पर गिरफ्तार किया। बदमाश और पुलिस के बीच रविवार की सुबह करीब सवा 4 बजे मुठभेड़ हुई। बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी है।

उसे राजगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। मुखबिर की सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने रविवार को प्रातः करीब 4:20 बजे मुठभेड़ में गौ तस्कर को गिरफ्तार किया। राजगढ़ थाना क्षेत्र के राजगढ़ चुनार मार्ग पर स्थित महादेऊवा दरबान जंगल में गौ-तस्कर और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गयी। मुठभेड़ में 25 हजार का इनामिया पशु तस्कर रमेश चौहान पुत्र स्व0 मंगल चौहान निवासी ग्राम रामपुर थाना चांद जिला भभुआ बिहार पकड़ा गया। दोनों ओर से हुई फायरिंग में गोली उसके दाएं पैर में लगी है। गोली लगने के बाद बदमाश बेसुध हो गया। उसके पास से 1 तमंचा 315 बोर 2 खोखा कारतूस, 8400 रूपया व एक मोटर साइकिल बरामद किया गया। इनामिया बदमाश को गिरफ्तार कर सीएचसी राजगढ़ में भर्ती कराया गया है। गौ वंश की तस्करी में लिप्त आरोपी की पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। एसपी संतोष मिश्रा ने बताया कि समाज में अशांति पैदा कर किसी भी तरह के अपराध को अंजाम देने वाले आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ कानून की धाराओं के अनुरूप कठोर कार्रवाई किया जाना तय है। अच्छा है कि वह गैर कानूनी कार्यो से तौबा कर ले। आरोपी को गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम की उन्होंने सराहना की ।

## पुलिस का सायरन सुन बदमाशों ने पकड़ी पतली गली

### दल बल के साथ गश्त पर निकले एसपी, लोगों से वार्ता कर सुरक्षा का दिलाया भरोसा

**मीरजापुर।** जनपद में शांति, सुरक्षा का संदेश लेकर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने पर्याप्त पुलिस बल के साथ पैदल भ्रमण किया। इस दौरान आम जन- मानस को सुरक्षा का एहसास कराया। लोगों से वार्ता कर उनका हालचाल जाना। शनिवार की देर शाम एसपी ने नगर के विभिन्न बाजारों में दल बल के साथ निकले। इस दौरान सड़क पर दुकानदारों, आने-जाने वाले व्यक्तियों एवं आम जन-मानस से वातालर्प कर सुरक्षा का एहसास दिलाया। सड़क पर संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की गहनता से चेकिंग करायी गयी। अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिया। सिविल लाइन तिराहा से गुजरते समय सिटी क्लब में फल और सब्जी के लगे दुकानों पर जाकर लोगों का कुशलक्षेम जाना। कुछ समय पूर्व यही दुकानदार ठेले पर सड़क पर ही दुकान लगाते थे। जिसके चलते अक्सर जाम की नौबत आ जाती थी। अब दुकानदार सड़क पर नहीं बल्कि सिटी के मैदान पर शान से दुकानदारी कर जाम का कारण नहीं बन रहे हैं। पुलिस के सायरन बजाते वाहनों को अपनी ओर बढ़ता देख अराजक तत्वों और शातिर किस्म के लोगों ने गलियों का रास्ता पकड़ लिया। जबकि आम नागरिक अपनी क्रिया में लगा रहा। भ्रमण के दौरान पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी गण शामिल रहे।



सब्जी विक्रेता से वार्ता करते कप्तान

## सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का पालिकाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**जायजा**

### कहा सभी सीवर को प्लांट से जोड़ा जाय

### गंगा में न जाए गंदा पानी, ईओ अंगद गुप्ता ने प्लांट की दी जानकारी

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** नव निर्वाचित पालिकाध्यक्ष श्याम सुंदर ने विंध्याचल स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। ईओ अंगद गुप्ता ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के क्षमता और कार्य से अवगत कराया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष ने सभी सीवर को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ने का निर्देश दिया। कहा की गंगा नदी को निर्मल बनाने के लिए सभी सीवर को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ा जाये। कहा कि इससे सीवर का पानी गंगा नदी में मिलने से रुकेगा।



निरीक्षण करते नपाध्यक्ष व ईओ

स्वच्छ और निर्मल गंगा की मंशा तभी पूर्ण होगी। हमारा कृत्य जब सही होगा तभी सबसे पवित्र मानी जाने वाली गंगा नदी पवित्र, निर्मल और अविरल रहेगी। गंगा नदी को स्वच्छ बनाये रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सूबे की योगी सरकार के बड़े प्रयास से प्रदेश के बड़े नालों को गंगा नदी में रोकने के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ा गया है। बताया कि कुछ माह में शेष बचे नालों को भी जोड़ दिया जायेगा। निरीक्षण के दौरान भावेश शर्मा, कृष्ण कुमार सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## हादसे को दावत दे रहा पेड़

**हलिया।** क्षेत्र के देवरी दक्षिण गांव निवासी शिवनाथ चौरसिया उर्फ बबुंदर चौरसिया ने सड़क किनारे स्थित यूकेलिप्टस के पेड़ को कटवाए जाने हेतु शनिवार को सीएम पोर्टल पर प्रार्थना पत्र दिया है। दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि देवरी दक्षिण गांव के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग के किनारे घर स्थित है। घर के सामने सड़क किनारे वर्षो पुराने यूकेलिप्टस के पेड़ हैं जिसमें एक विशालकाय पेड़ हाल ही में आधा घर की तरफ झुक गया है जो कभी भी घर पर गिर सकता है जिससे जान-माल की सुरक्षा को लेकर खतरा बना हुआ है। पेड़ के घर की तरफ झुकने से घर परिवार की सुरक्षा के लिए हमेशा भय बना रहता है पेड़ के घर पर गिरने से बच्चे तथा परिवार के लोगों के दबने से जान भी जा सकती है। इस संबंध में क्षेत्रीय वन अधिकारी ड्रमंडगंज और ड्रमंडगंज पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर खतरा बन चुके पेड़ को कटवाए जाने के लिए सूचना दी लेकिन वनविभाग द्वारा पेड़ नही कटवाया जा रहा है जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। शिव नाथ चौरसिया ने घर परिवार की सुरक्षा को लेकर सड़क किनारे स्थित यूकेलिप्टस के पेड़ को कटवाए जाने की मांग किया है।

# हाइवा का ब्रेक फेल, चालक और खलासी की मौत

**हादसा**

### कोयला लादकर छत्तीसगढ़ से बिहार जा रहा था हाइवा

### बड़का मोड़ पर फेल हुआ ब्रेक, परिजनों को पुलिस ने दी जानकारी



छतिग्रस्त हाइवा

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित घाटी के बड़का मोड़ पर बीती रात अनियन्त्रित हाइवा खाई में चली गई। ब्रेक फेल होने पर कूदे चालक और खलासी की मौत हो गई। ट्रक छत्तीसगढ़ से कोयला लादकर बिहार जा रही थी। हादसे में मरने वाला हाइवा चालक 25 वर्षीय राजा उर्फ तौसीर खान पुत्र एनुअल खान निवासी केरपा रामदिहरा थाना अमझोर जिला रोहतास व 23 वर्षीय खलासी आजम खान पुत्र जफरूद्दीन निवासी केरपा रामदिहरा थाना अमझोर जिला रोहतास बिहार के रहने वाले हैं।

बताया गया कि रात करीब 3 बजे कोयला लदा वाहन अपनी मंजिल की ओर जा रहा था। बड़का मोड़ उतरते समय उसका ब्रेक फेल हो गया। जिससे वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया। ब्रेक फेल होने पर हाइवा में सवार चालक और खलासी मोड़ से सौ मीटर पहले हाइवा से कूद पड़े। गंभीर चोट लगने से चालक की मौके पर मौत हो गई। जबकि खलासी की उपचार के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। छत्तीसगढ़ से कोयला लादकर चालक बिहार जा रहा था।अचानक ब्रेक फेल होने पर चालक राजा उर्फ तौसीर खान वाहन से कूद गया। इसके बाद खलासी आजम खान ने भी छलांग लगा दिया दोनों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने चालक के शव को कब्जे में लेकर एंबुलेंस की मदद से गंभीर रूप घायल खलासी को उपचार हेतु मंडलीय अस्पताल भेजवाया। वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ से कोयला लादकर बिहार जा रहा हाइवा अनियंत्रित होकर बड़का मोड़ घुमान के पास डिवाइडर से टकरा गया हैं। जान बचाने के लिए चालक खलासी दोनों कूदे थे। चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल खलासी की उपचार के लिए मंडलीय चिकित्सालय ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। हादसे की जानकारी मृत चालक व खलासी के परिजनों को दे दी गई है। कानूनी कार्रवाई किया जा रहा है।

# टेंडर निरस्त, फिर भी हो रही रेलवे स्टैंड पर अवैध वसूली

**यात्रियों को लग रहा है चूना**

### ठेकेदार की गुंडई कहें या विभाग की मिलीभगत

### एसएस और सीएमआई के बयान में है विसंगति

### एक कहते हैं कि नहीं हुआ टेंडर दूसरा कहता है कि टेंडर हो गया जल्द ही मिल जाएगा आदेश

जनसंदेश न्यूज



चौकी पर बैठकर वसूली करते दबंग

**मीरजापुर।** रेलवे स्टेशन मीरजापुर में टेंडर निरस्त होने के बाद भी वाहन मालिकों से अवैध वसूली की जा रही है, विभाग की मिलीभगत कहा जाए या ठेकेदार की गुंडागर्दी। स्टैंड रेलवे स्टेशन पर वाहन ले जाने के बाद आपको पैसा हर हाल में देना पड़ेगा टेंडर निरस्त हो या नहीं इसके लिए जिम्मेदार कौन हैं। यात्रियों को स्टैंड के मालिक द्वारा जबरदस्ती वसूली करने का भी मामला कई दिन से प्रकाश में आया और लगातार इस तरह की घटनाएं देखने और सुनने को मिल रही हैं। अवैध वसूली का नजारा तो यह है कि आप अंदाजा नहीं लगा सकते। टेंडर खत्म होने के बाद भी संचालक के गुंडों द्वारा वाहन मालिकों से अभद्रता की जाती है, और अगर गाड़ी स्टेशन पर पहुंच गई भले भी खड़ी नहीं हो लेकिन आपको पैसा देना ही पड़ेगा। इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक रविंद्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि टेंडर निरस्त हो गया है, जबकि इसी मामले में सीएमआई अकेला यादव से वार्ता की गई तो उनका कहना था कि टेंडर हो गया है लेकिन अभी आदेश नहीं आया है। मामले को लेकर दो अलग अलग बातें दो अधिकारियों द्वारा की जा रही है। मामला कुछ भी हो लेकिन चूना यात्रियों को लग रहा है, आखिर इसके लिए जिम्मेदार कौन हैं। रेलवे स्टेशन के दूसरे द्वार पर जोरों से अवैध वसूली का खेल चल रहा है। इस बारे में अधिकारी क्या कर रहे हैं यह सवाल जनता भी दाग रही है। दूरदराज से आने वाले यात्रियों के साथ जो दुर्व्यवहार हो रहा है आखिर उसके लिए कौन जिम्मेदार है।

### देर रात सड़क पर लड़की के साथ घूम रहे दो संदिग्ध युवकों को पुलिस ने दबोचा

**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार देर रात लगभग 12 बजे सड़क पर लड़की के साथ दो संदिग्ध लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर थाने ले गयी। जहां घंटो पंचायत के बाद वगैर कार्यवाही के मामला रफा - दफा हो गया। बताया जाता है कि देर रात लगभग 12 बजे संतनगर के सिपाही एक चौराहे पर ड्यूटी कर रहे थे कि उसी दौरान एक लड़की के साथ दो लोग गलत तरीके से घूमते हुए दिखाई पड़े। पुलिस पकड़ने का प्रयास की तो बाइक पर लड़की को बैठाकर भागने का प्रयास किये हालांकि बाइक स्टार्ट नहीं हुई तब तक पुलिस पहुँच गयी। पूछताछ करने लगे तो तीनों भाई - बहन का रिश्ता बताने लगे। हालांकि पुलिस को शक हुआ और कड़ाई से पूछताछ किया तो राज खुल गया जिस पर पुलिस पकडकर थाने ले गयी। पूछताछ के बाद लड़की के परिजनों को बुलाया गया। थाने पहुँचे लड़की के परिजन लड़की के प्रेम - प्रसंग के आगे बेबस हो गये जिससे घंटो पंचायत के बाद वगैर कार्यवाही के मामला रफा - दफा हो गया। घटना के सम्बन्ध में थानाध्यक्ष अरविन्द सरोज ने बताया कि रात को लड़की के साथ दो लोगों को संदिग्ध हालात में पकड़ा गया था। तीनों बालिग है वगैर लड़की के तहरीर के कोई कार्यवाही नहीं किया जा सकता।

## पुलिस ने चार शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

**कामयाबी**

### कब्जे से चोरी की सात मोबाइल बरामद

**मीरजापुर।** थाना कोतवाली देहात मीरजापुर पर 9 जून को थाना को0देहात क्षेत्रान्तर्गत निवासी विष्णु कुमार पुत्र भोला व विभव मिश्र पुत्र कमला प्रसाद मिश्र द्वारा मोबाइल चोरी के सम्बंध में लिखित तहरीर दी गई थी। जिसके आधार पर थाना को0देहात पर धारा 379 भादवि व धारा 379 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त चोरी की घटना का संज्ञान लेते हुए प्रभारी निरीक्षक को0देहात को अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा मोबाइलों की बरामदगी के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को उ0नि0 विजय कुमार राय मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपियों कुलदीप सिंह पुत्र बबलू सिंह निवासी घूरहूपुर टाड़ थाना को0देहात मीरजापुर, चन्दन बिन्द पुत्र साधू बिन्द निवासी ईटवा थाना को0देहात जनपद मीरजापुर, राजू बिन्द पुत्र वीलेन्द्र बिन्द व सुदामा बिन्द पुत्र शारदा बिन्द निवासीगण सिरसी बघेल थाना को0देहात जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 02 मोबाइल तथा चोरी की 05 अन्य मोबाइल भी बरामद की गयी। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना को0देहात पर मुकदमां पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेजा गया। उक्त घटना में अपाचे मोटरसाइकिल को अंतर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज की गई।



पकड़े गये चोर

## अवैध खनन कर रहे जेसीबी व चार ट्रैक्टर पर एसडीएम की कार्रवाई

**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के अमोई पुरवा (कचरिया) गांव में शनिवार देर रात अवैध खनन कर रही एक जेसीबी व चार ट्रैक्टर को एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह द्वारा पकड़ कर संतनगर थाना पर सुपुर्द कर दिया गया। क्षेत्र में प्रतिदिन जेसीबी व ट्रैक्टर लगाकर खनन माफियाओं द्वारा अवैध खनन कर महंगे दामों पर मिट्टी बेचने का खेल किया जा रहा है। अवैध खनन से राजस्व का प्रतिदिन लाखों रुपये क्षति किया जा रहा था जिसको देखते हुए एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह शनिवार देर रात लगभग 11 बजे खनन माफियाओं पर नकेल कसने हेतु सड़क पर उतर गये जहां अमोई पुरवा के कचरिया गांव में चल रही जेसीबी व चार ट्रैक्टर को पकड़ लिया जिसके बाद संतनगर पुलिस को मौके पर बुलाकर सुपुर्द कर दिया। मनमानी तरीके से अवैध खनन कर राजस्व की क्षति करने वालों को एसडीएम ने चेतावनी दिया कि वगैर अनुमति व परमिट के खनन करने वालों की खैर नहीं है। खनन माफियाओं के खिलाफ एसडीएम का सख्त रुख देखकर खनन माफियाओं में हड़कम्प मच गया। एसडीएम द्वारा रात में सड़कों पर निकलकर इस कार्यवाही से सभी खनन माफिया सकते में आ गये। इस सम्बन्ध में एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि मिट्टी खनन की सूचना मिली थी मौके पर जाकर देखा तो एक जेसीबी व चार ट्रैक्टर मिट्टी खनन में लगे हुए थे जिनको पकड़कर संतनगर थाने खड़ा कराया गया। साथ ही सीज की कार्यवाही हेतु एडीएम को रिपोर्ट भेजा गया।



रात के अंधेरे में छापेमारी करते एसडीएम

## आज से शुरू होगी जगन्नाथ यात्रा

**मीरजापुर।** जगन्नाथ यात्रा को सफल बनाने के लिए ठाकुर प्रसाद राम जानकी मंदिर ट्रस्ट द्वारा श्री जगन्नाथ यात्रा की बैठक राम जानकी मंदिर गजिया टोला में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जगन्नाथ यात्रा कार्यक्रम के संयोजक बृजेश कुमार गुप्ता और संचालन प्रभारी गौरव उमर ने किया। बैठक के दौरान संबोधित करते हुए कार्यक्रम प्रभारी गौरव कुमार उमर ने बताया कि प्रस्तावित जगन्नाथ यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारी और भगवान जगन्नाथ के भक्त जनसंपर्क कार्यक्रम को शुरू करेंगे। इसी दौरान कार्यक्रम संयोजक ने बताया कि यात्रा को सफल बनाने के लिए लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं, और अब बड़े पैमाने पर भक्तों को आमंत्रण भी किया जा रहा है। साथ ही यात्रा की भव्यता के लिए प्रयास भी शुरू किए जा रहे हैं। बैठक में प्रमुख रूप से राकेश गुप्ता, अमित श्रीनेत, अंकित धवन,हिमांशु सेठ, अंशुमाली मिश्रा, दीपा उमर, उमा बरनवाल, शिवम तिवारी, अरविंद गुप्ता ,गौरव केसरी, विशाल गुप्ता ,अंजनी कुमार ,अलंकार जायसवाल, मृत्युंजय त्रिपाठी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# कछवां-बजहां नाले की समस्या का जल्द होगा निस्तारण

**बोले एमएलसी**

### गंदे नाले के पानी से है जलमग्न किसानों का कई वीघा खेत

जनसंदेश न्यूज

**कछवां।** आदर्श नगर पंचायत के स्वामी अड़गड़ानंद महिला महाविद्यालय में रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा टिफिन पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य श्याम नारायण उर्फ विनीत सिंह रहे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी विधानसभा मझवां द्वारा आयोजित टिफीन पर चर्चा कार्यक्रम में पहुंचे एमएलसी श्याम नारायण उर्फ विनीत सिंह को क्षेत्र पंचायत प्रमुख दिलीप सिंह ने माल्यार्पण कर अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट किया। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कछवां व बजहां गांव की सीमा पर किसानों की सबसे जटील समस्या जिसकी वजह से किसानों की कई बीघा जमीन गंदे नाला के पानी से जलमग्न हो गया है। जिसको कार्यकर्ताओं द्वारा प्रमुखता से पेश किया गया। जिसके समाधान हेतु एमएलसी ने रूपरेखा तैयार करवाने को कहा और जल्द से जल्द समस्या का निस्तारण होने का आश्वासन भी दिया। और क्षेत्र की समस्याओं को हल करने हेतु महीने में एक बार कार्यकर्ताओं की बैठक होना है जिसमें शामिल होने का भी आश्वासन दिया। जिससे कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त रहा। वही कार्यक्रम के समापन के बाद टिफिन पर चर्चा कार्यक्रम के तहत सहभोज का भी आयोजन किया गया। जिसे सभी कार्यकर्ताओं ने सफल बनाया। उक्त अवसर पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं समेत जिले व मंडल के पदाधिकारीगण भी मौजूद रहे।



एमएलसी को मां की प्रतिमा भेंट करते ब्लॉक प्रमुख

## संक्षेप

### भारतीय संस्कृति से ही जुड़ी हैं सबकी जड़ें : डॉ. राजीव



**चुनार।** राष्ट्रीयता के बोध से ही समूहों का संघर्ष खत्म होगा। विशाल भारत संस्थान पूरे देश में मानवीय सम्बन्ध और भावनात्मक रिश्तों को मजबूत करने का अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में प्रत्येक थाना क्षेत्र में हिन्दू-मुस्लिम संवाद केन्द्र की स्थापना की जा रही है ताकि व्यवहारिक स्तर पर हिन्दू-मुसलमानों के बीच होने वाले संघर्षो के कारणों का पता लगाया जा सके। विशाल भारत संस्थान द्वारा अहरौरा के पटीहटा गांव में हिन्दू-मुस्लिम संवाद केन्द्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि विशाल भारत संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 राजीव श्रीगुरुजी ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीपोज्वलन कर किया। इस अवसर पर आयोजित एकता, राष्ट्रीयता एवं अपनी जड़ें विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डा0 राजीव श्रीगुरुजी ने कहा कि विभिन्न धर्म पंथ को मानने वालों को अपनी जड़ों की तलाश शुरु कर देनी चाहिए। सबकी जड़े भारतीय संस्कृति से ही निकली हैं इसलिये हम सभी खून, खानदान, जमीन, जायदाद, पूर्वजों और राष्ट्रीयता से एक हैं। इस दौरान अनाज बैंक के डिप्टी चेयरमैन ज्ञान प्रकाश, मुस्लिम धर्मगुरु अफसर बाबा, हिन्दू-मुस्लिम संवाद केंद्र के समन्वयक शहाबुद्दीन जोसफ आदि सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के राष्ट्रीय परिषद सदस्य डा0 मुकेश श्रीवास्तव ने एवं जिला चेयरमैन राकेश श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### गड़ई प्रणाली के समस्त नहरों का कराया जाए पुनरुद्धार

**जमालपुर।** किसानों की समस्याओं को लेकर रविवार को भारतीय किसान यूनियन की आवश्यक बैठक ग्राम पंचायत बियरही स्थित मौजा भरतपुर में किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से सिंचाई खंड चुनार अंतर्गत बियरही माइनर में टेल तक पानी नहीं पहुंच पाता तथा गड़ई प्रणाली के समस्त नहरों का पुनरुद्धार कराया जाए जिससे टेल तक सिंचाई हो सके। सहकारी समितियों व राजकीय बीज केंद्रों पर उन्नतशील किस्म के बीज उपलब्ध कराया जाए। समस्त सहकारी समितियों पर डीएपी, यूरिया, उर्वरक, पोटाश सहित समस्त राजकीय कृषि रक्षा इकाइयों पर खरपतवार नाशक दवा उपलब्ध कराया जाए। बिक्सी माइनर की पटरी चौड़ीकरण के लिए कार्यदाई संस्था द्वारा किसान के खेत से मनमाने तरीके से मिट्टी निकाला जा रहा है। जिससे किसान के खेत में गड्ढा हो जा रहा है, जो सरासर गलत हैं। पंचायत में हरिद्वार में लगने वाले तीन दिवसीय किसान कुम्भ मेला में अधिक से अधिक संख्या में चलने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। तथा बियरही ग्राम सभा के ग्राम इकाई का गठन किया गया। इस दौरान प्रदेश महासचिव प्रह्लाद सिंह, जिला अध्यक्ष कंचन सिंह फौजी, जिला सचिव पंचम सिंह जिला कार्यकारिणी सदस्य रामचंद्र सिंह, रामबृक्ष सिंह, पूर्वांचल सदस्य राम सूरत सिंह, डा. राम प्यारे सिंह ब्लॉक उपाध्यक्ष महेंद्र घनश्याम, अशोक सल्लू निषाद सभापति आदि किसान गण मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुन्नू प्रजापति एवं संचालन जिला महासचिव वीरेंद्र सिंह ने किया।

### बिजली का तार गिरने से झुलसी महिला, हालत गंभीर

**अहरौरा।** थाना क्षेत्र के ढबही ग्रामसभा अंतर्गत बड़की खोरिया सागहा स्माइल पिंकी के घर के समीप सड़क निर्माण कार्य में मजदूरी का कार्य करने के लिए बिहार प्रांत से आई महिला के ऊपर हाई हाई वोल्टेज तार टूटकर गिर जाने के कारण महिला झुलस गई। जानकारी के अनुसार पूजा कुमारी पुत्री नन्हे उम्र 26 वर्ष निवासी दाउदनगर बिहार अपने गांव के स्थानीय मजदूर साथियों के साथ सड़क निर्माण कार्य में मजदूरी का कार्य करने के लिए अहरौरा थाना क्षेत्र के ढबही ग्रामसभा अंतर्गत बड़की खोरिया सगाहा के समीप मजदूरी का काम करने के लिए आई थी जहां पर रात्रि 8:00 बजे के आसपास पानी लेने के लिए जैसे ही हैंडपंप के समीप पहुंची ऊपर से गुजरे हाई वोल्टेज तार टूट कर अचानक गिर गया। जिससे महिला गंभीर रूप से झुलस गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दिया। अहरौरा चुनार चौराहा स्थित एक प्राइवेट चिकित्सालय में उसका इलाज कराया। पुलिस ने 108 नंबर एंबुलेंस के सहायता से अहरौरा समुदायिक केंद्र इलाज के लिए भिजवाया । जहां पर चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार कर स्थिति नाजुक देखते हुए वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। खबर लिखे जाने तक महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई थी।

### एक दूसरे के साथ पुनः रहने को राजी हुए 8 बिछड़े दम्पति

**मीरजापुर।** प्रोजेक्ट मिलन के तहत परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को मिली बड़ी सफलता, काउंसिलिंग के माध्यम से 08 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में चलायें जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को बड़ी सफलता मिली है। रविवार को जनपद मीरजापुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 08 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुयी काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया। उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे। परिवार परामर्श केन्द्र, मीरजापुर में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान म0नि0 सीमा सिंह, परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी म0उ0नि0 शशि तिवारी, महिला आरक्षी सपना तथा सदस्यगण निर्मला राय, डा0 कृष्णा सिंह, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### धमकी देने वाले पर किया कार्रवाई की मांग

**लालगंज।** स्थानीय विकासखंड में खंड में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के खंड प्रबंधक के पद पर कार्यरत विनोद कुमार तिवारी ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर धमकी देने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। लालगंज थाने में दिए गए तहरीर में उल्लेख किया गया है कि आजीविका मिशन कार्यालय में शुक्रवार को थाना क्षेत्र के सेमरी कला गांव निवासी एक युवक ने मां बहन की भद्दी भद्दी गाली गलौज देते हुए मुझे मारने की धमकी दी। तहरीर में बताया गया कि युवक की कोटे की दुकान को लेकर हाई कोर्ट में मामला लंबित है। उससे संबंधित फाइलें की व मांग करते हुए इंकार करने पर जान माल की धमकी दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ज्ञानु प्रिया का कहना है कि तहरीर की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### मारपीट में तीन घायल

**जिगना।** विन्ध्याचल थाना क्षेत्र के कोलाही गांव में हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। विन्ध्याचल थाना के गैपुरा चौकी क्षेत्र के कोलाही निवासी ताराचंद पुत्र स्व सरजू बिंद जमीन में निर्माण करना चाहते थे कि उनके भाई लछनधारी मौके पर पहुंच कर विरोध किया और मारपीट शुरू हो गई। जिसमें एक पक्ष से लछनधारी बिंद 50 पुत्र स्व सरजू बिंद तथा दूसरे पक्ष से ताराचन्द 52 पुत्र स्व सरजू बिंद तथा राकेश पुत्र धनराज 35घायल हो गए। घायलों इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विन्धाचल भेजा गया। जहाँ से मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। लछनधारी की हालत गम्भीर होने पर ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष अतुल कुमार राय ने बताया कि जमीनी विवाद में दोनो पक्षों में मारपीट हुई है दोनों एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है।

### टीएससीटी की सदस्यता ग्रहण कराने पर दिया जोर

**मीरजापुर।** टीएससीटी ब्लॉक इकाई पहाड़ी की बैठक टी एस सी टी ब्लॉक संरक्षक गौरी शंकर सिंह के आवास पर हुई। बैठक में दिवंगत शिक्षकों के परिवार को हो रहे सहयोग के बारे में चर्चा किया गया, जिसमें पहाड़ी ब्लाक के ब्लॉक संयोजक मिथिलेश यादव ने समस्त शिक्षक से अपील किया कि दिवंगत साथियों के परिवार को अपना सहयोग अवश्य करें तथा जो शिक्षक अभी तक टी एस सी टी से नहीं जुड़ पाए हैं उन्हें शत प्रतिशत टी एस सी टी की सदस्यता ग्रहण कराया जाए और ऑन लाइन सहयोग के बारे में उन्हें जानकारी कराया जाय ताकि सभी दानवीर साथी खुद से अपना सहयोग कर सकें। यदि कोई समस्या आती है तो उसका समाधान किया जाए। इस अवसर पर ब्लॉक इकाई टीम के ब्लॉक संयोजक मिथिलेश यादव, गौरि शंकर सिंह, दिवाकर गुप्ता ,शांतानंद, कौशल प्रजापति, आनंद कुमार दुबे आदि उपस्थित रहे।

### रक्तदान रैली का आज होगा आयोजन

**मीरजापुर।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में कल 12 जून सोमवार को नगर के मध्य रक्तदान जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा हैं। रैली का उद्देश्य आम जनमानस को रक्तदान के लिए प्रेरित करना है। यह रैली प्रातः 9 बजे जिला मण्डलीय चिकित्सालय ब्लड बैंक के से रैली प्रस्थान करते हुए संकट मोचन मन्दिर, साईं बाबा मंदिर, ओलियर घाट, घण्टाघर चौराहा, पक्की सरायं, पेहटी चौराहा, गिरधर चौराहा, खजांची का चौराहा होते हुए पुनः संकट मोचन के रास्ते मण्डलीय चिकित्सालय में समाप्त होगा। मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डॉ आर. बी. कमल झंडी दिखाकर रैली को रवाना करेंगे।

### अनुरक्षण कार्य के दौरान प्रभावित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**अदलहाट।** विद्युत 132 साहूपूरी-चुनार एवं नारायनपुर-चुनार पारेषण लाईन पर नौ से पंद्रह जून तक सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक अनुरक्षण कार्य किया जायेगा। जिसमें विद्युत उपकेंद्र चुनार से निकलने वाले 33 केवी ग्रामीण पोषकों की विद्युत आपूर्ति आंशिक रुप से प्रभावित हो सकती है। उक्त जानकारी अधिशासी अभियंता साहूपुरी ने दी।

# उपसा के सीईओ, डीएम एवं डीएफओ को एनजीटी ने किया तलब

**मामला**

### कैमूर वन्य जीव क्षेत्र के अंतर्गत लोढ़ी में टोल प्लाजा निर्माण का मामला

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता याचिकाकर्ता आशीष चौबे ने बताया की सेंचुरी एरिया के अंतर्गत लोढ़ी में बनाए गए टोल प्लाजा के मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने 22 अगस्त को मुख्य कार्यकारी अधिकारी उत्तर प्रदेश राज्य राजमार्ग प्राधिकरण उपसा, जिलाधिकारी और डीएफओ सोनभद्र को वक्तिगत रूप से कोर्ट में अपीयर हो कर मामले की जानकारी देने का आदेश दिया है।

याचिका कर्ता ने बताया की नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा सात सितंबर 2022 में जारी अपने आदेश में एक कमेटी बना कर रिपोर्ट मंगाई थी। जिसमें यह स्पष्ट हो गया है की टोल प्लाजा एवम आवासीय इलाका कैमूर वन्य जीव क्षेत्र में स्थापित है एवम निर्माण कार्य ले आउट प्लान के अनुसार सही प्रतीत नहीं होता है। तथा कैमूर वन्य जीव क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधि करने से पूर्व नियमानुसार संबंधित विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने का भी कोई अभिलेख नहीं पाया गया है। यह तथ्य भी संयुक्त कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में दिया है। याचिका कर्ता का कहना है की कोर्ट का निर्णय ही सर्वमान्य होगा परंतु रिपोर्ट के अनुसार यदि टोल प्लाजा एवम आवासीय इलाका नियामानुसार नहीं बना है तो ऐसे में उसका संचालन होना दुर्भाग्यपूर्ण है और वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट 1972 के नियमो का उलंघन है। कमेटी रिपोर्ट को आधार बना कर टोल कलेक्शन स्टेट एवम अवैध निर्माण को ध्वस्त किए जाने को लेकर भी कोर्ट में एप्लीकेशन लगाया गया है। जिस पर कोर्ट ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

कहा कि हर व्यक्ति का मौलिक कर्तव्य है की वह पर्यावरण, वनस्पति जीव जंतु की रक्षा करे। अधिवक्ता सूर्य प्रकाश मिश्रा का कहना है जनपद सोनभद्र अपार प्रकृति खनिज संपदाओं वाला जिला है परंतु अपने व्यक्तिगत लाभ हेतु पर्यावरण का दोहन नियमों को ताख पर रख कर किया जा रहा है जो आने वाले समय के लिए विनासकारी है। यह लड़ाई पर्यावरण संरक्षण एवम सोनभद्र वासियों के लिए है सोनभद्र के पर्यावरण को संरक्षित करने के इस मुहिम में सभी का साथ आवश्यक है। कानूनों और नियमों का उलंघन कर जनपद का दोहन करने वालों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करनी होगी।



पत्रकार वार्ता करते सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता आशीष चौबे

## एसपी ने दर्जनों थाना व चौकी प्रभारियों का बदला कार्यक्षेत्र

**सोनभद्र।** जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए एसपी डा. यशवीर सिंह ने कई थाना प्रभारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव कर दिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बीजपुर एसएचओ रहे पंकज सिंह क्राइम ब्रांच, शक्तिनगर कोतवाल रहे राजेश सिंह को पिपरी थाने की कमान सौंपी गयी। वहीं मनोज को सुकृत चौकी इंचार्ज बनाया गया है। इसी तरह पिपरी कोतवाल रहे दिनेश पांडेय को शक्तिनगर, रायपुर कोतवाल रहे मिथिलेश मिश्रा को बीजपुर की कमान सौंपी गई है। ओबरा चौकी प्रभारी रहे अमित त्रिपाठी को घोरावल एसआई बनाया गया है। सुकृत चौकी प्रभारी रहे सुरेश द्विवेदी को बभनी, बभनी कोतवाल रहे अमित सिंह को महिला सहायता प्रकोष्ठ का दायित्व सौंपा गया है। वहीं चेरुई चौकी प्रभारी रहे मुहम्मद अरशद को कांशीराम आवास चौकी प्रभारी, राबर्ट्सगंज चौकी प्रभारी रहे प्रमोद यादव को सुअरसोत चौकी इंचार्ज, घोरावल कस्बा चौकी इंचार्ज रहे संजय सिंह को रायपुर थाने में एसआई, एसआई सतीश सिंह को चोपन एसआई बनाया गया है। राजेश सिंह को वाचक पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। शक्तिनगर एसआई रहे विष्णु दत्त राय को नागनर हरैया चौकी प्रभारी, अमवार चौकी इंचार्ज रहे चंद्रशेखर सिंह को पिपरी थाने का एसएसआई बनाया गया है। पिपरी एसआई महेंद्र यादव को अमवार चौकी इंचार्ज, जितेंद्र बहादुर सिंह को घोरावल कस्बा चौकी इंचार्ज, विढमगंज एसआई रहे सुरेंद्र सिंह को राबर्ट्सगंज एसआई, बभनी एसआई रहे राम सिंहासन शर्मा राबर्ट्सगंज एसआई बनाया गया है।

## हर साल 16 लाख नौकरी का दावा महज प्रोपेगेंडा

जनसंदेश न्यूज

**आरोप**

### 6 लाख रिक्त पदों को भरने का वादा पूरा करे सरकार

### आंकड़ेबाजी के बजाय हल करें रोजगार का सवाल

**सोनभद्र।** हर साल एक लाख सरकारी और 15 लाख निजी क्षेत्र में नौकरी मुहैया कराने का प्रदेश सरकार का दावा महज प्रोपेगेंडा है। सच्चाई यह है कि प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है, यहां तक कि विधानसभा चुनावों में रिक्त पदों को भरने के वादे को भी पूरा नहीं किया गया और अभी भी 6 लाख से ज्यादा रिक्त पद पड़े हुए हैं। यह बातें युवाओं से संवाद करते हुए संयुक्त युवा मोर्चा के केंद्रीय टीम के सदस्य राजेश सचान ने कहीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रोजगार के अवसरों में भारी गिरावट आई है जो कि श्रम शक्ति भागीदारी दर में रिकॉर्ड न्यूनतम स्तर पर आने से स्वतः स्पष्ट है।

सोनभद्र जैसे पिछड़े जनपदों में तो बेरोजगारी की भयावह स्थिति है। जनपद में बेकारी की समस्या ज्यादा विकराल इसलिए भी हुई क्योंकि इस सत्र में न तो मनरेगा में काम मिला और न ही तेंदूपत्ता की तुड़ाई हुई। ग्रामीण आजीविका मिशन, रोजगार मेलों, मुद्रा लोन और स्टार्टअप जैसी योजनाओं के दावे जमीनी हकीकत के उलट है। यही हाल ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजनों का है।

युवाओं के समूहों को उद्यम खोलने के लिए पूंजी, तकनीक व बाजार की गारंटी और टमाटर, मिर्च प्रोसेसिंग उद्योग, दाल मिल खोलने जैसे उपायों से यहां बेकारी की समस्या हल हो सकती है लेकिन इस दिशा में कुछ नहीं किया जा रहा है। संवाद में रूबी सिंह गोंड, विजय गुप्ता, रामाशीष धांगर, जितेंद्र धांगर, संजय कुमार, दिलीप, कलिन्दर जायसवाल, मोलायन, अनिल कुमार, डब्लू पाल, रामसूरत गुप्ता, विनय आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### दो किलो 600 ग्राम गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में तस्कर

**अनपरा।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को पुलिस द्वारा त्रिलोकीनाथ मंदिर अनपरा से राहुल कुमार पुत्र पंचम राम स्वीपर निवासी ग्राम रमना थाना रमना जिला गढवा झारखण्ड हालपता टाइप 1 कालोनी स्वीपर बस्ती, अनपरा व राजू स्वीपर उर्फ फुकिया पुत्र जीतलाल स्वीपर निवासी चुर्क, सोनभद्र हाल पता टाईप 1 कालोनी स्वीपर बस्ती, अनपरा के कब्जे से 2 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर तस्करों का चालान कर दिया। टीम में अनपरा थाना प्रभारी नागेश सिंह, एसआई श्रीप्रकाश दुबे, मुकेश गुप्ता, बृजेश कुमार सिंह, विजय कुमार यादव शामिल रहे।

### जलावनी के नाम पर हो रही हरे पेड़ों की कटान

**म्योरपुर।** वन रेंज के वनों में जलावनी लकड़ी के नाम पर हरे पेड़-पौधों की कटान धड़ल्ले से हो रही है। लकड़हारों की कुल्हाड़ी हरे पेड़ों पर बेरोक टोक चल रही है। ग्रामीणों की मानें तो लकड़हारे पहले हरे पेड़ो को काटकर गिरा देते हैं फिर उसे सूखने के लिए तीन चार दिन छोड़ देते हैं, फिर टहनियों के टुकड़े करके साइकिल पर लादकर बाजार में बेच देते हैं। जलावनी लकड़ी के साथ कीमती लकड़ियां भी होटलों के भट्ठो में जलकर खाक हो जाती हैं। वनकर्मी सिर्फ मूकदर्शक बनकर सबकुछ देखते रहते हैं। हरे पेड़ों की अवैध कटान से जंगल मैदानों में तब्दील होते जा रहे हैं। क्षेत्रीय वनकर्मी प्रायः रेंज कार्यालय में रहकर ही अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि हरे पेड़ों की कटान पर अकुंश नहीं लगा तो जंगल सिर्फ कागजों में ही दिखाई देंगे। ग्रामीणों ने वन प्रभागीय अधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

### अपहरण का आरोपी गिरफ्तार, अपहृता बरामद

**रेणुकूट।** पिपरी पुलिस ने अपहरण मामले में अपहृता की बरामदगी करते हुए आरोपी आदित्य पाण्डेय पुत्र चन्द्रभूषण पाण्डेय निवासी हाल पता रेमण्ड शाप के पीछे हरिदास नगर रेनुकूट, मूल पता ग्राम पारो पोस्ट लौवाडीह, भांवरकोल, गाजीपुर को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी। टीम में चन्द्रभान सिंह चौकी प्रभारी रेनुकूट, रमेश सिंह कुशवाहा, सुनील कुमार, आयुषी सिंह शामिल रहे।

### बस स्टैंड में सुंदरकांड महिला मंडल ने लगवाया वाटर कूलर



**रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र।** जिला मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज स्थित बस स्टैंड में सुंदरकांड महिला मंडल समिति द्वारा बस स्टैंड परिसर में वाटर कूलर लगवाया गया है। जिसका उद्घाटन रविवार को सुंदर कांड महिला मंडल की संरक्षक अनारकली देवी पत्नी रतन लाल गर्ग जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के पश्चात संरक्षक अनारकली देवी ने इस पुनीत कार्य के लिए महिला मंडल की सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि महिला मंडल द्वारा किया गया यह कार्य अत्यंत सराहनीय है जो कि इस भयंकर गर्मी में दूरदराज से आने वाले यात्रियों की सुविधा को देखते हुए लगवाए गए वाटर कूलर से आने जाने वाले यात्रियों को शुद्ध शीतल पेयजल मिलेगा। उन्होंने कहा कि जल का संरक्षण करना भी अत्यंत आवश्यक है क्योंकि जल ही जीवन है तथा जल ही कल है। जल का सदुपयोग करें जल का दुरुपयोग ना करें। उद्घाटन के दौरान महिला मंडल समिति की अध्यक्ष शीला जैन, मंजू गर्ग अनीता, निर्मला, अनु रोशनी, शिल्पा, विमला, सुचिता, सुनीता, गुंजन, सीमा, अनीता, राधा थर्ड, सुषमा शर्मा, किरण, प्रभा बंका, सुमन, निधि, ज्योति, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### बाउली में डूबने से बालक की मौत, कोहराम

**बभनी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के झापर गांव में शनिवार की शाम बाउली में डूबने से नौ वर्षीय बालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया। बताया गया कि संतोष कुमार पुत्र कप्तान निवासी झापर शनिवार की शाम अपने कुछ साथियों के साथ घर से एक किलोमीटर दूर बाउली में नहाने गया था। सभी बच्चे बाउली में नहाने लगे। नहाते समय संतोष गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे डूबते देख सभी बच्चे बाउली से बाहर निकले और दौड़कर घर जाकर परिजनों को बताया। परिजन सुनते ही दौड़ते हुए बाउली पर पहुंचे, लेकिन तब तक संतोष नीचे चला गया था। ग्रामीणों ने किसी तरह से उसे बाउली से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बेटे की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। पिता कप्तान और माता राजकुमारी दोनों बेटे की मौत का सदमा बर्दाश्त नहीं कर सके और बेहोश हो गये। घटना की सूचना पिता ने रविवार को सुबह पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही सब इंस्पेक्टर आर एस शर्मा घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# गिरते भूगर्भ जल स्तर पर जताई गयी चिंता,जागरूकता पर दिया जोर

**संगोष्ठी**

### ग्रीनलैंड स्कूल परिसर में आयोजित हुई जल संरक्षण पर संगोष्ठी

### भूजल को बचाने के लिए करना होगा गंभीर प्रयास

जनसंदेश न्यूज

**रेणुकूट।** नगर स्थित ग्रीनलैंड स्कूल परिसर में जल संरक्षण पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रबुद्ध जनों ने गिरते भूजल स्तर पर गहरी चिंता जताई। समस्या के निदान के लिए जन जागरूकता और जन सहभागिता पर जोर दिया गया।

बता दें कि शनिवार की शाम खाड़पाथर में स्थित ग्रीनलैंड स्कूल परिसर में आयोजित जल संरक्षण विषयक संगोष्ठी में वक्ताओं ने गिरते भूजल स्तर पर चिंता जताई, साथ ही भविष्य में ऐसी कार्ययोजना तैयार होने पर बल दिया गया, जिससे जल संरक्षण की सार्थकता दिखने लगे। सामाजिक कार्यकर्ता जगत नारायण विश्वकर्मा ने इलाके में गिरते भूजल स्तर व पर्यावरण प्रदूषण की भयावहता पर गंभीरता से प्रकाश डाला।



पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते लोग

कहा कि तेजी से खत्म हो रहे जमीन के अंदर के पानी को बचाने के लिए गंभीर प्रयास करना होगा, नहीं तो इसके अतिगंभीर परिणाम भुगतने के लिए सभी को तैयार रहना होगा। बताया कि इलाके में गिरते जलस्तर के अलावा यहां के नदियों तालाबों व जमीन के अंदर से निकलने वाले पानी में फ्लोराइड मरकरी शीशा सहित कई खतरनाक तत्व मिल चुके हैं, जो मानव शरीर को अंदर से बीमार और खोखला कर रहे हैं।

कुंआ तालाब की आज भी जरूरत है। इलाके का पानी सुरक्षित नहीं है। चिमनियों के माध्यम से खतरनाक रासायनिक तत्व हवा में उड़ रहे हैं। औद्योगिक प्रदूषण को रोकने से भी जल संरक्षण को बल मिलेगा। दूषित पानी पीने से जिले में लगभग फ्लोराइड से 10 हजार लोग पीड़ित हैं। तमाम उच्च स्तरीय जांच में रिंहद जलाशय में मर्करी की उपलब्धता पाई गई है। ऐसे में सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना हर घर नल के लिए रिहंद जलाशय का पानी इलाकाई लोगों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। इंजीनियर सुभाष चंद्रा ने पौधों को लगाने एवं उनके संरक्षण पर बल दिया।

कहा कि यहां की भौगोलिक स्थितियों के अनुसार मेढ़बंदी व अन्य प्रयास करके गिरते जलस्तर को रोका जा सकता है। पर्यावरण व जल पर शोध कर रहे प्रवक्ता डा. रामू ने वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर भूगर्भ जल स्तर को रोकने को लेकर विस्तार से तकनीकी पक्ष रखा। ग्रामीण प्रेमचंद जैन ने रिहंद जलाशय के किनारे चारों ओर प्रोजेक्ट लगाए जाने से पर्यावरण प्रदूषण और जल संकट पर अपने अनुभव साझा किए। खाड़पाथर के वयोवृद्ध ग्रामीण बृजकिशोर ने बताया कि आजादी के बाद दो बार देश में भीषण अकाल की स्थिति आई। तब हम लोगों ने जंगल में कंद मूल फल खाकर अन्न की कमी महसूस नहीं किया। बचपन में बंदर भालू मोर दिखते थे। अब सब गायब हो गए। विलुप्त होते पशु पक्षियों को बचाने के लिए भी रिसर्च होना चाहिए। पौधों को लगाने और उनके संवर्धन से ही जल का स्तर गिरने से बचाया जा सकता है। स्कूल के प्रबंधक राजीव सिन्हा ने जल संरक्षण को लेकर अपना प्रयास साझा किया। बताया कि स्कूल में उपयोग होने वाला पानी परिसर से बाहर नहीं निकलता।

ड्रम तकनीक का सहारा लेकर जलस्तर बढ़ाया जा सकता है। अखिलेश यादव स्वयं के शुरूआत और संकल्प से जल संरक्षण पर जोर दिया। संगोष्ठी में राज वर्मा सुनील गुप्ता, आनंद गुप्ता, आशीष शुक्ला अनिल पांडेय ने अपने विचार प्रस्तुत किए। संचालन पत्रकार एसपी पांडेय ने किया। इस मौके पर पूर्व ग्राम प्रधान गुड्डू यादव, अभय भार्गव, आशीष कुमार मिश्रा, अमिताभ मिश्रा, प्रमोद ठाकुर, दिवाकर द्विवेदी, मुकेश झा, मस्तराम मिश्रा, दिलीप पांडेय, ध्रुवेन्द्रमणि तिवारी, महेंद्र प्रसाद गांधी, भूपेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# एमपी के ठठरा बालू साइट की एनजीटी में शिकायत

**खेल जारी**

### लीज की आड़ में यूपी की सीमा में बालू खनन करने का आरोप

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जनपद की सीमा से सटे मध्य प्रदेश ठठरा से लीज प्राप्त कर यूपी के सोनभद्र में सोन नदी में बालू खनन करके पर्यावरण को क्षति पहुंचाने की शिकायत कमलेश सिंह ने नेशनल ग्रिन ट्रयूबलन (एनजीटी) प्रिंसिपल बेंच के चेयरमैन से किया है।

चेयरमैन लिखित शिकायत के माध्यम से अवगत कराया कि सोनभद्र जनपद सीमांत जिला सिंगरौली/सीधी मध्य प्रदेश घड़ियाल सेंचुरी के रूप के रूप में संरक्षित है जो सोन नदी में 161 किमी मध्य प्रदेश का क्षेत्र अच्छादित है। सोनभद्र में सोन नदी का शिल्पी से गुरदह तक 20.288 किमी तथा पटवध आंशिक से पिछड़ा (कंहौरा) तक 14.812 किमी भाग कैमूर वन्य जीव अभ्यरण में संरक्षित है। इस सोन नदी में घड़ियाल, कछुआ, मगरमच्छ आदि मौजूद हैं।



ठठरा के पास यूपी सीमा में सोन नदी में मशीन से होता बालू खनन

मध्य प्रदेश के सीधी घड़ियाल सेंचुरी से उप्र के सोनभद्र जनपद होते हुए बिहार के डिहरी आनसोन तक विविध जलिय जीवों का एक कारिडोर है। वन्य जीव अभ्यारण का बफर जोन 1 किमी होने का लाभ उठाते हुए विभिन्न स्थानों पर बालू रेत खनन कर्ता खनन लीज कराकर नदी की धारा को बांध कर अस्थायी पुल का निर्माण कर भारी भरकम लिफ्टर मशीन का प्रयोग करते हुए बालू निकाल कर सोन नदी के मूल स्वरूप को नष्ट किया जा रहा है।

# बेतहाशा बिजली कटौती से नाराज व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

**गुस्सा**

### दो दिनों के अंदर बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी तो व्यापारी प्रतिष्ठान बंद कर करेंगे आंदोलन

**ओबरा।** नगर में हो रही बेतहाशा बिजली कटौती से नाराज व्यापारियों ने पीसीएल के खिलाफ रविवार को स्थानीय सुभाष तिराहे पर प्रदर्शन कर आवाज बुलंद की। इस दौरान व्यापारियों ने अधिकारियों पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए नारेबाजी भी की। कहा कि रोजाना हो रही बेतहाशा बिजली कटौती के कारण लोगों का व्यापार बड़े पैमाने पर खराब हो रहा है। शिकायत करने पर पीसीएल के अधिकारियों द्वारा रोस्टिंग और खराबी होने की बात कर पल्ला झाड़ लिया जाता है। व्यापार मंडल अध्यक्ष सुशील गोयल ने कहा कि देश व प्रदेश को बिजली मुहैया करने वाली ऊर्जा नगरी के लोग खुद ही बिजली के लिये तरस रहे हैं। संरक्षक आलोक भाटिया ने कहा कि जैसे-जैसे गर्मी का पारा चढ़ रहा है, वैसे-वैसे नगर की विद्युत व्यवस्था गड़बड़ा रही है। बार-बार हो रही बिजली कटौती और लो वोल्टेज के कारण घरों में लगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर रहवासी रात में चैन की नींद भी नहीं सो पा रहे हैं। महामंत्री सुशील कुशवाहा ने कहा कि बिजली के आने-जाने व कम वोल्टेज के कारण लोग पसीने से तर बतर हो जा रहे हैं। बावजूद इसके विद्युत विभाग पूरी तरह से मूकदर्शक बना हुआ है। पिछले दिनों ज़िले के प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल को नगर में हुए व्यापारी सम्मेलन के दौरान बिजली समस्या को लेकर ज्ञापन भी सौंपा गया। लेकिन लोगों को अभी तक कोई भी राहत नहीं मिली। अध्यक्ष सुशील गोयल व मिथिलेश अग्रहरि ने बताया कि यदि दो दिन के अंदर बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी तो समस्त व्यापारी मंगलवार को दुकानें बंद करके आक्रोश जतायेंगे। इस मौके पर किशोरी लाल बंसल, सुनीत खत्री, राजेश जिंदल, जगमंदर अग्रवाल, दिनेश सिंह, दीपक यादव, गोविंद मित्तल, राकेश शर्मा, विपिन शर्मा आदि मौजूद रहे।



नारेबाजी करते व्यापारी

# हर हाल में 25 तक करायें वनाधिकार दावों का निस्तारण : राज्यमंत्री

**दिए निर्देश**

### राज्यमंत्री संजीव गोड़ ने सर्किट हाउस में की अधिकारियों संग बैठक

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव गोड़ की अध्यक्षता में शनिवार की शाम रावर्ट्सगंज सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ हुई बैठक में राज्यमंत्री ने वनाधिकार के लंबित दावों एवं कनहर के विस्थापितों के पुनर्वास पर तेजी लाने का निर्देश दिया।



बैठक को संबोधित करते राज्यमंत्री संजीव गोड़

राज्यमंत्री ने कहा कि वनाधिकार के लंबित दावों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कर ग्रामीणों को वनाधिकार का पट्टा दिया जाये। साथ ही कनहर बांध में डूबे 11 गांवों के विस्थापितों की पुनर्वास, मुआवजा आदि जो भी समस्याएं हैं उसका समाधान किया जाय। यदि समस्याओं के निस्तारण में कोई कठिनाई हो रही हो तो उच्चाधिकारियों को अवगत करायें, जिससे जल शक्ति मंत्री व सीएम से अनुरोध कर उसका निराकरण कराया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 25 जून को होने वाली बैठक में वनाधिकार के कोई दावे लंबित न रहें। इस मौके पर सेवा समर्पण संस्थान के सह संगठन मंत्री आनंद, सभी उपजिलाधिकारी, सिंचाई, वन व समाज कल्याण अधिकारी मौजूद रहे।

# हवाई पट्टी विस्तार की जद में नहीं आएगा म्योरपुर बाजार

**सर्वे**

### केंद्रीय टीम के सर्वेक्षण के बाद राजस्व विभाग स्थलीय सर्वे में जुटा

जनसंदेश न्यूज

**म्योरपुर।** ब्लॉक के स्थानीय कस्बा स्थित हवाई पट्टी के विस्तारीकरण हेतु केंद्रीय टीम के सर्वेक्षण के बाद राजस्व विभाग स्थलीय सर्वे करने में जुटा हुआ है। स्थानीय व्यापारियों एवं छात्राओं के लिए अच्छी खबर यह है कि हवाई पट्टी की जद में स्थानीय बाजार, बिड़ला विद्या मंदिर इंटरमीडिएट कालेज व सीएचसी नहीं आएगा।

राजस्व विभाग के सूत्रों के मुताबिक रेंज परिसर व कार्यालय का मामूली हिस्सा विस्तार की जद में आएगा। म्योरपुर बाजार, बिड़ला इंटर कालेज व सीएचसी की भूमि को नहीं लिया जाएगा। स्थानीय व्यापारी और ग्रामीण लगातार प्रयासरत थे कि बाजार बचना चाहिए। लेखपाल अनिल मौर्य ने बताया कि सीमांकन पिलर गाड़ा जा चुका है। हवाई पट्टी के विस्तार की जद में ज्यादा हिस्सा जंगल का ही आएगा। अभी यह बताना मुश्किल है कि वन क्षेत्र की कितनी जमीन जाएगी और कितने पेड़ काटे जाएंगे। हवाई पट्टी के रनवे की लंबाई 1920 मीटर से बढ़ाकर पांच किमी किया जाना है। यह माना जा रहा है कि हवाई पट्टी के विस्तार से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और चार राज्यों के यात्रियों को हवाई यात्रा की सुविधा मिलेगी। फिलहाल राजस्व विभाग की टीम स्थलीय सर्वे करने में जुटी हुई है।



म्योरपुर में निर्माणाधीन हवाईपट्टी

# तमाम दावे फेल, ओवरलोड वाहनों पर नहीं है लगाम

**गुस्सा**

### ओवरलोड वाहनों को लोकेशन देता है 'दबंग दलाल'

### दलाली के जरिए गाजीपुर सहित महानगरों में बनाई बेनामी संपत्ति

**गाजीपुर।** योगी सरकार में भी ओवरलोड वाहनों पर लगाम नहीं लग पा रहा है। वाहन चालक नंबर प्लेट पर लिखे नंबर के साथ छेड़छाड़ और कुछ बिना नंबर के ही सरेआम सड़कों पर फर्राटा भर रहें है। लगाम लगाने वाले अधिकारी जांच पर जांच करते रहते है। मगर यहां जिले में ओवरलोड वाहनों का संचालन धड़ल्ले से चल रहा है। बतादें, करीब दो दशक से बिरनो थाना के पास ही मंडी लगाकर गिट्टी बालू का अवैध कारोबार किया जा रहा था। जिसका जनसंदेश टाइम्स में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद अब मंडी बिरनो थाना क्षेत्र निवासी चर्चित दलाल पिता पुत्र द्वारा सरायबंदी स्थित टोल प्लाजा के पास लगवाया जा रहा है। जहां सुबह से चार बजे से ही ओवरलोड ट्रकों का आवागमन शुरू हो जा रहा है। जबकि संबंधित अधिकारी इस अवैध कारोबार से अपने को अंजान बता रहा है। वहीं लोगों का कहना है कि यह बड़े स्तर पर अवैध धंधा बिना अधिकारियों की सहमति से संभव नहीं है। दलाल की बात करें तो इस धंधे में अपनी खुद की आधा दर्जन ट्रक को लगाया है।

**बिना नंबर के ट्रकों का संचालन**

जिले में मिर्जापुर,वाराणसी, चंदौली, सौनभद्र सहित अन्य जिलों से ओवरलोड वाहनों का काफिला प्रतिदिन चक्कर लगाता है। इन सभी गाड़ियों में डम्फर से लगायत 12 ,16,18 और 20 चक्का ट्रक देखे जा रहें है। किसी ट्रक के आगे पीछे वाहनों पर नंबर नहीं है और वहीं कई वाहनों के नंबर के साथ छेड़छाड़ किया गया है। बताया जा रहा है कि चंदौली में आनलॉइन चालान के भय से यह अपना नंबर प्लेट हटा दिए है।

# सीसी टीवी फुटेज से चोरों का सुराग लगाने में जुटी पुलिस

जनसंदेश न्यूज



**सकलडीहा।** क्षेत्र के बथावर गांव में शुक्रवार की देर रात चोरों ने तीन घरों में दबे पांव घुसकर करीब पांच लाख के आभूषण सहित चालीस हजार नगदी लेकर चंपत होगये। तीन दिन पूर्व सकलडीहा कस्बा में चोर ने एक महिला की मंगलसूत्र लेकर भाग गये थे। घटना की कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सीसी फूटेज के माध्यम से चोरों की सुराग लगाने में कोतवाली पुलिस जुट गयी है। शीघ्र ही चोरों को पकड़ने का पुलिस ने दावा किया है।

बथावर गांव के सत्यप्रकाश यादव के घर में दिवाल फांदकर चोर दबे पांव छत पर चढ़ गये। उपर कमरा खुला होने पर चोरों ने आसानी से आलामारी खोलकर पत्नी तारा देवी और बेटी की शादी के लिये रखा गया सोने की दो मंगलसूत्र, सोने की तीन सिकड़ी, चार अंगूठी, दो जोड़ा झुमका सहित 38 हजार रूपया नगदी निकाल लिया। छत से नीचे उतरते समय बेड पर सो रही बेटी पूजा के गले में पहनी मंगलसूत्र भी झपट्टा मारकर भाग निकला। तीन दिन पूर्व सकलडीहा कस्बा में शमा परवीन के गले से मंगलसूत्र का लॉकेट लेकर चोर भाग निकले थे। चोरी की लगातार घटना से कस्बा सहित आसपास गांव में ग्रामीणों में दहशत है। कोतवाली पुलिस बथावर गांव में चोरी की घटना के दौरान चोर की सीसी टीवी फूटेज में फोटो कैद हुआ है। सीसी टीवी फूटेज के सहारे चोर का पता लगाने में कोतवाली पुलिस जुट गयी है। इस बाबत कोतवाल विमलेश कुमार मौर्य ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश में टीम गठित किया गया है। शीघ्र ही चोरी का खुलासा किया जायेगा।

### रात्रि गश्त बढ़ाने की उठायी मांग

**सकलडीहा।** शादी विवाह के माहौल को लेकर चोरों का गिरोह सक्रिय हो गया है। क्षेत्र में आये दिन चोरी की बढ़ती घटना को लेकर ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस पीकेट पर भोर में जहां भारी वाहनों की निगरानी में व्यस्त रहती है। अगर गश्त में जुटी रहती तो शायद चोरी की घटना पर बिराम लग जाता। पुलिस अधीक्षक से रात्रि में गश्त बढ़ाने की मांग किया है।

### ट्रांसफार्मर बदलने के दौरान 5 घंटे विद्युत आपूर्ति रही ठप


**चंदौली।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समीप रविवार को बिजली विभाग के कर्मचारियों की ओर से ट्रांसफार्मर बदले जाने के दौरान 5 घंटे विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप रही। इसके चलते सदर कोतवाली सहित कई विभागों में विद्युत आपूर्ति ठीक न होने के कारण कर्मचारियों व अधिकारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जहाँ कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रांसफार्मर को बदले जाने के बाद विद्युत व्यवस्था बहाल हुई। बताते हैं कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के पास ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। रविवार को कर्मचारियों के द्वारा ट्रांसफार्मर को चढ़ाया गया और उसके बाद उसे हिट करने के बाद 5 घंटे तक विद्युत आपूर्ति ठप रही है। इसके चलते सदर कोतवाली में 5 घंटे तक कोई कार्य नहीं हो पाया। जिससे लोगों को तमाम तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। शाम को ट्रांसफार्मर में जुड़ने के बाद विद्युत आपूर्ति को बहाल किया गया। जिससे लोगों ने रात के सांस ली। अवर अभियंता विद्युत सुनील पासवान ने बताया कि ट्रांसफार्मर क्षमता बढ़ाने के दौरान विद्युत आपूर्ति ठप रही लेकिन उसे ठीक कर कर दिया गया और ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ा दी गई है, ताकि लोगों को लो वोल्टेज की समस्या से जूझना ना पड़े।

# डा. महेंद्रनाथ पांडेय की पहल, बहाल हुआ मेमो ट्रेन का परिचालन

**हर्ष**

### डीडीयू जंक्शन तक बहाल होने पर ग्रामीणों में खुशी

जनसंदेश न्यूज



केंद्रीय मंत्री डा. महेंद्रनाथ पांडेय।

**चंदौली।** भाजपा जिलाउपाध्यक्ष व सांसद केंद्रीय मंत्री मीडिया प्रभारी लोकसभा चन्दौली हरिवंश उपाध्याय ने बताया कि सांसद चंदौली भारी उद्योग मंत्री केंद्र सरकार डा. महेंद्र नाथ पाण्डेय के प्रयास से पटना-वाराणसी -पटना मेमू स्पेशल ट्रेन का परिचालन रविवार से डीडीयू जंक्शन तक बहाल कर दिया गया है जिससे ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की है।

उक्त मेमू ट्रेन कई महीनों से वाराणसी में कुछ तकनीकी कार्य, प्लेटफार्म नंबर-4 पर हो रहे पटरी, प्लेटफार्म निर्माण से यह पटना से सुबह चलकर बक्सर जंक्शन स्टेशन तक ही रुक जाती थी उसमें सफर कर रहे यात्रियों को जो वाराणसी जाना चाहते थे उन्हें बक्सर स्टेशन पर 03209 अप पटना, पी डी डी यू ट्रेन की प्रतीक्षा कर उससे यात्रा करनी पड़ती थी जिसमें सर्वाधिक भीड़ होने से बड़ी कठिनाइयों से बक्सर से डीडीयू की यात्रा खड़े होकर करनी पड़ती दो ट्रेनों के यात्रियों की भीड़ हो जाती थी और बक्सर से डीडीयू के बीच के यात्रियों को भी ट्रेन में बा मुश्किल चढ़ने उतरने यात्रा करने में असुविधा हो रही थी और यह 03298अप बक्सर में पुरे दिन खडी रहती थी।

इस यात्रियों की परेशानी को संज्ञान में लेते हुए डा. केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पाण्डेय वैकल्पिक व्यवस्था तक 03298अप, 03289डाउन मेमू स्पेशल ट्रेन का परिचालन पूर्वरत समय सारणी पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन तक रविवार से बहाल करा दिया, जिससे ग्रामीणों में हर्ष ब्याप्त है द्ययह मेमू ट्रेन दिन में धीना स्टेशन पर अप मेंपटना सेसुबह पौने छह बजे सुबह चलकर साढ़े दस बजे पहुंचकर डीडीयू नगर को जाएगी और डाउन में डीडीयू से साढ़े चार बजे चलकर सवा पांच बजे शाम को धीना स्टेशन पर पहुंचकर पटना को जायेगी।

## संक्षेप

### पटरियों पर अतिक्रमण करने वालों को पुलिस ने चेताया



चंदौली नगर में पुलिस फोर्स के साथ पैदल गश्त करते कोतवाल राजीव प्रताप।

**चंदौली।** कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त बनाये रखने के लिए सदर कोतवाल राजीव प्रताप सिंह ने अपने हमराहियों के साथ नगर में पैदल गस्त किया इस दौरान उन्होंने लोगो से मिलकर सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने नगर के प्रमुख जगहों पर दो पहिया व चार पहिया वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया जहा वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया। वही गस्त के दौरान सड़क पर लगा रहे ठेले खुमचे वाले को दुरुस्त कराया और व्यपारियो से संवाद स्थापित कर अपने-अपने दुकान के सामने कैमरा लगवाने के आवाहन किया। और उसको समय- समय पर साफ करने का निर्देश दिया। वही पैदल गश्त के दौरान उन्होंने आम जन को आश्वस्त कराया और सुरक्षा, शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील किया। कहा कि कोई व्यक्ति संदिग्ध दिखे तो तत्काल पुलिस को सूचना दे पुलिस ऐसे लोगो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करेगी।

### शोक सभा आयोजित

**डीडीयू नगर।** भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ की शोक सभा सेंटर पर विजय जयसवाल की अध्यक्षता में व संचालन प्रदेश महामंत्री भागवत नारायण चौरसिया ने किया। शोक सभा में पत्रकार मुरलीधर गुप्ता की माता इस रावती देवी 68 वर्षी की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए 2 मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। प्रदेश महामंत्री भागवत नारायण चौरसिया ने कहा कि माताजी बड़े ही धार्मिक विचारधारा वह हंसमुख स्वभाव दूसरों का दुख अपना दुख समझती थी। 30 मई को सुबह 4रू00 बजे गंगा स्नान करने के लिए घर से निकली। कैलाशपुरी मोड़ पर एक वाहन ने टक्कर मार कर भाग गया। ट्रामा सेंटर बीएचयू में इलाज चल रहा था। इस दौरान शोक सभा में भागवत नारायण चौरसिया विजय जयसवाल कमलेश विश्वकर्मा बृजेश निगम त्रिपुरारी यादव अनिल तिवारी कुर्बान अली सनी निगम सूफी शाहिद अली राजेश सिंह थे

### सड़क का मुख्य जल पाइप टूटा

**नियामताबाद।** जल समस्या को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों ने प्रतापगढ़ सांसद प्रतिनिधि संतोष कुमार गुप्ता से संध्या काल में उनके कार्यालय पर सम्पर्क किया। सिरसी ग्राम में सड़क का मुख्य जल पाइप टूट गया है जिसके कारण चार गाँवों में जल नहीं पहुँच पा रहा है। ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए संतोष कुमार गुप्ता ने सुबह होते ही मौके पे जे सी बी लेकर पहुँचे और पाइप के मरम्मत के लिए नियमताबाद ग्राम प्रधान और जल सप्लाई अधिकारी से फोन पर सम्पर्क किया और जल्द से जलापूर्ति चालू करने के लिए बोला और अधिकारियों ने सोमवार तक कार्य पूरा हो जाएगा ऐसा बोला और ग्रामीणों को परेशानी ना हो इसलिए पाइप के मरम्मत में आने वाले खर्च में भी आर्थिक मदद करेंगे ऐसा विचार भी व्यक्त किया । पानी की समस्या दूर होने पर ग्रामीण खुशी व्यक्त कर रहे थे ।

### बरकाकाना-वाराणसी मेमू का परिचालन बहाल

**डीडीयू नगर।** रेलवे की ओर से यात्रियों की भीड़ को देखते हुए बरकाकाना वाराणसी और पटना वाराणसी मेमू पैसेंजर ट्रेन को वाराणसी के बदले डीडीयू स्टेशन तक चलाने का निर्णय लिया गया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि 12 जून से बरकाकाना वाराणसी मेमू पैसेंजर स्पेशल डीडीयू स्टेशन से चलाई जाएगी। इसी के तरह पटना वाराणसी मेमू पैसेंजर स्पेशल 11 जून से डीडीयू स्टेशन से चलाई जाएगी।

# तेज रफ्तार से आ रही बोलरो ने बाइक सवार युवक को रौंदा

**हादसा**

### बबुरी खुरोजा से लौटकर घर जा रहा था युवक विशुनपुरा गांव के समीप हुई घटना



मृतक की फाइल फोटो।

**सकलडीहा।** क्षेत्र के डेढ़ावल की ओर से तेज रफ्तार में आ रही बोलरो ने विशुनपुरा गांव के समीप रविवार को करीब साढ़े तीन बजे बाइक सवार युवक को रौंदते हुए भाग निकला। गंभीर रूप से घायल युवक को ग्रामीणों की मदद से सकलडीहा सीएचसी लाया गया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल के डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम की कार्रवाई में जुट गयी।

सलेमपुर गांव निवासी कैलाश चौहान राजगीर मिस्त्री के दो पुत्र उपेन्द्र चौहान और शिवम चौहान और एक पुत्री गुड़िया है। पिछले 6 मई को बेटी की शादी हुआ था। उपेन्द्र चौहान सूरत के एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। पिछले अप्रैल माह में बहन की शादी को लेकर घर आया हुआ था। सुबह करीब 11 बजे अपने बडे. पिता पप्पू चौहान और बड़ी माता जीरा चौहान को बाइक से बबुरी के समीप खुरोजा गांव छोड़ने के लिये गया था।

दोनों लोगों को छोड़कर वापस घर लौट रहा था। विशुनपुरा गांव के समीप डेढ़ावल की ओर से तेज रफ्तार में आ रही बोलरों ने बाइक सवार को सामने से टक्कर मारते हुए भाग निकला। मौके पर मौजूद युवक सुनील राय ने ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को सकलडीहा सीएचसी भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम की कार्रवाई में जुट गयी। इस बाबत कोतवाल विमलेश कुमार मौर्य ने बताया कि बोलरों के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत होगयी है। परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### बेटे की मौत पर परिजनों में छाया मातम

एक माह पूर्व बेटी की शादी को लेकर घर में खुशी का माहौल था। शादी को लेकर घर पर रिश्तेदार आये हुए थे। बेटी की शादी के बाद उपेन्द्र की शादी को लेकर बातचीत चल रहा था। उपेन्द्र बचपन से ही सरल व मृदुभाषी था। अचानक परिवार पर दुरूखों का पहाड़ टूट जायेगा।

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में मरीजों को मिल रही राहत

**चंदौली।** जनपद के 21 ग्रामीण एवं दो शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ आयुष्मान भारत के अन्तर्गत लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाने एवं कोविड-19 के लक्षणयुक्त मरीजों की जांच की गई। इसका शुभारंभ सीएमओ युगल किशोर राय ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला के तहत गांव के गरीब लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा मुहैया कराई जाए। इसमें चिकित्सकों की टीम द्वारा बेहतर इलाज के साथ-साथ परामर्श भी दिया जा रहा है ताकि किसी प्रकार की परेशानी हो तो समय से वह दूर हो जाए। चिकित्सकों ने मेले में कुल 747 मरीजों का उपचार किया गया। जिसमें 335 पुरुष, 301 महिला एवं 111बच्चे थे । आज कुल 26 लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाये गये एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर बनाए गए। कोविड हेल्प डेस्क पर 212 मरीजों का परीक्षण एवं 25 मरीजों का कोविड एन्टीजेन टेस्ट किया गया, जिसमें से किसी भी मरीज की रिपोर्ट पाजिटीव नहीं आई है।

# सीएम बाल सेवा योजना में 152 बच्चों को मिल रहा लाभ

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** कोरोना संक्रमण की वजह से माता-पिता में किसी एक की मौत के बाद एकल अभिभावक वाले बच्चों को चिह्नित कर लाभांवित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत जिले में एकल अभिभावक वाले कुल 170 बच्चों चिह्नित किया गया है। वर्तमान में 152 बच्चों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। वहीं शेष 18 बच्चों स्वीकृति पत्र प्रदान किया है। योजना में दूसरी किस्त आने वाली है। इससे सभी बच्चों के खाते में सहायता राशि भेजी जाएगी।

प्रदेश सरकार ने कोरोना काल में अभिभावकों को खोने वाले बच्चों की मदद के लिए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना संचालित की है। योजना के तहत बच्चों की परवरिश के लिए सरकार चार हजार रुपये प्रति माह उनके खाते में भेजेगी। वहीं कक्षा नौ अथवा 18 साल की आयु वाले बच्चों को लैपटाप अथवा टैबलेट भी देने का काम किया जा रहा है। ऐसे बच्चों को अटल आवासीय अथवा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में मुफ्त शिक्षा भी प्रदान कराया जाता है। योजना में जिले में अब तक 170 एकल अभिभावक वाले बच्चों को चिन्हित किया गया है।

इसमें 152 बच्चों को लाभ भी मिल रहा है। इन बच्चों को प्रतिमाह सहायता राशि उपलब्ध करायी जा रही है। वहीं शेष बच्चों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया है। जल्द ही इन बच्चों को भी योजनाओं से लाभांवित किया जाएगा। ताकि बच्चों का संरक्षण, भरण-पोषण, शिक्षा, चिकित्सा आदि दिलाया जा सके। बाल संरक्षण अधिकारी किशन वर्मा ने बताया कि शासन के मंशा के अनुसार जिले में कोविड काल के दौरान अनाथ एवं एकल अभिभावक वाले बच्चों को चिह्नित कर लाभांवित करने का काम किया जा रहा है। ऐसे बच्चों को सहायता राशि के अलावा लैपटाप भी वितरित किया जा रहा है।

# खिलची गांव में किसान चौपाल का हुआ आयोजन

**अवसर**

### धान की एमएसपी पर समर्थन दिया तो कृषि यंत्रों पर जीएसटी पर जताया विरोध

**इलिया।** क्षेत्र के खिलची गांव में किसान विकास मंच द्वारा रविवार को किसान चौपाल का आयोजन किया गया। जहां भीषण गर्मी को देखते हुए 15 जून से नहरों को चलाने,दो जुलाई को संगठन का स्थापना दिवस मनाने व बात सागर परियोजना को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहां कि भीषण गर्मी को देखते हुए तालाब सूख गए है। वही पानी के अभाव में धान की नर्सरी का कार्य बाधित हो रहा है।इस लिए 15 जून से नहर को संचालित करने की बात कही।धान के समर्थन मूल्य पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी।यदि इसी प्रकार हर साल समर्थन मूल्य बढ़ाया जाता तो किसानों की समस्या मिट जाती। लेकिन सरकार ने कृषि यंत्रों पर जीएसटी लगाकर किसानों का कमर तोड़ दिया है।

उन्होंने कहां कि बाण सागर परियोजना को चन्दौली में लाने के लिए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मिलकर किसानों की बातों को रखने की बात कही गई।एमएसपी की लड़ाई संयुक्त किसान मोर्चा के साथ मिलकर लड़ा जायेगा।

इनके अलावा संगठन के स्थापना दिवस को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान संगठन जिलाध्यक्ष राधेश्याम पाण्डेय,ब्लाक अध्यक्ष अशोक द्विवेदी, जयनाथ सिंह, त्रिलोक नाथ यादव, कृपाशंकर पटेल, इन्द्र देव यादव, दुखंती मौर्य, सुरेश मौर्य, श्यामलाल मौर्य, विजय शंकर सिंह, उमाशंकर द्विवेदी, उपेंद्र सिंह, शिवशंकर सिंह, मुन्नन पाण्डेय, रमेश पाण्डेय, राकेश सिंह, सिप्पू सिंह, राजनाथ सिंह, दीनबंध उपस्थित रहे। अध्यक्षता गोपाल यादव व संचालन था अवध सिंह ने किया।

### बीएड की प्रवेश परीक्षा में 5042 परीक्षार्थी लेंगे भाग

**चंदौली।** बीएड की प्रवेश परीक्षा के लिए कर जनपद का माध्यमिक शिक्षा विभाग पूरी तरह से तैयारियों में जुटा हुआ। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए जनपद में कुल 14 केंद्र बनाए गए हैं। जहां पर 5042 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे। परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। और साथ ही केंद्र व्यवस्थाप कों जिला प्रशासन ने निर्देश दिया है कि शासन का जो मानक है उसके अनुसार समय रहते जो कमियां है उसे पूरा कर लें। जनपद में बीएड के प्रवेश परीक्षा को लेकर सभी तैयारी माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से पूरी कर ली गई। इसके लिए कुल जनपद में 14 केंद्र बनाए गए। प्रमुख रूप से केंद्रीय विद्यालय पीडीडीयू नगर में दो,महेंद्र टेक्निकल इंटर कॉलेज चंदौली में दो, नगर पालिका इंटर कॉलेज पीडीडीयू नगर में दो,नेशनल इंटर कॉलेज सैयदराजा में दो, सकलडीहा इंटर कॉलेज सकलडीहा में दो,सकलडीहा पीजी कॉलेज में एक व लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज में एक, पंडित कमलापति स्नातकोत्तर महाविद्यालय चंदौली में नगर पालिका इंटर कॉलेज पीडीडीयू नगर में एक केंद्र बनाया गया है। इन परीक्षा केंद्रों पर 5042 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे।

# चंदौली नगर में जल्द ही होगी वाटर कूलर की व्यवस्था

**अनदेखी**

### कई खराब वाटर कूलर नगर पंचायत कार्यालय की बढ़ा रहे शोभा



चंदौली नगर के पुरानी बाजार में खराब पड़ा वाटर कूलर।

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित विभिन्न स्थानों पर लगाए गए वाटर कूलर खराब हो चुके है। इससे मुख्यालय पर रोजाना आने जाने वाले सैकड़ों लोगों को शुद्ध पानी के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। लोगों का कहना है कि जिला प्रशासन व नगर पंचायत प्रशासन की ओर से तत्काल शुद्ध पेयजल के लिए वाटर कूलर हैंडपंप की व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। यही नहीं कबाड़ हुए वाटर कूलर नगर पंचायत की शोभा बढ़ा रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष की मानें तो जल्द ही इस व्यवस्था को बहाल की जाएगी ताकि लोगों को राहत मिल सके।

जिला मुख्यालय पर प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है,लेकिन उन्हें शुद्ध पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से नगर के प्रमुख स्थानों पर वाटर कूलर लगाए गए थे, लेकिन जो कुछ लगे हैं।

वह शोपीस बनकर रह गए हैं या तो नगर पंचायत कार्यालय की शोभा बढ़ा रहे है। भीषण गर्मी में लोगों को पानी पीने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है जिला प्रशासन व नगर पंचायत प्रशासन से इसकी शिकायत कई बार की गई,लेकिन आज तक इस पर कोई पहल नहीं की गई। इससे साफ जाहिर होता है कि नगर पंचायत प्रशासन व जिला प्रशासन जन समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील यादव गुड्डू नगर ने बताया कि पंचायत जल्द ही इस समस्या के समाधान के लिए बैठक कर पेयजल की व्यवस्था को सुनिश्चित कराएगा, ताकि नगर ही नहीं बाहर से आने जाने वाले लोगों को राहत मिल सके।

# कमाई के लिए तस्कर इजाद कर रहे नए नए तौर-तरीके

जनसंदेश न्यूज

**खेल जारी**

### तस्करी को रोकने के लिए सुरक्षा तंत्र हो रहा नाकाम साबित

**डीडीयू नगर।** बिहार में शराब बंदी के बाद से तस्करी का खेल तेज हो गया है। भारी कमाई के लिए तस्कर रोज नए नए तरीके इजाद कर रहे हैं। तस्करी को रोकने के लिए सुरक्षा तंत्र भी नाकाम साबित हो रहा है। जिससे तस्करों के हौसले बुलंद हैं। कभी कभार सुरक्षा तंत्र धर पकड़ कर अपने कार्यों की इतिश्री कर लेता है। जबकि आए दिन उच्चाधिकारी आकर सुरक्षा तन्त्र को तस्करी और अपराध रोकने के लिए बंद कमरे में पाठ पढ़ाते हैं। लाख प्रयास के बाद भी चंदौली से बिहार के लिए शराब की तस्करी रुक नहीं रही है।

तस्कर कोई न कोई नया रास्ता निकाल रहे हैं। कभी सड़क मार्ग तो कभी ट्रेन के जरिए तस्करी की जा रही है। इस बार तस्कर मालगाड़ी की खाली बोगी से शराब ले जा रहे थे।शुक्रवार की देर रात डेहरी आन सोन स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी ने डीडीयू स्टेशन से गई मालगाड़ी की खाली बोगी से 1535 शीशी देशी शराब बरामद की। इस दौरान तस्करी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि गंजख्वाजा में खड़ी मालगाड़ी के खाली डिब्बे के सहारे शराब की तस्करी की जा रही है। पीडीडीयू मंडल के डेहरी ऑन सोन में आरपीएफ निरीक्षक रामविलास को सूचना मिली कि मालगाड़ी से शराब की खेप आने वाली है। इसके आधार पर जांच पड़ताल शुरू की गई। शुक्रवार की रात पौने दो बजे आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम सोननगर पुल के पास डीएफसीसी लाइन पर पहुंची। यहां मालगाड़ी पहुंची और चेन पुलिंग के कारण रुक गई। इस दौरान मालगाड़ी के खाली डिब्बे से कुछ लोग बोरियां गिराते दिखे। इस पर टीम ने पहुंची तो सभी इधर उधर भागने लगे।

इस दौरान एक व्यक्ति मालगाड़ी से कूदा तो उसका पैर टूट गया। इस पर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम रिंकू कुमार गुप्ता निवासी डालमियान गर वार्ड नंबर दो, थाना ओपी डालमियानगर, जिला रोहतास बताया। उसने बताया कि गंजख्वाजा रेलवे स्टेशन पर खड़ी मालगाडी में शराब लेकर आ रहा था। इसे डेहरी आन सोन के आउटर सिग्नल पर उतारना पड़ा था। मालगाड़ी से गिराई गई नौ बोरियों की जांच की गई तो देशी शराब 1535 शीशी बरामद हुई। बरामद शराब की कीमत 1.07 लाख 4450 रुपये है। मामले की जांच की जा रही है।

# बलुआ पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित को दबोचा



बलुआ पुलिस की गिरफ्त में वांछित।

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के सराय गांव में चोरी करने वाला वांछित को बलुआ पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबीर की सूचना पर शनिवार की रात में गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी के उपकरण व एक अंगूठी बरामद किया। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उसे जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के सराय गांव में 27 मार्च की रात्रि को बृजेश सिंह के घर चोरी किया था। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियो पर अंकुश लगाने के क्रम में बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह को शनिवार की रात में मुखबिर से सूचना मिली कि सराय में चोरी करने वाला मरकनिया में मौजूद है। बलुआ इंस्पेक्टर के नेतृत्व में एसआई अवध बिहारी, एसआई मनीष सिंह, हेड कांस्टेबल हरेंद्र प्रसाद व कांस्टेबल धीरज कुमार के साथ मय फोर्स चेकिंग के दौरान मरकनिया से गिरफ्तार कर लिया। वह कही भागने की फिराक में था। तलाशी में उसके पास से चोरी का उपकरण एक पिलास, एक पेचकस, 260 रुपया नकद व पीली धातु की एक अंगूठी बरामद हुई। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उसे रविवार को जेल भेज दिया। इस संदर्भ में बलुआ इंस्पेक्ट विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि केशवपुर मड़ई का रहने वाला मोनू पुत्र मनोज कुमार सराय में चोरी के मामले में वांछित चल रहा था। विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया।

### रेलकर्मी को कोर्ट ने निजी मुचलके पर किया रिहा

**डीडीयू नगर।** रेलवे के राजस्व के गवन के मामले में गिरफ्तार रेलकर्मी दीपक कुमार सिन्हा को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने पचास हजार रुपये के निजी मुचलके पर रिहा कर दिया है। वहीं मामले के विवेचक की ओर से गिरफ्तारी के दौरान पूरी और सही प्रक्रिया न अपनाने पर विभागीय कार्रवाई का आदेश दिया है।

रेलवे स्टेशन परिसर में पार्सल कार्यालय से सटे हुए वेतन कार्यालय में कार्यालय अधीक्षक के पद पर तैनात दीपक कुमार सिन्हा और हेड सराफ अंगद कुमार पांडेय के खिलाफ आरपीएफ डीडीयू पोस्ट पर रेलवे की संपत्ति के 25 से 30 लाख रुपये के हेरा फेरी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया। इस मामले में बृहस्पतिवार की रात दीपक सिन्हा को गिरफ्तार किया गया। शुक्रवार को आरोपी दीपक सिन्हा को न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (पूर्व मध्य रेलवे) के यहां प्रस्तुत किया गया। यहां आरपीएफ ने 14 दिनों के रिमांड के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया। इस मामले में सुनवाई करते हुए अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार मिश्र ने रिमांड की बात स्वीकार नहीं की। यही नहीं दीपक कुमार सिन्हा को पचास हजार रुपये के निजी मुचलके पर रिहा कर दिया।

# दुर्घटना को दावत दे रहे पटरियों पर उगे झाड़



चकिया-चंदौली मार्ग के दोनों ओर उगे झाड़-झंखाड़।

**शहाबगंज।** चकिया चन्दौली मार्ग के पटरियों पर उगे झाड़ झंखाड परेशानी का सबब बनते जा रहे है। वहीं पीडब्ल्यूडी विभाग झाड़ी कटवाने के प्रति लापरवाह बना हुआ है। चकिया से चन्दौली जाने वाला 30किमी का मार्ग लेफ्ट कर्मनाशा नहर के किनारे बना हुआ है। उसी मार्ग के द्वारा छोटे बड़े वाहनों का आवागमन होता है।

वही हजारों की संख्या में प्रतिदिन अपने जरुरी कामों को निपटाने जिलामुख्यालय पर आमजन का जाना रहता है। लेकिन इसी मार्ग पर सड़क के दोनों पटरियों पर बड़े -बड़े झाड़ झंखाड उग आये है। जो राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन गये है। वही आये दिन बड़े वाहनों से बचने के चक्कर में साईकिल या मोटरसाइकिल सवार झाड़ियों में जाकर चोटिल हो जाते है। सबसे ज्यादा झाड़ियां, अताय, मुरकौल, तियरा, नौडिहा, फत्तेपुर, कांटा गांव के सामने है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सड़क के किनारे उगी झाड़ियों को कटवाने की मांग किया।

# स्पोर्ट्स




बीजिंग में सिटी टोर्च रिले के बाद एक गार्ड मशाल को लेंटर्न पर लगाते हुए। यहां अभी समर वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स हो रहे हैं।

# भारतीय टीम ने पहली बार जूनियर महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट जीता

## भारतीय टीम ने दक्षिण कोरियाई टीम को फाइनल में 2-1 से हराकर यह अहम उपलब्धि अपने नाम की है

**काकामिगहारा।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने पहली बार जूनियर महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट जीता है। भारतीय टीम ने दक्षिण कोरियाई टीम को फाइनल में 2-1 से हराकर यह अहम उपलब्धि अपने नाम की है। भारतीय टीम की इस जीत में अन्नू और नीलम की अहम भूमिका रही। अन्नू ने 22वें मिनट और नीलम ने 41 वें मिनट में ये गोल किये।
वहीं दक्षिण कोरिया की की ओर से एकमात्र गोल सियोओन पाकर ने 25 वें मिनट में किया। एक दशक के बाद पहली बार फाइनल में पहुंचने वाली



भारतीय लड़कियों ने इस मैच में आक्रामक रुख अपनाया। पहले क्वार्टर में दोनो ही टीमें गोल नहीं कर पायीं।
वहीं कोरिया को दूसरे क्वार्टर की शुरूआत में ही दो पेनाल्टी कार्नर मिले पर वह गोल नहीं कर पायी। भारत की ओर से 21वें मिनट में अन्नू ने पेनल्टी स्ट्रोक से गोल कर भारतीय टीम को 1-0 से आगे कर दिया। इसके बाद कोरियाई टीम ने बराबरी के प्रयास शुरू कर दिये।

मैच के 25वें मिनट में सियोओन ने एक ने गोल कर कोरियाई टीम को बराबरी पर ला दिया। तीसरे क्वार्टर में नीलम ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करने के साथ ही भारतीय टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया। इसके बाद भी भारतीय टीम को गोल करने के अवसर मिले पर वह सफल नहीं हो पायी।

## एफआईएच हॉकी प्रो लीग में नीदरलैंड से हारी भारतीय टीम



**आइंडहोवन ।** नीदरलैंड के साथ यहां हुए एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग के एक रोमांचक मुकाबले में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय टीम ने इस रोमांचक मैच में पूरा जोर लगाया पर इसके बाद भी उसे नीदरलैंड के हाथों 2-3 से हार झेलनी पड़ी। इस मैच में नीदरलैंड की ओर से डुको तेलजेनकैंप ने सातवें सातवां मिनट, बोरिस बुकर्हार्ट ने 41 वें मिनट , त्जेप होडमेकर्स ने 43 वें मिनट में गोल किए। वहीं भारत की ओर से जबकि संजय ने 18 वें और गुरजंत सिंह ने 46 वें मिनट में गोल किये। नीदरलैंड ने इसी के साथ ही भारतीय टीम की खिलाफ लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। इससे पहले नीदरलैंड दौरे के पहले मैच में भी भारतीय टीम को 4-1 से हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद भी हालांकि भारतीय टीम प्रो लीग तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है।



न्यूयार्क में बेलमोंट स्केटस जीतने के बाद ट्रॉफी उठाये हुए आरकेनजिलो ट्रेनर जीना एंटोसुई, टीम मालिक जॉन एबर्ट व जॉकी जेविसर कैसटीलेनो।

# एशिया कप विवाद का हल निकलेगा, पीसीबी के ह्यहाइब्रिड मॉडल के प्रस्ताव पर तैयार हुई एसीसी !

## विश्वकप के लिए पाक टीम के भारत दौरे पर लगी आशंकाएं भी दूर होंगी

**मुम्बई।** एशिया कप क्रिकेट टूनार्मेंट की मेजबानी का हल निकलने की संभावनाएं बढ़ गयी हैं। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) एशिया कप के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के ह्यहाइब्रिड मॉडल को मानने के लिए तैयार हो गया है। इसके तहत अब भारतीय टीम के मुकाबले तटस्थ स्थल पर होंगे। इसमें चार एशिया कप मुकाबलों का आयोजन पाकिस्तान जबकि बाकी मुकाबलों का आयोजन श्रीलंका के गॉल और पाल्लेकल में होगा। इस मामले में एसीसी को अभी औपचारिक घोषणा करनी बाकि है। एसीसी के हाइब्रिड मॉडल को आधिकारिक तौर पर स्वीकार किए जाने के कारण अब अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के




लिए भी पाकिस्तान टीम के भारत आने पर लगी आशंकाएं समाप्त हो गयी हैं। अब पाकिस्तान को अहमदाबाद में खेलने में कोई दिक्कत नहीं होने की संभावना है। अधिकांश देश हाइब्रिड मॉडल नहीं चाहते थे। ऐसे में एसीसी कार्यकारी बोर्ड के सदस्यों में से एक ओमान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख पंकज खिमजी को इस मामले का हल निकलने की जिम्मेदारी दी गयी थी। अब पाकिस्तान बनाम नेपाल, बांग्लादेश बनाम अफगानिस्तान, अफगानिस्तान बनाम श्रीलंका और श्रीलंका बनाम बांग्लादेश के मैच ही लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। वहीं , भारत बनाम पाकिस्तान के दो मैच और अन्य सभी सुपर फोर गेम्स श्रीलंका के पल्लेकेले या गाले में आयोजित किए जाएंगे। एशिया कप सितंबर में होने की उम्मीद है। इससे पहले जब आईसीसी के सीईओ ज्योफ एलार्डिस और अध्यक्ष ग्रेग बार्कले ने पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी से कराची में मुलाकात की थी तो यह निर्णय लिया गया कि पाकिस्तान विश्व कप के लिए कोई शर्त नहीं रखेगा। एशिया कप मेजबान होने के कारण उसके यहां चार मैच खेले जाएंगे।

## बॉलीवुड न्यूज

### भारतीय परिवारों में लैंगिक मानदंडों के विषय पर चर्चा करता है 'वंशज'



**इंदौर।** सोनी सब द्वारा अपने नए शो वंशज के लिए हाल ही में जारी किए गए प्रोमो में एक युवा लड़की को दिखाया गया है, जो अपने पारिवारिक व्यवसाय का नेतृत्व हासिल करने का दावा करती है, जिसने एक विचारोत्तेजक असर छोड़ा है। ऐसा लंबे समय से देखा गया है कि पारिवारिक उद्यम की बागडोर मुख्य रूप से पुरुष उत्तराधिकारियों को सौंपने की परंपरा भारतीय पारिवारिक व्यवसायों में गहराई से जुड़ी एक प्रथा है। हालांकि, आज के दौर में पारिवारिक विरासत के मामले में भी लैंगिक समानता पर सवाल उठाना जरूरी है।
वास्तव में, अगर हम आंकड़ों पर विचार करें, तो पीडब्ल्यूसी द्वारा 2019 में किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में 58% पारिवारिक व्यवसायों में, जहां व्यवसाय में अगली पीढ़ी काम कर रही है, वहां कोई महिला काम नहीं कर रही है। लेकिन ऐसा क्यों है कि अब तक भारत में पारिवारिक व्यवसायों के उत्तराधिकारियों के चुनाव में जेंडर को क्षमता से ऊपर रखा जाता है? भारत में पारिवारिक व्यवसायों की विरासत पुरुष उत्तराधिकारियों को देने के मामलों के लिए कई सामाजिक कारकों को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। ऐतिहासिक रूप से, पितृसत्ता ने सामाजिक मानदंडों और अपेक्षाओं को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और पुत्रों को विरासत, शक्ति और परिवार के नाम को आगे बढ़ाने के मामलों में पसंद किया गया है क्योंकि बेटी शादी के बाद अपनी ससुराल के परिवार और जिम्मेदारियों को आगे बढ़ाती है। भले ही परिवार के नाम और वंश को बनाए रखने की पारंपरिक अवधारणा महत्व रखती है, लेकिन आज लोग इस बात पर भी सवाल उठा रहे हैं कि पारिवारिक व्यवसायों के लिए उत्तराधिकारी चुनते समय क्षमता को भी मौका क्यों नहीं दिया जाना चाहिए। यही प्रासंगिक चर्चा वंशज की कहानी है। आगामी पारिवारिक ड्रामा अपने दर्शकों से एक सम्मोहक और विचारोत्तेजक प्रश्न पूछता है: क्या यह वास्तव में विरासत या क्षमता से यह तय किया जाता है कि व्यवसाय कौन संभालेगा?

# बजरंग और साक्षी बोले, 15 जून तक बृजभूषण की गिरफ्तारी नहीं हुई तो फिर करेंगे विरोध-प्रदर्शन

*शिकायतकताओं पर बयान बदलने के लिए बढ़ता जा रहा दबाव*

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक ने कहा है कि अगर भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की 15 जून तक गिरफ्तारी नहीं होती है तो वे फिर से जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। साथ ही आरोप लगाया कि नाबालिग पहलवान के पिता पर दबाव डाला गया था और इसी कारण उसने अपना बयान बदला है। इससे पहले केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात के बाद इस सप्ताह की शुरूआत में ही पहलवानों ने अपने विरोध प्रदर्शन को 15 जून तक के लिए निलंबित कर दिया था। मुलाकात के दौरान खेलमंत्री ने पहलवानों को आश्वासन दिया था कि



पुलिस 15 जून तक बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों में चार्जशीट दायर करेगी।
अब बजरंग ने कहा कि अगर सरकार 15 जून तक बृजभूषण को गिरफ्तार करने में असफल रहती है, तो हम 17 जून से अपना विरोध फिर से शुरू करेंगे। यह विरोध जंतर मंतर से ही शुरू होगा। बजरंग ने कहा कि शिकायतकताओं पर बयान बदलने का भारी दबाव है। ऐसे में बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी के बाद ही पहलवानों को न्याय मिल पायेगा क्योंकि बाहर रहते हुए वह जांच को प्रभावित कर रहा था। बजरंग ने कहा कि उसे सलाखों के पीछे पहुंचाने के लिए एक मजबूत चार्जशीट की जरूरत है। साथ ही कहा कि शिकायतकताओं को धमकी भरे फोन आ रहे हैं। वे डरे हुए हैं और सदमे में हैं।

पहलवान ने कहा कि अगर बृजभूषण को पुलिस ने तत्काल गिरफ्तार नहीं किया, तो जिस प्रकार नाबालिग पहलवान ने अपना बयान बदला उसी प्रकार 6 अन्य शिकायतकताओं पर भी अपना बयान बदलने के लिए दबाव बढ़ जाएगा। बजरंग ने कहा कि नाबालिग लड़की के पिता ने पहले ही कहा था कि वे दबाव में थे। इसलिए मुझे डर है कि अन्य छह महिला पहलवानों के साथ भी ऐसा ही होगा।
वहीं साक्षी ने कहा कि हम आगामी एशियाई खेलों में तभी भाग लेंगे जब बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की पूरी जांच पूरी हो जाएगी। साक्षी ने कहा कि आप नहीं समझ सकते कि पहलवानों के लिए यह मानसिक रूप से कितना थका देने वाला हो गया है। हम हर रोज किस स्थिति से गुजर रहे हैं।

## पोंटिंग ने माना, गेंद का कुछ हिस्सा जमीन पर लगा

**लंदन।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की दूसरी पारी में शुभमन गिल के कैच को लेकर अंपायर के फैसले का वह सम्मान करते हैं पर उन्हें भी लगा कि गेंद का कुछ हिस्सा जमीन पर लगा था। इस मैच में जीत के लिए दूसरी पारी में 444 रन के लक्ष्य का पीछा



करते हुए भारतीय टीम की ओर से शुभमन और कप्तान रोहित शर्मा ने तेज शुरूआत की पर तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड की एक गेंद पर शुभमन के कैच को लेकर विवाद उठा गया। इसमें टीवी रिप्ले में दिखा की गेंद जमीन पर लगकर उछली थी हालांकि टीव अंपायर रिचर्ड केटलबोरो ने बल्लेबाज को आउट दे दिया।
पोंटिंग ने कहा, मुझे वास्तव में लगता है कि गेंद का कुछ हिस्सा जमीन को छू गया था और यह अंपायर की व्याख्या है कि जब तक गेंद को जमीन पर हिट करने से पहले फील्डर के पास गेंद पर पूरा नियंत्रण होता है तो वह आउट होता है। अंपायरों की व्याख्या यही रही होगी और मुझे लगता है कि वास्तव में ऐसा ही हुआ। यह संभवतः जमीन से छह या आठ इंच ऊपर उठी और उसके बाद एक और कार्रवाई हुई। उन्हें उम्मीद है कि खेल के बाद और उसके कैच पर व्यापक रूप से चर्चा की जाएगी और इस मामले में राय विभाजित ही होती रहेगी। पोंटिंग ने सुझाव दिया, मुझे भरोसा है कि इसके बारे में बहुत बात होगी और ऑस्ट्रेलिया की तुलना में भारत में शायद अधिक बात होगी। भारत में हर कोई सोचेगा कि यह आउट नहीं है और ऑस्ट्रेलिया में हर कोई सोचेगा कि यह आउट है।

## चारी गांव में मारपीट में तीन घायल

**कंदवा।** क्षेत्र के चारी गांव में शनिवार की रात आई बारात में महिलाओं को बोली बोलने को लेकर बारातियों व यादव बिरादरी के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान रोशन 20 वर्ष रवि 18 वर्ष और मुनीब 19 वर पक्ष के तीन लोग घायल हो गए ।सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। चारी गांव निवासी ओमप्रकाश मौर्या की लड़की की बारात बिहार से आई थी ।इस दौरान द्वार पूजा के दौरान बारातियों द्वारा यादव बिरादरी के महिलाओं से बोली बोलने को लेकर यादव बिरादरी के युवकों से मारपीट हो गई ।बड़े बुजुर्गों के समझाने पर मामला ठंढा हो गया ।लेकिन भोर में करीब तीन बजे कुछ बराती दोबारा गली में खड़ा होकर यादव बिरादरी के लोगों को गाली गलौज देने लगे ।जिस पर दोबारा मारपीट शुरू हो गई ।इस दौरान खूब लाठी-डंडे चले। जिससे वर पक्ष के रोशन रवि और मुनीब गम्भीर रूप से घायल हो गए ।मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया ।जहां से उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। लेकिन वहां चिकित्सकों ने केवल रोशन व मुनीब को ही भर्ती किया और रवि की चोट को मामूली बताकर भर्ती करने से इंकार कर दिया ।वहीं रविवार की सुबह 10 बजे उन्हें भी डिस्चार्ज कर वापस घर भेज दिया ।लड़की के पिता ओमप्रकाश ने गांव के सिंटू यादव, शिवम यादव,शुभम यादव और सुदर्शन यादव के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। पूरे क्षेत्र में घटना की चर्चा जोरों पर है। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक विनोद मिश्रा ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ धारा-323, 504, 506, 325 और 308 के तहत मुकदमा दर्ज कर ली गई है।

# कीनाराम जन्मस्थली को तपोस्थली से जोड़ने वाला मार्ग हुआ पूर्ण

**चहनियॉ।** बाबा कीनाराम जन्मस्थली से तपोस्थली को जोड़ने वाला खड़ंजा व नाली कई वर्षों से ध्वस्त हो चुकी थी जिसको बनवाने के लिए ग्रामीणों द्वारा लगातार प्रयास किया गया ग्राम प्रधानपति रमाकांत यादव द्वारा अपने ग्रामपंचायत निधि से अनिल प्रजापति के घर से सुधीन्द्र कुमार पाण्डेय के सेंटर तक व बाबा कीनाराम इंटर कालेज पिचरोड से बाणगंगा के किनारे तक नाली व खड़ंजा का केंद्रीय वित्त (पंद्रहवाँ वित्त)से नव निर्माण कार्य कराकर मार्ग का संचालन कराने का कार्य किया गया । ग्राम प्रधानपति रमाकांत यादव ने बताया कि यह खड़ंजा काफी समय से क्षतिग्रस्त हो चुका था जिसको ठीक कराना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी बन गयी थी ।मैं गांव के निचले तपके से लेकर मध्यम वर्ग तक के जरूरतमंद की सभी समस्याओं के लिए लगातार प्रयास करता रहता हूँ तथा गांव की नाली, खड़ंजा सड़क, शौचालय, हैण्डपम्प, गली मोहल्ले की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

बरसात से पहले गांव की सभी नाली के टंकियों को कचड़ा मुक्त किया जाएगा इसके लिए कार्ययोजना बनाई गई है। गांव के प्रत्येक गलियों में कूड़ा रखने के लिए डस्टबीन की व्यवस्था बनाई गई है जिसको जल्द मूर्त रूप दे दिया जायेगा। गांव में किसी कारणवश कुछ लोगों के घरों में



मार्ग पूर्ण कराकर आवागमन शुरू करवाते प्रधानपति रमाकांत यादव।

शौचालय का निर्माण नहीं हो पाया उनको भी योजना से जोड़कर लाभान्वित किया जा रहा। इसी कड़ी में आज बाबा कीनाराम जन्मस्थली से तपोस्थली को जोड़ने वाली खड़ंजा मार्ग का निर्माण कराकर अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा। इस मार्ग की शुरूवात कराने में मुख्य रूप से रमेश चौरसिया, जुगनू, सारनाथ कुशवाहा, मुकेश, छोटू यादव, प्रभुनाथ पाण्डेय, नरेश गोंड, छोटू बरनवाल, श्यामसदन, बलवंत सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# सम्मान समारोह के आयोजन में चेयरमैन का किया गया स्वागत

**डीडीयू नगर।** नगर पालिका परिषद वार्ड नंबर 16 में बच्चा इस्लामिया नूरिया कमेटी के तत्वाधान में शनिवार की देर शाम सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । इसमें नवागत चेयरमैन सोनू किन्नर का वार्ड वासियों व सभासदों ने फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया।

वहीं इन्होंने वार्ड वासियों को विकास कार्य कराने का भरोसा दिया। अलीनगर वार्ड नंबर 16 में बच्चा इस्लामिया नुरिया कमेटी के तत्वावधान में शनिवार की देर शाम सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें नवागत चेयरमैन सोनू किन्नर का वार्ड वासियों व सभासदों ने फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया। वहीं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानि किया गया।इस दौरान इन्होंने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के समस्त वार्डों में विकास की गति को आगे बढ़ने का काम करूंगी। इसमें



चेयरमैन सोनू किन्नर का स्वागत करते कमेटी के लोग।

सभासदों के साथ वार्डवासियों का भी सहयोग हमारे लिए महत्वपूर्ण होगा। नगर पालिका क्षेत्र की हालत बहुत ही खराब है। इसको सुधारने की चुनौती हमारे सामने है।

इसको स्वीकार कर विकास की पहिया आगे बढ़ाने का काम करूंगी। सभासद प्रतिनिधि शेख कयामुद्दीन ने कहा कि नवागत अध्यक्ष से जनता को बहुत उम्मीद है। तमाम विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं। वार्ड में तमाम समस्याएं बनी हुई है। जनता के उम्मीद पर हम सभी को मिलकर खरा उतरने की जरूरत है। इस मौके पर समाजसेवी शमीम मिल्की, सलमा किन्नर, चंदेश्वर जायसवाल, राजेश जायसवाल, रामविलास मास्टर, साजिद अंसारी, अविनाश गौतम, जेपी लाल, पारस यादव, संजय प्रसाद, डब्बा तिवारी, वसीम अहमद, सरवर अली, हरिओम श्रीवास्तव, संतोष कुमार, श्वेता सिद्धिदात्री मौजूद रहे।



पेरिस के रोला गैरा में पोलैंड की इगा स्वीटेक सुजाने लेघलान ट्राफी के साथ पोज देती हुई।

# एक दुकान और दो गुमटी का ताला तोड़कर हजारों की चोरी


चोरी के बाद जांच-पड़ताल करती पुलिस

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के धरमपुर और मधुपुर बाजार में बीती रात एक इलेक्ट्रानिक की दुकान और दो पान व चाय की गुमटी का ताला तोड़कर चोर हजारों का सामान उठा ले गए। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

बताते हैं कि थाना क्षेत्र के रमगढ़ा गांव निवासी नीरज मौर्य की धरमपुर में इलेक्ट्रिक की दुकान है। बीती रात चोरों ने दुकान के दरवाजे का ताला तोड़कर उसमें रक्खा बल्ब, तार, बोर्ड, फैन टीवी इत्यादि चोरी कर रहे थे कि उसी दौरान पड़ोसी दुकानदार जग गया और वह शोर मचाने लगा। उसके शोर मचाने पर चोर करीब दस हजार रूपए का सामान लेकर चंपत हो गए। पड़ोसी की सूचना पर दुकान मालिक का बड़ा भाई अंकित मौर्य मौके पर पहुंच कर फोन से सतहरिया चौकी पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। इसी क्रम में मधुपुर बाजार में दो गुमटी में गोरेलाल व राकेश की चाय पान की दुकान थी जिसका ताला बीती रात चोरों ने तोड़कर उसमें रखा करीब 10 हजार रुपए का सामान उठा ले गए। जिसकी सूचना भुक्तभोगी द्वारा पुलिस को दे दी गई है। एक ही रात में तीन दुकानों में चोरी से दुकानदारों में चिंता व्याप्त है।

# पैसेंजर ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर प्रदर्शन



हरपालगंज स्टेशन पर प्रदर्शन करते लोग

**सिंगरामऊ।** किसान संगठन एआईकेकेएमएस द्वारा शिवपुर उतरेटिया पैसेंजर ट्रेनों का हरपालगंज रेलवे स्टेशन पर ठहराव की मांग को लेकर स्टेशन पर धरना प्रदर्शन करके रेल मंत्री व मण्डल रेल प्रबंधक लखनऊ को सम्बोधित तीन सूत्रीय मांग पत्रक स्टेशन अधीक्षक को सौंपा गया। मांग पत्र में मांग की गई कि शिवपुर उतरेटिया मेमो पैसेंजर ट्रेनों 04107 व 04108 का ठहराव हरपालगंज रेलवे स्टेशन पर सुनिश्चित किया जाए और इन ट्रेनों को वाराणसी से लखनऊ तक चलाया जाए। ट्रेन संख्या 04263 व 04264 को शिवपुर न रोककर सुल्तानपुर से वाराणसी तक चलाया जाए। कोरोना काल से बंद वाराणसी सुल्तानपुर पैसेंजर ट्रेन नं 4265 व 4266 को पुनः चालू किया जाए।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश में वाराणसी से सुल्तानपुर पैसेंजर ट्रेन नं. 4263 और सुल्तानपुर से वाराणसी पैसेंजर ट्रेन नं. 4264 और 4265 व 4266 को कोरोना काल से ही बंद कर दिया गया था। तभी से लगभग 4-5 जिलों के हजारों लोगों को यात्रा करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बीच में जनता के द्वारा रेल प्रशासन को मांग पत्र सौंपे जाने के बाद सुल्तानपुर वाराणसी पैसेंजर ट्रेन को एक्सप्रेस (ट्रेन नं 04263 व 04264) बनाकर चलाया गया जो अभी वाराणसी से न चलाकर शिवपुर से ही चलाई जा रही है। लेकिन सुबह चलने वाली दूसरी ट्रेन (सुल्तानपुर वाराणसी पैसेंजर ट्रेन नं 4265 व 4266) अब भी बंद है। इस तरह कॉलेज, विश्वविद्यालय, अस्पताल, कचहरी, ऑफिस व अन्य कई आवश्यक जरुरतों के लिए लोगों की रोजाना की यात्रा बाधित हो रही है और रेल यात्रा की सुगम सुविधाओं से आम लोग वंचित हो रहे हैं। क्षेत्र के लोगों में इस बात से खुशी तो है कि कुछ दिनों से शिवपुर उतरेटिया मेमो पैसेंजर ट्रेन 04107 व 04108 का संचालन शुरू किया गया है। लेकिन इसके ठहराव हर जगह नहीं हैं। हरपालगंज रेलवे स्टेशन एक प्रमुख स्टेशन है, जहां पर हजारों यात्री प्रति दिन सफर करने के लिए जाते हैं। इस लिहाज से हरपालगंज में उक्त मेमो पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव बेहद जरूरी है, और इस ट्रेन को वाराणसी से लखनऊ तक चलाने से जनता बेहद खुशी होगी। इस अवसर पर ऑल इण्डिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला सचिव कॉमरेड रामगोविन्द सिंह, रामप्यारे एडवोकेट, मनोज विश्वकर्मा, मिथिलेश कुमार मौर्य (राज्य सचिव), अशोक कुमार खरवार, हीरालाल गुप्ता, राधेश्याम चौबे, लालता प्रसाद मौर्य, दिलीप कुमार खरवार, प्रवीण कुमार सिंह, संतोष कुमार प्रजापति, बेचन सिंह, अमरनाथ दुबे, दिनेश मौर्य, प्रमोद दुबे, रामभारत मौर्य, राममूर्ति मौर्य, निकोलाई शर्मा व कॉमरेड रविशंकर मौर्य (जिला सचिव, एसयूसीआई (सी) के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

# चौकी प्रभारी चाहते तो बच सकती थी महेश की जान

जनसंदेश न्यूज


चाकू से घायल युवक (फाइल फोटो)

**जफराबाद।** बीते मंगलवार को देर रात हौज गांव में चाचा श्याम सिंह ने अपने भतीजे महेश के पेट में गुप्ति (चाकू) घुसा दिया। महेश ने घटना की जानकारी थाने पर मौजूद चौकी इंचार्ज आशीष पांडे के पास देने के लिए घायल अवस्था में पूछा। चौकी प्रभारी ने महेश के जख्मों को देखकर किसी चीज से खोच लगे होने की बात कहकर डांटने लगे। पीड़ित महेश को गुस्सा आया। चोट पर लगे पट्टी को महेश ने नोंचकर जख्म चौकी प्रभारी को दिखाया। काश तब भी चौकी प्रभारी समझ गए होते। बाहर से छोटा जख्म, भीतर गहरे जख्म को प्रभारी समझने में गलती कर गए। गाली गलौज देकर भगा दिया। जिसकी वजह से महेश को सही इलाज नहीं मिला। धीरे-धीरे शरीर में जहर फैल गया। महेश की मौत हो गई। महेश की पत्नी तथा गांव वालों ने बताया कि महेश अपने गंभीर चोट होने की पुष्टि के लिए चाकू लगने वाले स्थान से पट्टी खींचकर हटा दिया। बावजूद इसके चौकी इंचार्ज महेश के घाव की गहराई का अंदाजा नहीं लगा सके। महेश की मौत का कारण परिजन चौकी प्रभारी को मान रहे हैं। चौकी प्रभारी की गैर जिम्मेदाराना हरकत के बावजूद उच्चाधिकारियों ने अभी तक उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जिसकी वजह से लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

# कार की टक्कर से मासूम की मौत

**खुटहन।** चौराहे के बगल पिलकिछा रोड पर रविवार को सड़क पार कर रही एक दो वर्षीय मासूम बालिका कार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। मौके पर जुटे लोग कार रोक उसी में मासूम और स्वजनों को बैठाकर जिला चिकित्सालय भेजा जहां देखते ही चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। रोते बिलखते स्वजन शव लेकर घर आ गए। उधर अस्पताल में मौका पाकर चालक कार सहित फरार हो गया। ओइना गांव निवासी एडवोकेट विपिन मिश्रा बाजार में अपनी पत्नी को दवा दिलवाने आये थे। साथ में उनकी दो वर्षीय पुत्री कृषिका भी आई हुई थी। वे अपनी पत्नी को चिकित्सक को दिखा रहे थे कि खेलते खेलते कृषिका सड़क पर आ गई तभी पिलकिछा की तरफ से आ रही कार ने टक्कर मार दिया वह छिटककर कई फिट दूर जा गिरी बेहोशी की हालत में उसे उपचार हेतु ले जाया गया।



# दाह संस्कार करने गये युवक की नदी में डूबकर मौत

**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र के सिहौली गांव के गोमती नदी के किनारे बने अंत्येष्टि स्थल पर रविवार को शव दाह संस्कार करने आये एक युवक की नदी में नहाते समय डूबकर मौत हो गयी।

गौरतलब है कि प्रमिला देवी पत्नी संजय कुमार कई महीनों से बीमार चल रही थी। वीमारी के कारण रविवार को उनकी मौत हो गयी। शव दाह संस्कार के लिए ग्रामीण घाट स्थल पर पहुंचे थे विकास उर्फ विक्की पुत्र पतिराम 21 वर्ष निवासी चौकियाँ गाँव जयगोपालगंज अपने ग्रामीणों के साथ आया हुआ था। शव जलने के बाद लोग नदी में नहाने लगे। इस दौरान विकास भी नदी में नहाने लगा अचानक गहरे पानी में जाने के कारण वह अपना संतुलन खो बैठा और नदी में डूबने लगा। विकास को डूबता देख लोग चीख पुकार करने लगे। साथ आये लोग डूबते हुए विकास को बचाने में असफल रहे। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव ने गोताखोरों की मदद से शव की खोजबीन होने लगी। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला और थाने लाकर पोस्टमार्टम हेतु भेज आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। वहीं मौत की खबर परिजनों को होते ही परिवार में कोहराम मच गया। लोगो का रो-रो कर बुरा हाल है।

**बीकॉम का छात्र था विकास**

परिजनों के अनुसार विकास सरल स्वभाव का था। पढ़ने लिखने में काफी दिलचस्पी थी। चार भाईयों में तीसरे नंबर का था विकास। माइक्रोटेक कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट बगथरी आजादनगर में बीकॉम फाइनल ईयर की पढ़ाई करता था। पिता पतिराम लुधियाना में धागा मिल कंपनी में काम करते हैं। इस समय घर पर आये हुए थे वह भी शव दाह संस्कार में भी गए थे। विकास नदी में नहाने से पहले अपना कपड़ा और मोबाइल निकाल कर अपने पिता को देकर अपने साथी के साथ नहाने चला गया। नदी में नहाते समय डूब गया।

# भूमि विवाद को लेकर मनबढ़ों ने महिला को लाठी डंडे से पीटा

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के चोरसंड गांव में भूमि विवाद को लेकर मनबढ़ों ने एक महिला को लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। जब मौके पर पुलिस पहुंची तो उक्त मनबढ़ फरार हो गए। उक्त थाना क्षेत्र के चोरसंड गांव निवासी रीता पत्नी रमेश कुमार व राम आसरे में पुराना भूमि विवाद चल रहा था। रीता का पति रमेश रोजी रोटी के सिलसिले में परदेस रहता है। रविवार को सुबह रीता उक्त विवादित जमीन पर ईट का चट्टा लगा रही थी जिसकी जानकारी उसके विपक्षी राम आसरे को हो गई। वह अपने परिवार के सदस्य कमलेश के साथ आ गया। उसने ईट का चट्टा लगाने से रीता को मना किया जिस पर दोनों तरफ से झड़प होने लगी। आरोप है कि इसी दौरान राम आसरे और कमलेश ने रीता को धक्का देकर गिरा दिया तथा लाठी डंडे से मारपीट दिया। रीता ने मारपीट की सूचना पुलिस को दे दिया जिस पर पुलिस को आता देख महिला को मारने पीटने वाले दोनों लोग फरार हो गए। उक्त प्रकरण में महिला ने थाने पर पहुंच कर प्रार्थना पत्र दे दिया है। इस मामले में पूछे जाने पर चौकी इंचार्ज राम जी सैनी ने कहा कि मामले की जानकरी मिली है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# दो पशु तस्कर गिरफ्तार तीन गोवंश बरामद


गिरफ्तार पशु तस्कर व पुलिस टीम

**खुटहन।** थाना पुलिस ने वध के लिए बाग में बांधे गए तीन गोवंश बरामद कर दो पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया कि एसआइ रियाजुद्दीन खां, हेड कांस्टेबल चंद्र शेखर सिंह, महिला कांस्टेबल बिट्टू, कांस्टेबल राहुल यादव आदि के साथ शनिवार को गश्त के दौरान रामनगर तिराहा पर मौजूद थे। उसी समय सुराग मिला कि दो पशु तस्कर तीन गोवंशीय लेकर वध के लिए ग्राम वीरपालपुर में बाग में बांधकर रखे हैं। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए वीरपालपुर पहुंचकर घेराबंदी कर दोनों को धर दबोचा। मौके पर तीन गोवंशीय, लकड़ी का ठीहा, धारदार चापड़, चाकू, प्लास्टिक का तिरपाल, दो प्लास्टिक की बोरियां व पांच सौ रुपये, आधा किलो पॉलीथिन की थैलियां आदि मिले। गिरफ्तार आरोपितों बीरी शमसुद्दीनपुर निवासी साहिल उर्फ शमशाद व बदलापुर के मछली गांव निवासी रुकमुद्दीन का गो-वध निवारण, पशु क्रूरता व शस्त्र अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

# पुलिस जवानों ने किया शस्त्रों को खोलने व जोड़ने का अभ्यास


अभ्यास करते पुलिस के जवान

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा के निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण, के नेतृत्व में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य रुप से शस्त्र अभ्यास एवं शस्त्रों को खोलने एवं जोड़ने की जानकारी तथा समस्त आर्म्स एम्यूनेशन की जानकारी प्रदान की गयी। इसके पश्चात क्राईन सीन प्रोटेक्शन किट एवं सैक्सुअल एसाल्ट एविडेन्स कलेक्शन किट का सही से प्रयोग के बारे में प्रशिक्षण एवं आवश्यक जानकारी दी गयी। उक्त कार्यशाला के पश्चात पुलिस लाइन के बहुउद्देशीय हाल में अपर पुलिस अधीक्षक नगर बृजेश कुमार गौतम व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा प्रमुख अपराध जैसे- हत्या, लूट, डकैती, धारा 419/420/467/468/471 भादवि के अपराध एवं महिला सम्बन्धी समस्त अपराधों के विवेचना को गुणात्मक एवं विवेचना से सम्बन्धी अन्य आदेश-निर्देश दिये गये। थाने पर प्रचलित रजिस्टर हत्या बलवा रोकथाम रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, पुलिस आर्डर बुक रजिस्टर, टाप-10 रजिस्टर, फ्लाईशीट रजिस्टर, जमानतदार सत्यापन, काजलिस्ट रजिस्टर का सही रखरखाव व अध्यावधि रखने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त प्रशिक्षण में समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी द्वारा अपने-अपने कार्यालय के समस्त स्टाफ व 1-1 उ.नि. के साथ प्रतिभाग किया गया।

# सबका साथ सबका विकास के तहत प्रत्येक गांव में हो रहा विद्युतीकरण : गिरीश यादव

**बैठक**

**कहा, कोरोना काल में अगर मोदी न होते तो देश में बहुत होती जन हानि**

**भाजपा की संयुक्त मोर्चा की बैठक में बोले प्रदेश के राज्यमंत्री**



संयुक्त मोर्चा की बैठक को सम्बोधित करते राज्यमंत्री गिरीश यादव

**जौनपुर।** मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर भाजपा का सुक्खीपुर स्थित एक होटल में किसान, युवा, महिला, पिछड़ा, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति एवं अल्पसंख्यक मोर्चा की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने की। बैठक के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव रहे। बैठक का शुभारम्भ डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र यादव ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार अन्त्योदय के उद्देश्य को साकार करने के लिए समाज के अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्तियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नीतियों के कारण सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए पूरे प्रदेश के गांवों में वृहद संतृप्तिकरण अभियान के तहत कैम्प लगाकर पात्र किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है इसके लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत देश में 11 करोड़ किसान बन्धुओं के खाते में हर साल 6 हजार रुपए की धनराशि हस्तांतरित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से देश के करोड़ों किसान बन्धुओं को लाभान्वित किया जा रहा है, इस योजना से अभी तक देश में 17 करोड़ से अधिक किसान बन्धुओं ने अपना बीमा कराया है और इस योजना के तहत 1.3 लाख करोड़ रुपए के दावों का भुगतान भी किया गया है। राज्यमंत्री ने कहा कि किसान पारदर्शी योजनान्तर्गत कृषकों को बीज रसायन एवं यंत्रों पर डी.बी.टी. के माध्यम से अनुदान देकर लाभान्वित किया गया। प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान योजनान्तर्गत भिन्न क्षमताओं के सोलर पम्प पर सब्सिडी देकर लाभान्वित किया जा रहा है, इसी प्रकार से प्रशिक्षित उद्यमी योजनान्तर्गत प्रशिक्षित कर खाद, बीज एवं कीट नाशक हेतु लाईसेंस प्रदान कर रोजगार के साधन उपलब्ध कराये जा रहे है।

जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जन मानस लाभान्वित हो सके इसके लिए हर संभव प्रयास कर रही है और गरीब, असहाय, निर्बल लोगों के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व के समय में गैस सिलेण्डर लेने में लोगों को बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था, अब हर व्यक्ति को सुगमता के साथ गैस सिलेण्डर की सुविधा उपलब्ध हो रही है, इसके लिए उन्हें लाईन में खड़ा होने की आवश्यकता नहीं है, डोर टू-डोर सिलेण्डर की डिलेवरी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत गरीब व असहाय लोगों के बेटियों का विवाह कराया जा रहा है। कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, हरिश्चंद्र सिंह, पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह आदि ने भी संबोधित किया। संचालन महामंत्री सुशील मिश्रा ने किया। उक्त अवसर पर सुरेन्द्र सिंघानियां, प्रमोद यादव, रामसूरत मौर्या, नरेन्द्र उपाध्याय, रागिनी सिंह, कमला सिंह, मम्मन यादव, सुधांशु विश्वकर्मा, संदीप सिंह सहित सभी मोर्चा के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 20 दिवसीय चित्रकला व कथक प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन समारोह

**कार्यक्रम**

**संस्कार भारती, राज्य ललित कला अकादमी व उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी ने किया था आयोजन**



प्रशिक्षण कार्यशाला में सम्मानित हुए प्रतिभागी

**जौनपुर।** संस्कार भारती व राज्य ललित कला अकादमी तथा उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संयुक तत्वावधान में आयोजित 20 दिवसीय चित्रकला एवं कथक प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन समारोह नगर के नगर के एक होटल में पूरी भव्यता के साथ शनिवार की रात संम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कवि मंच के राष्ट्रीय महामंत्री कमलेश मौर्य 'मृदु', विशिष्ट अतिथि डॉ. स्मिता श्रीवास्तव व कार्यक्रम अध्यक्ष संस्कार भारती के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश मिश्र ने कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के चित्र पर माल्यापर्ण व दीप प्रज्वलित कर किया।

संस्कार भारती के संस्थापक पद्मश्री योगेंद्र 'बाबा' की प्रथम पुण्यतिथि पर उनको सभी ने पुष्पांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम का प्रारंभ संस्कार भारती ध्येय गीत से हुआ इसके पश्चात बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी का उद्घाटन कार्यक्रम अध्यक्ष द्वारा किया गया और उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा चित्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। चित्रकला प्रशिक्षक नवीन विश्वकर्मा ने सम सामयिक विषयों पर बच्चों द्वारा चित्रांकन कराया गया। सभी ने बच्चों के प्रयास की भूरि भूरि प्रसंशा की। कथक प्रशिक्षण प्राप्त छोटे बच्चों द्वारा गणेश वंदना, तत्कार, हस्तक, तोड़ा टुकड़े व कृष्णा वंदना की प्रस्तुतियां की गयी। वरिष्ठ वर्ग की बालिकाओं ने कथक नृत्य की विभिन्न विधा का प्रदर्शन किया जिसमें दुर्गा स्तुति, हस्तक आमद, चक्करदार तोड़ा, तिहाई की प्रस्तुति दी गई। इतने कम समय में बच्चो की मनोहारी प्रस्तुति देखकर सभी लोग आनंदित हो उठे। वादक कलाकार शिवाजी द्वारा 'तेरी मंद मंद मुस्कानिया' व 'छाप तिलक सब छीनी रे मोसे नयना मिला के' गाकर दर्शकों को मुग्ध कर दिया। अनुराधा भाटिया द्वारा शिव वंदना व बच्चों द्वारा 'फेरों न नजर से नजरिया' गीत पर सुन्दर कथक नृत्य की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम के अंत में ब्रज की होरी कथक गुरु रोमा अधिकारी व बच्चों ने प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में दोनों कला गुरु रोमा अधिकारी व नवीन विश्वकर्मा को कार्यक्रम अध्यक्ष ने अंगवस्त्रम, पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। संस्थाध्यक्ष व महामंत्री ने कार्यक्रम अध्यक्ष अवधेश मिश्रा, मुख्यातिथि कमलेश मौर्य 'मृदु' व विशिष्ट अतिथि डॉ. स्मिता श्रीवास्तव को अंगवस्त्रम, पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्कार भारती द्वारा संस्कार क्षम कार्यक्रमों का आयोजन होने से नई पीढ़ी अपनी संस्कृति से भली भांति परिचित हो सकेगी। कार्यशाला के माध्यम से बच्चों की अंतर्निहित प्रतिभाओं में निखार आता है। आभार ज्ञापन अमित गुप्त ने किया। कार्यक्रम का समापन वंदेमातरम गीत के साथ हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. विष्णु कुमार गौड़ ने किया। कार्यक्रम में संस्था के प्रांतीय महामंत्री सुजीत, संरक्षक रविन्द्रनाथ, विभाग संयोजक कमलेश, अमित श्रीवास्तव, अध्यक्ष डॉ. ज्योतिदास, महामंत्री अमित गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजकमल, डॉ. रामसूरत मौर्य, डॉ. रजनीश श्रीवास्तव, डा. मनमोहन, डॉ. शैली मोहन निगम, डॉ. प्रियंका चौहान, श्याम मोहन अग्रवाल व अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष अस्थाना, मधुलिका अस्थाना, ज्योति श्रीवास्तव, राजेश किशोर, बालकृष्ण, अरुण केसरी, अवधेश श्रीवास्तव, शिव नारायण, सुप्रतीक, आकाश सेठ, आशीष जायसवाल, आशीष साहू, प्रेम प्रकाश मिश्र का विशेष योगदान रहा।

# राज्यमंत्री ने ग्राम सचिवालय का किया लोकार्पण



पंचायत भवन के शिलापट का अनावरण कर लोकार्पण करते राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव

**सिकरारा।** प्रदेश के राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने रविवार को खानापट्टी गांव में बने नवनिर्मित ग्राम सचिवालय (पंचायत भवन) का लोकार्पण विधिवत पूजन-अर्चन करने के बाद फीता काटकर व भवन के मुख्य द्वार पर लगे शिलापट्ट का अनावरण करके किया।

बतौर मुख्य अतिथि अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि गांधीजी के ग्राम स्वराज की स्थापना की मांग करते थे। उनके सपनों को साकार करने का काम डबल इंजन की सरकार कर रही है। खानापट्टी गांव में बना यह भव्य व शानदार सचिवालय उसी का एक नमूना है। कहा कि डबल इंजन की सरकार विकास कार्यो के माध्यम से प्रत्येक नागरिक के जीवन में परिवर्तन लाने की दिशा में कार्य कर रही है। ग्राम सचिवालय बन जाने से अब ग्रामीणों को ब्लाक व तहसीलों का चक्कर नहीं कटाना पड़ेगा। अब एक छत के नीचे उन्हें सारी सुविधाएं मिलेगी। राज्यमंत्री ने गांव में अमृत सरोवर के निर्माण व सुंदरीकरण तथा खेल मैदान विकसित कराने के लिए खंड विकास अधिकारी शरद कुमार श्रीवास्तव व मंच पर मौजूद ब्लाक प्रमुख संजय सिंह के बड़े भाई धीरू सिंह से जानकारी लेकर निर्माण कार्य अविलंब करने की बात कही। उन्होंने गाँव में खेलों के विकास के लिए युवक मंगल दल के गठन व खेल किट उपलब्ध कराने की बात कही। विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता ओमप्रकाश सिंह ने प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा के छः साल की उपलब्धियों की विस्तार से चर्चा की। ग्राम प्रधान किरन सिंह व उनके पति व समाजसेवी विनय सिंह ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता दिनेश सिंह बब्बू, मंडल अध्यक्ष अजय मिश्र, विजय बहादुर सिंह, गुलाल सिंह, शोभनाथ सिंह, अवधेश सिंह, अरबिंद सिंह, बेद प्रकाश सिंह, जय प्रकाश सिंह, रवींद्र प्रताप सिंह, अजीत सिंह, अवधेश निषाद, लालजी शर्मा, आंनद सिंह, शिवानंद सिंह, शैलेंद्र सिंह, अरुण यादव, विवेकानंद यादव, शरद श्रीवास्तव, ब्रह्मजीत सिंह, सुशील सिंह, सूर्य प्रताप सिंह आदि प्रमुख रहे। प्रधान की पुत्री रूपा सिंह ने गांव की सभ्यता संस्कृति व सुंदरता पर मनोहारी गीत प्रस्तुत किया जिसे लोगो ने खूब सराहा। अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक यदुनाथ सिंह व संचालन शरद सिंह ने किया। सचिव प्रदीप शंकर श्रीवास्तव ने ज्ञापित किया।

## संक्षेप

### सपा की समीक्षा बैठक आज

**जौनपुर।** शाहगंज विधानसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी के जोन प्रभारियों एवं सेक्टर प्रभारियों की समीक्षा बैठक उसरहटा में सोमवार को सुबह 10 बजे आयोजित की गयी है जिसके मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विधायक लालजी वर्मा मौजूद रहेंगे। यह जानकारी निवर्तमान प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

### साइकिल सवार को बचाने में बाइक सवार दम्पति सहित तीन घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत सुरिस गांव में साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के बगल गड्ढे में गिरकर पति-पत्नी और पुत्र घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। सरपतहां थाना क्षेत्र के जहरुद्दीनपुर गांव निवासी 34 वर्षीय चुन्नूलाल पुत्र द्वारिका प्रसाद अपनी पत्नी 30 वर्षीय कुमुद व 12 वर्षीय पुत्र अहब को बाइक पर बैठाकर रिश्तेदारी से शनिवार की शाम घर जा रहे थे। जैसे ही सुल्तानपुर रोड स्थित सुरिस मोड़ के समीप पहुंचे ही थे कि सामने से रोड पार कर रहे साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में बाइक खड्डे में चले जाने से तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान हालत गंभीर देखकर पति-पत्नी को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

### महिला की तहरीर पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

**सुइथाकला।** क्षेत्र के कटघर गांव निवासिनी एक महिला की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बताया जाता है कि उक्त गांव में ट्रैक्टर से मिट्टी ले जाने का काम किया जा रहा था, उसी दौरान गांव निवासिनी किरन वर्मा पत्नी शिवमोहन वर्मा की बाउण्ड्री ट्रैक्टर ट्राली से क्षतिग्रस्त हो गई। आरोप है कि रविवार को कहासुनी के दौरान उक्त महिला के साथ लोगों ने मारपीट कर लिया जिसमें वह घायल हो उठी। मामले में महिला को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा गया जहां उसके बाएं हाथ में फैक्चर होने का अंदेशा होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मामले में थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

# छप्पर बनाने और उठाने की परम्परा गांव में हो रही खत्म



अजीम सिद्दीकी

**खेतासराय।** आवश्यकता अविष्कार की जननी होती है। कुछ दशक पूर्व संसाधनों और आय के स्त्रोत कम थे तो ग्रामीण इलाकों में मनुष्यों और जानवरों के रहने के लिए मड़ई, मड़हा आदि की व्यवस्था की जाती थी। गांव में कच्चे मकान होते थे। मनुष्य द्वारा बैठने के लिए मड़ई, मड़हा या छप्पर का उपयोग किया जाता था जिसमें गांव की राजनीति के अलावा अन्य मुद्दों पर चर्चा होती थी। उस समय कुछ लोग देश की वर्तमान स्थिति पर भी टिप्पणी करते थे।

समय बदला तो गाँवों में घर बन गए और मनुष्यों के अलावा जानवरों के लिए पक्की गौशाला बन गए। छप्पर बनाने की परम्परा अब गायब होती जा रही है। छप्पर अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग प्रकार से बनाया जाता है। क्षेत्र में आमतौर पर एक पलिया, दो पलिया छप्पर बनाया जाता था। छप्पर बनाने वाले कारीगर गाँव में आसानी से मिल जाते थे जिनका दिहाड़ी आम मजदूरों से अधिक होता था। छप्पर बनाने और रखने का काम गर्मियों में किया जाता है। खुली और बड़े जगहों में दो पलिया छप्पर लगाना आसान होता था जो दोनों ओर से

**बदलता समय**

### प्रेम और भाईचारे की मिठास भी होती जा रही विलुप्त

खुला रहता था। बीस से पच्चीस फुट लम्बी और बारह से पन्द्रह फुट चौड़ी छप्पर आसानी से रख दी जाती थी। छप्पर बनाने के लिए बाँस, अरहर की सिरसौटा, गन्ने की पत्ती आदि की आवश्यकता होती थी। छप्पर तैयार करने के लिए सबसे पहले बांस की लंबाई नापकर काटी जाती थी। गन्ने के पत्ते पर पानी छिड़का जाता था और सिरसौटे को पास की पोखरी या अन्य जगह पानी में दस से बारह घण्टा भिगोया जाता था। सभी सामग्री को मिलाकर बांस को लंबाई और चौड़ाई के हिसाब से काटा जाता था और बांस को जमीन में गाड़ दिया जाता था। लंबाई और चौड़ाई के बांसों को अरहर के डंठलों में मजबूती से बांध दिया जाता था। पहले से तैयार बाँस की पट्टियों को गन्ने की पत्ती के ऊपर रखकर उसे लम्बाई और चौड़ाई दोनों तरफ से जोड़कर बाँध दिया जाता था। दोनों तरफ से एक साथ रखने के लिए दो बांसों को आपस में बांधा जाता था, जिसे कंइचा कहा जाता था। कहीं-कहीं दोनों ओर ईंटों की दीवार बनाकर उसके ऊपर एक बांस या सफेदा की बल्ली को रख दी जाती थी और उसे आवश्यकतानुसार रस्सी से बांध दिया जाता है, जो आसानी से हवा और तूफान का सामना कर सके। इसी तरह, एक पलिया छप्पर को दीवार के सहारे रखा जाता है। मिट्टी या ईंट की दीवार और छप्पर के बांस को दीवार पर लगाया जाता था जिसे रस्सी से कसकर बांधा जाता था और बांस या लकड़ी के खंभे के रूप में इस्तेमाल किया जाता था।

छप्पर तैयार होने के बाद छप्पर रखना महत्वपूर्ण था। खेती-किसानी से खलिहर लोग आसानी से अपने घरों में मिल जाते थे। छप्पर तैयार होने के बाद गांव के आस-पास के लोग भी इकट्ठे हो जाते थे। दर्जनों लोग छप्पर को मिलकर उठाते थे तो इसी बीच कुछ शरारती लोग छप्पर को पकड़ कर लटक भी जाते थे जिससे छप्पर वजन होने से एक साथ जोर लगाने के लिए आवाज के माध्यम से जोश भरते थे और इस तरह लोग हँसी-हँसी के बीच आसानी से उठाकर छप्पर को रख देते थे। छप्पर उठाने वाले लोगों को गुड़ या भेली व मिठाई खिलाए बिना वापिस नहीं जाने दिया जाता था और लोग खाकर खुश हो जाते थे। मड़हा, मड़ई व छप्पर बनाने वाले दिन हर्ष का माहौल नजर आता था। भीषण गर्मी में छप्पर में आग लग जाने की ज्यादातर घटनाएं होती रहती थीं। खासकर मिट्टी के घरों में आग लग जाती थी। आम बात यह है कि गांव के लोग हैंडपंप, पानी और अन्य साधनों से आग बुझाते थे।

गर्मी के मौसम में कभी-कभी हवा के झोंकों से छप्पर उड़ जाते थे। कुछ लोग जरूरतमंद लोगों को बांस, अरहर के डंठल, गन्ने के पत्ते आदि देकर उनकी मदद करते थे। छप्पर बनाने से लेकर रखने तक राजनीतिक व अन्य सार्वजनिक मुद्दों और दुखों के बारे में चर्चा और बहस करते थे। कुछ दशक पहले तक लोग खेती-किसानी पर निर्भर थे। खेती को जानवरों से बचाने के लिए खेतों में मचान भी बनाते थे। लेकिन वर्तमान समय में स्थानीय क्षेत्र में छप्पर और मचान बनाने की प्रथा समाप्त होती जा रही है। छप्पर की जगह सीमेंट की करकट व टीनशेड ने ले ली है, छप्पर बनाने के कारीगर भी मिलना अब मुश्किल हो गया है। गांव का माहौल शहरीकरण होता जा रहा है। आधुनिकता के इस चकाचौंध में शहरों में व्यवसाय के रूप भले ही मड़ई, मड़हा व छप्पर बनाएं जा रहे हो लेकिन गाँव में मड़हा, मड़ई व छप्पर बनाने और उठाने की परम्परा समाप्त होती जा रही है। जिससे आपसी प्रेम और भाईचारे की मिठास भी कम होने लगी है।

# तीन के विरुद्ध हुई गैंगस्टर की कार्रवाई

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक विनय मिश्र ने धारा 302, 394, 201, 411, 414 भादंवि व 3/25, 4/25 आर्म्स भादंवि थाना नेवढ़िया से सम्बन्धित इमरान अहमद पुत्र मुख्तार अहमद निवासी ताड़ी बाजार बाबतपुर थाना फूलपुर जनपद वाराणसी, साहिल अहमद पुत्र सत्तार अहमद निवासी ताड़ी बाजार बाबतपुर थाना फूलपुर वाराणसी एवं साबिर अली उर्फ कैफी पुत्र मोहम्मद अली निवासी सरजू साव के मकान में किराया पर गोला घाट तिरपुलिया गेट रामनगर थाना रामनगर जनपद वाराणसी के विरूद्ध गैंगेस्टर की कार्यवाही की गयी।

पुलिस के अनुसार उपरोक्त तीनों अपने गैंग के सदस्यों के आर्थिक, भौतिक व बुनियादी लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से या अकेले या सामूहिक रुप से अवैध असलहा व चाकू से हत्या कर लूटपाट करना जैसे जघन्य अपराध कारित करने के अपराध में संलिप्त हैं तथा अन्य प्रकार से समाज विरोधी क्रिया कलाप में सक्रिय हैं। इस गैंग के लीडर व सदस्य भादंवि के अध्याय 16, 17 व 22 में वर्णित अपराध कारित करने के अभ्यस्त अपराधी हैं। इस गिरोह की सक्रियता अन्तर्जनपदीय है जिनका थाना स्थानीय क्षेत्र में विभिन्न अपराध है। इनका आम जनमानस में भय एवं आतंक हैं। इनके भय व आतंक से इनके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराने या साक्ष्य देने का साहस कोई नहीं करता है। उपरोक्त के क्रिया-कलापों को गम्भीरता से लेते हुये पुलिस ने गैंगेस्टर की कार्यवाही की। कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विनय मिश्र के अलावा हे.का. जय प्रकाश सिंह, राजेश राय एवं जय प्रकाश यादव मौजूद रहे।

### बातचीत का ऑडियो हुआ वायरल

**जौनपुर।** मंगलवार को देर रात महेश अपने एक दोस्त के मोबाइल फोन पर बातचीत करते हुए अपने चाचा द्वारा पेट में चाकू मार देने की बात करते हुए थाने पर बुलाने की बात कर रहा है। ऑडियो मोबाइल में रिकॉर्ड हो गया। लोगों के बीच वायरल हो रहा है। घटना के तीन दिन बीतने व महेश की मौत हो जाने के बाद पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया।

# एक दिवसीय अभियान के दौरान 42 वारंटी गिरफ्तार, 26 व्यक्ति पाबंद

जनसंदेश न्यूज

**सफलता**

### क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में टीमें गठित कर की गयी कार्यवाही

**भदोही।** जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के दृष्टिगत डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन व राजेश भारती, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में समस्त थानों पर टीमें गठित कर वांछित, वारंटी, जिलाबदर, पुरस्कार घोषित, मफरूर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे निर्देश के क्रम में शनिवार की रात्रि एकदिवसीय अभियान के दौरान जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्र गठित पुलिस टीमों द्वारा कुल 42 वारंटी, 1 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है। साथ ही शांति भंग की सम्भावना के दृष्टिगत 26 व्यक्तियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की गई है।

थाना ज्ञानपुर क्षेत्र अन्तर्गत प्र.नि. अश्वनी कुमार त्रिपाठी द्वारा लखनो से 2 वारण्टी, उ.नि. वीरेंद्र नाथ यादव द्वारा 3 वारंटी, उ.नि. श्यामजीत यादव द्वारा पनईपुर से 1 वारंटी, उ.नि. बृजेश कुमार राय द्वारा कुंवरगंज से 1 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया गया।

उ.नि. वीरेंद्र नाथ यादव द्वारा भिदिउरा से 4 नफर, पीपरगांव से 3 नफर तथा उ.नि. खालिद खान द्वारा पीपलगांव से 3 नफर अभियुक्तों व्यक्तियों को शान्ति भंग की सम्भावना में चालान न्यायालय किया गया।

उ.नि. मनोज मनोज कुमार राय द्वारा सोनखरी से 4 नफर, पूरेरजई से 3 नफर, गेराई से 2 नफर तथा उ.नि. सरफराज अहमद द्वारा चेरापुर से 1 नफर अभियुक्त को शान्ति भंग की सम्भावना में चालान न्यायालय किया गया। थाना कोईरौना क्षेत्र अन्तर्गत उ.नि. शिवनाथ सिंह द्वारा भटगवां से 2 वारंटी व डीघ से 3 वारण्टी, उ.नि. भैयालाल द्वारा 5 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया गया।

## संक्षेप

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में प्रायोगिक परीक्षा आज से

**भदोही।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय भदोही के बीए प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर भूगोल और भौतिकी विज्ञान विषय के प्रयोगात्मक परीक्षा 12 जून को सुबह 10:00 बजे से संपन्न होगी। छात्र-छात्राएं यूनिफॉर्म में प्रैक्टिकल फाइल तथा सामग्री लेकर उपस्थित होंगे। बीएससी तृतीय वर्ष जंतु विज्ञान विभाग विषय की प्रायोगिक परीक्षा भी सम्पन्न होगी। उक्त सूचना देते हुए डॉ. रुस्तम अली ने बताया कि बीएससी द्वितीय वर्ष तृतीय सेमेस्टर की जंतु विज्ञान विषय की प्रायोगिक परीक्षा 18 जून और बीएससी प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 19 जून को संपन्न होगी। सभी छात्र प्रवेश पत्र के साथ परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा छूटने या अनुपस्थित रहने की दशा में छात्र स्वयं जिम्मेदार होगा। अधिक जानकारी के लिए छात्र विभाग प्रभारी से संपर्क करें।

### एशियन चैंपियनशिप में भदोही से एक दर्जन बच्चों का चयन



एशियन चैंपियनशिप में भदोही से चयनित बच्चे अपना नियुक्ति पत्र दिखाते हुए साथ मे अन्य उपस्थित लोग

**भदोही।** नगर के स्थानीय एकेडमी पर आयोजित कार्यक्रम में रविवार को चयनित बारह बच्चों को नियुक्ति पत्र मानव एकेडमी के चेयरमैन डीएम सिंह गहरवार और स्थानीय चौकी इंचार्ज प्रमोद राय ने देकर बच्चों को प्रोत्साहित कर उन्हें शुभकामनाएँ दिया। भारतीय टीम के कप्तान आदर्श शुक्ला को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर युवा नेता डीएम सिंह गहरवार ने कहा कि यह बहुत ही गौरव का पल है कि भदोही के एक दर्जन बच्चे नेपाल में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर चयनित बच्चों में श्रृष्टी दुबे, प्रिंस यादव, श्रीजन दुबे, अंशिका, विराट खत्री आदि को नियुक्ति पत्र दिया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय विद्यालय के प्रवक्ता पंकज गुप्ता सहित पूर्व सभासद दानिश सिद्दीकी आदि बहुत से लोग उपस्थित रहे।

### बाइक के धक्के से तीन युवक गंभीर रूप से घायल

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के सरई पठखानी में रविवार को खेत में पानी भरने को किनारे बैठे तीन युवकों को अनियंत्रित बाईक सवार ने धक्का मार दिया। जिसके कारण तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। दो का इलाज निजी नर्सिंग होम में कराया जा रहा है। एक को बीएचयू ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कोतवाली क्षेत्र के सरई पठखानी में खेत में पानी भरने को किनारे बैठे तीन युवकों को अनियंत्रित बाईक सवार जो उसी ग्राम का निवासी है ने धक्का मार दिया। जिसके कारण तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में जितेंद्र पाठक पुत्र शिवबालक पाठक, उमेश उर्फ हर्ष पाठक पुत्र जितेंद्र पाठक, सविनय पाठक पुत्र राम जी पाठक गंभीर रूप से घायल हुए। दो का इलाज स्थानीय निजी नर्सिंग होम में कराया जा रहा है। वही एक की हालत नाजुक होने पर बीचयू ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर करा दिया गया। स्थानीय पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

### जनसंख्या असंतुलन देश के लिए खतरा: रविंद्र गुर्जर



जनसंख्या असुंतलन पर चर्चा करते जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रवींद्र गुर्जर

**भदोही।** देश के संसाधन सीमित है देश के अंदर बढ़ रही जनसंख्या का लगातार असंतुलन आने वाले भविष्य के लिए खतरा है। इसके लिए देश के सभी वर्ग के लोगों को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है तथा जनसंख्या नियंत्रण संबंधी कानून भी सरकार को बनाने की आवश्यकता है। उक्त बातें जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रवींद्र गुर्जर ने अपने प्रवास के दौरान भदोही नगर स्थित मर्यादपट्टी ओम सिंह के आवास पर कहीं। इन दिनों श्री गुर्जर काशी प्रांत के 11 जिलों के प्रवास पर हैं। उनके साथ जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के पदाधिकारी अंकुश गुर्जर एवं ब्रह्म सिंह भी प्रवास पर है। सरकार जनसंख्या असंतुलन को रोकने के लिए प्रभावी कानून लाए इसके लिए 11 जुलाई को संपूर्ण देश के 750 जिलों में एक साथ जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी के द्वारा भारत के प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया जाएगा। इस अवसर पर भदोही नगर के अनेक व्यापारी और प्रबुद्ध नागरिक गण उपस्थित रहे तथा अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र गुर्जर ने नगर के व्यापारी नेता व समाजसेवी विनीत बरनवाल को जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी सौंपी। विनीत बरनवाल के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाकर ज्ञापन के साथ पत्रक भी जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। कार्यक्रम का संचालन तरुण कुमार शुक्ल ने किया।

# 12 केंद्रों पर 5500 अभ्यर्थी देंगे बीएड की प्रवेश परीक्षा

## भदोही में परीक्षा के दौरान सुरक्षा के रहेंगे कड़े बंदोबस्त



### इन केंद्रों पर होगी परीक्षा

जिले के काशी नरेश राजकीय महाविद्यालय, विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज, जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय, सेवा सदन इंटर कॉलेज, इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज, एम ए समद इंटर कॉलेज, भदोही गर्ल्स इंटर कॉलेज, केशव प्रसाद राजकीय महिला महाविद्यालय, श्री काशीराज महाविद्यालय इंटर कॉलेज में बीएड परीक्षा संपन्न होगी। इन सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए जाएंगे। जिसको लेकर जरूरी दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** जिले में 15 जून को 12 केंद्रों पर बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। 3 सेक्टर और 12 स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी बीएड परीक्षा के मद्देनजर लगाई गई है। बताया जाता है कि 5500 अभ्यर्थी बीएड प्रवेश परीक्षा में शामिल होंगे। वहीं परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के भी कड़े बंदोबस्त किए जाएंगे।

15 जून को बीएड प्रवेश परीक्षा दो पालियों में संपन्न कराई जाएगी। 12 केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट के अलावा तीनों तहसील में 3 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात होंगे।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि परीक्षा में 5500 अभ्यर्थी शामिल होंगे। हर केंद्र की निगरानी के लिए केंद्र प्रतिनिधि तैनात होंगे।

चेकिंग के बाद परीक्षा केंद्रों में अभ्यर्थियों को जाने की अनुमति दी जाएगी। वहीं 200 मीटर की परिधि में फोटोग्राफी प्रतिबंधित रहेगी। साथ ही केंद्रों के आसपास 200 मीटर की परिधि में फोटोस्टेट की दुकानों को भी बंद रखा जाएगा।

### वनस्पति विज्ञान व जंतु विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा 12 एवं 13 जून को

**भदोही।** केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई भदोही में में अध्ययनरत बी.एस-सी प्रथम सेमेस्टर बी.एस-सी तृतीय सेमेस्टर एवं बी.एस-सी तृतीय वर्ष की सभी छात्राओं की वनस्पति विज्ञान प्रायोगिक परीक्षा 12 जून को समय 10 बजे से निर्धारित समय एवं बैच के अनुसार वनस्पति विज्ञान विभाग में संपन्न होगी। उक्त जानकारी वनस्पति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर अनुज कुमार सिंह ने बताया कि महाविद्यालय की सभी संबंधित छात्राएं समय से प्रतिभाग करें।

वहीं जन्तु विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मी यादव ने बताया कि जंतु विज्ञान प्रायोगिक परीक्षा बी.एस-सी तृतीय वर्ष की 12 जून समय 12:30 बजे से एवं बी.एस-सी प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर की दिनांक 13 जून को समयानुसार संपन्न होगी, अतः सभी छात्राएं अपने प्रवेश पत्र फाइल हरबेरियम चार्ट रिकॉर्ड एवं प्रोजेक्ट के साथ महाविद्यालय में सम्बन्धित विभाग में अपने निर्धारित बैच एवं समयानुसार अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।अनुपस्थिति की दशा में एवं उनकी पुनः प्रायोगिक परीक्षा संभव नहीं होगी।

# स्वास्थ्य केंद्र पर रात्रि प्रवास न करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों का सीएमओ ने रोका वेतन



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेमराध का औचक निरीक्षण करते सीएमओ डॉ.सन्तोष कुमार चक

जनसंदेश न्यूज

**ज्ञानपुर।** मुख्यमंत्री आरोग्य मेला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेमराध का रविवार को डॉ.सन्तोष कुमार चक ने औचक निरीक्षण किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निरीक्षण के दौरान 22 मरीजों को देखा गया। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। तत्पश्चात प्रसव कक्ष का निरीक्षण किया गया। प्रसव कक्ष में पर्दे नहीं लगाए गए थे, जिसे चिकित्सा अधीक्षक को पर्दे लगवाने हेतु तत्काल निर्देशित किया। निरीक्षण में यह भी प्रकरण सामने आया कि मुख्यालय पर सरिता सिंह एएनएम को छोड़कर बाकी कर्मचारी निवास नहीं करते हैं बाकी कर्मचारियों को निवास करने हेतु निर्देशित किया गया। सीएमओ ने कहा कि जब तक अधिकारी और कर्मचारी निवास नहीं करते हैं तब तक उनका जून माह का वेतन अग्रिम आदेशों तक बाधित किया जाता है। बाउंड्री वाल एवं वार्ड के खिड़की के शीशे टूटे थे जिसे विभागीय अवर अभियंता को निर्देशित किया गया कि तत्काल उक्त के संबंध में कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

# अपने बच्चों को तालीम से सरफराज करो जिंदगी संवरती हुई नजर आएगी: मौलाना फैसल

जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

### अता का ऐसा समंदर कहां से लाओगे, मेरे नबी सा पयम्बर कहां से लाओगे: नेहाल हबीबी

### जश्ने पैगामे मुस्तफा कांफ्रेंस सम्पन्न

**भदोही।** मोहल्ला नई बस्ती मर्यादपट्टी में तंजीम इस्लाहुल मुस्लेमीन की जानिब से बीती रात जश्ने पैगामे मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम आयोजित किया गया। जल्से का आगाज कुरआन शरीफ की तिलावत से हाफिज व कारी शेर अली ने किया। उसके बाद शायर नेहाल हबीबी ने पढ़ा, अता का ऐसा समंदर कहां से लाओगे। मेरे नबी सा पयम्बर कहां से लाओगे पढा तो मचल गए। इसके बाद शायर अकरम झिंगुरपुरी, सैयारे कमर, शायर शोएब रजा ने एक से बढ़ कर एक नाते नबी का नजराना पेश किया।



जश्ने पैगामे मुस्तफा कांफ्रेंस में तकरीर करते मौलाना फैसल



जश्ने पैगामे मुस्तफा कांफ्रेंस में तकरीर सुनते लोग

जल्से में तकरीर करते हुए हजरत अल्लामा व मौलाना तबरेज आलम बैरेलवी ने कहा अपने बच्चों की मुस्तकबिल को संवारो इल्म की दौलत से। कहा जिंदगी मे हर परेशानियों को सह कर अपने बच्चों को इल्म की रौशनी से सजा दो। हजरत अल्लामा व मौलाना सैयद आदिल मियां मध्य प्रदेश ने कहा कि बच्चों की पहली दर्सगाह मां होती है। अपने बच्चों को दीनी व दुनियावी तालीम से सरफराज करो जिंदगी संवरती हुई नजर आएगी। मौलाना महफूज आलम, मौलाना अनवर, हाफिज रेहान, हाफिज नायाब, हाफिज शहजाद, हाफिज असलम, जल्से की सरपरस्ती रियाज अहमद व सदारत मौलाना फैसल अशरफी ने की। जेरे कयादत उस्तादुल हुफ़्फ़ाज हाजी परवेज उर्फ अच्छे मियां व जेरे इनायत गुलाम रब्बानी मिस्बाही ने की। जल्से की नेकाबत नकीबे हिंदुस्तान हाफिजो कारी आबिद हुसैन ने की। जलसे को सम्पन्न कराने में रियाज अहमद, मो नईम, अली हसन, अब्दुल हसन, अजमत अली, मो राशिद, इरशाद आलम, असफाक अहमद, गनी खान, वकील अहमद, मो. अली आदि लोग लगे रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए प्रवीण कुमार कुशवाहा, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
प्रधान सम्पादक - सुभाष राय
स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. UPHIN/2012/46221
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।




# ₹8000 करोड़ से अधिक के निवेश से 10 राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण

**प्रतापगढ़–सुल्तानपुर खण्ड का 4 लेन सड़क का निर्माण**
(NH-330, कुल लम्बाई–43 किमी, कुल लागत ₹1290 करोड़)

**चिलबिला–लोहिया नगर खण्ड का 2 लेन पेव्डशोल्डर सड़क का निर्माण**
(NH-931, लम्बाई–21 किमी, लागत ₹333 करोड़)

**प्रतापगढ़ शहर में भुपियामऊ–गोड़े खण्ड का 4 लेन सीसी रोड का निर्माण**
(NH-330, कुल लम्बाई–11 किमी, कुल लागत ₹325 करोड़)

**प्रतापगढ़ के NH-31 से NH-330 तक 2 लेन पेव्डशोल्डर बाईपास (एक्सटेंशन) का निर्माण**
(कुल लम्बाई–6 किमी, कुल लागत ₹225 करोड़)

**प्रतापगढ़ जनपद में स्ट्रीट लाईट, हाईमास्ट लाईट एवं बस शेल्टर का निर्माण**
(लागत ₹27 करोड़)

**दोपहर 12:00 बजे, सुखपाल नगर तिराहा, प्रतापगढ़**

**नवलपुर–सिकन्दरपुर खण्ड का 2/4 लेन पेव्डशोल्डर सड़क का निर्माण**
(NH-727B, कुल लम्बाई–45 किमी, कुल लागत ₹2060 करोड़)

**4 लेन देवरिया बाईपास का निर्माण (कार्य शुभारम्भ)**
(NH-727A, कुल लम्बाई–22 किमी, कुल लागत ₹1735 करोड़)

**4 लेन सलेमपुर बाईपास का निर्माण**
(NH-727A एवं NH-727B, कुल लम्बाई–15 किमी, कुल लागत ₹1348 करोड़)

**तमकुहीराज–बिहार बॉर्डर–मझौली खण्ड का 2 लेन पेव्डशोल्डर सड़क का निर्माण**
(NH-727B, कुल लम्बाई–25 किमी, कुल लागत ₹700 करोड़)

**सलेमपुर–मैरवा खण्ड का 2 लेन पेव्डशोल्डर सड़क का निर्माण**
(NH-727A, कुल लम्बाई–21 किमी, कुल लागत ₹372 करोड़)

**दोपहर 03:00 बजे, मिल एरिया मेला ग्राउण्ड, देवरिया**

## परियोजनाओं के लाभ

प्रतापगढ़–मुसाफिरखाना खण्ड के निर्माण से सीमेन्ट प्लांट, गैस प्लांट, बॉटलिंग प्लांट तथा डेयरी मिल्क फैक्ट्री इत्यादि उद्योगों को विकास में गति।

नवलपुर–सिकन्दरपुर खण्ड के निर्माण से गोरखपुर से बलिया जनपद के मध्य बेहतर कनेक्टिविटी।

प्रतापगढ़ एवं देवरिया बाईपास के पूर्ण होने से शहरों को जाम से निजात तथा स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा।

प्रतापगढ़–सुल्तानपुर खण्ड के निर्माण से प्रयागराज, अयोध्या तथा मां बेलहा देवी जैसे धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं को यातायात में सुगमता।

तमकुहीराज–बिहार बॉर्डर–मझौली खण्ड के निर्माण से अंतर्राज्यीय कनेक्टिविटी में सुधार होगा तथा कृषि उपज की मण्डियों तक पहुंच आसान होगी।

सलेमपुर से मैरवा खण्ड के निर्माण से अन्तर्राज्यीय कनेक्टिविटी।

उ.प्र. में निवेश को प्रोत्साहन एवं नये रोज़गार के अवसरों का सृजन, समय एवं ईंधन की बचत तथा प्रदूषण में कमी।

## शिलान्यास

**नितिन गडकरी**
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार
के कर–कमलों द्वारा

एवं

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
की अध्यक्षता में

**दिनांक: 12 जून, 2023**

गरिमामयी उपस्थिति

**स्मृति जूबिन इरानी** – महिला एवं बाल विकास एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री, भारत सरकार | **जनरल (डॉ.) वी.के. सिंह (सेवानिवृत्त)** – सड़क परिवहन एवं राजमार्ग एवं नागरिक विमानन राज्यमंत्री, भारत सरकार | **सूर्य प्रताप शाही** – कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री, उत्तर प्रदेश | **विजय लक्ष्मी गौतम** – ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास तथा ग्रामीण अभियंत्रण राज्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**रमापति राम त्रिपाठी** – सांसद (लोकसभा) | **मेनका संजय गांधी** – सांसद (लोकसभा) | **संगम लाल गुप्ता** – सांसद (लोकसभा) | **रविन्दर कुशवाहा** – सांसद (लोकसभा) | **विजय कुमार दूबे** – सांसद (लोकसभा) | **संगीता यादव** – सांसद (राज्यसभा)

माननीय विधानसभा व विधान परिषद सदस्यगण

शलभ मणि त्रिपाठी । डॉ0 असीम कुमार । सभाकुंवर । राजेंद्र कुमार मौर्य । दीपक कुमार मिश्र 'शाका' । सुरेन्द्र चौरसिया । विनोद सिंह । देवेन्द्र प्रताप सिंह । शैलेन्द्र प्रताप सिंह
इंजी0 अवनीश कुमार सिंह । उमेश द्विवेदी । रविशंकर सिंह (पप्पू भैया) । डा0 रतन पाल सिंह । हंसुराम । जियाउद्दीन रिजवी । ध्रुव कुमार त्रिपाठी । राम सिंह । महाराजी प्रजापति । अक्षय प्रताप सिंह

FOR LIVE STREAMING :
www.facebook.com/nitingadkary
https://twitter.com/nitin_gadkari
www.youtube.com/c/NitinGadkariOfficial

FASTag
- लगभग 40 करोड़ घंटे प्रतिवर्ष के अमूल्य समय की बचत • लगभग 35 करोड़ लीटर प्रतिवर्ष ईंधन की बचत
- लगभग 10 लाख टन कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में कमी से पर्यावरण संरक्षण

इसलिए FASTag अपनाएं... और देशहित में अपना योगदान दें...

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

CBC 37107/15/0007/2324